www.epaper.azadsipahi.in

30 जुलाई, 2025
श्रावण, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 280

संसद में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा, पक्ष-विपक्ष में तकरार













## सदन में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा का प्रधानमंत्री ने दिया जवाब

# दुनिया के किसी नेता ने जंग नहीं रुकवायी: मोदी

- कांग्रेस पर किया जमकर हमला, पुराने घटनाक्रमों को गिनाया

आजाद सिपाही संवाददाता


**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया में किसी भी देश ने भारत को अपनी सुरक्षा में कार्रवाई करने से रोका नहीं है। यूएन के 193 देशों में सिर्फ 3 देशों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के समर्थन में बयान दिया। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का नाम लिये बिना कहा कि दुनिया के किसी भी नेता ने भारत से पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन रोकने नहीं कहा था। पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ से हमला रोकने की गुहार लगायी थी, क्योंकि वह हमारा हमला नहीं झेल पा रहा था। उन्होंने पाकिस्तान पर हमले के पांच पक्ष गिनाये। सोमवार से लेकर मंगलवार तक ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में 16 घंटे से ज्यादा बहस चली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदन में इस मुद्दे पर सदस्यों द्वारा उठाये गये सवालों का जवाब दिया। मोदी ने कहा कि मैंने शुरुआत में आग्रह किया था कि दलहित में हमारे मत मिले न मिले, देशहित में हमारे मन जरूर मिलने चाहिए।

**मेरी अमेरिका के उपराष्ट्रपति से बात हुई:** पीएम ने कहा कि 9 मई की रात अमेरिका के उप राष्ट्रपति ने मुझसे बात करने का प्रयास किया। वह घंटे भर कोशिश कर रहे थे। मेरी सेना के साथ मीटिंग चल रही थी। बाद में मैंने उप राष्ट्रपति को फोन किया। उन्होंने मुझसे कहा कि पाकिस्तान बहुत बड़ा हमला करने वाला है। मेरा जवाब था कि जिनको समझ नहीं आता, उनको नहीं आयेगा। अगर पाकिस्तान का ये इरादा है, तो उसे बहुत महंगा पड़ेगा।

**मोदी ने गिनाये पुराने घटनाक्रम, कांग्रेस पर पलटवार:** प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सिंदूर स्प्रिट हमने तब भी देखी, जब दुनिया भर में हमारे प्रतिनिधि मंडल बताने गये। मुझे दुख और हैरानी भी है कि जो खुद को कांग्रेस का बड़ा नेता समझते हैं, उनके पेट में दर्द हो रहा है। आतंकवाद अगर फला-फूला है, तो यह इनकी तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति थी। हम सबको याद है कि हर जगह अनाउंसमेंट होता था, कोई भी लावारिस चीज दिखे छूना मत, उसमें बम हो सकता है। 2014 तक यही हाल था। हमारी सरकार ने 11 साल में ये करके दिखाया है। यह सबसे बड़ा सबूत है। कांग्रेस की सरकारों ने बाद में भी सिंधु जल समझौते की तरफ देखा तक नहीं, नेहरू की गलती को सुधारा तक नहीं। अब भारत ने पुरानी गलती को सुधारा है, ठोस निर्णय लिया है।



## दम है तो प्रधानमंत्री कहें कि ट्रंप झूठे: राहुल गांधी



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर दूसरे दिन बहस में कांग्रेस सांसद व प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 29 बार कहा कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान सीजफायर करवाया। अगर वह झूठ बोल रहे हैं, तो प्रधानमंत्री को लोकसभा में यह बात कहनी चाहिए। अगर दम है तो प्रधानमंत्री यहां सदन में बोल दें कि ट्रम्प झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर पीएम मोदी में इंदिरा गांधी की तरह 50 प्रतिशत भी दम है, तो कह दीजिये कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत का एक भी फाइटर जेट नहीं गिरा है। प्रधानमंत्री अपनी छवि बचाने के लिए जिस तरह से सशस्त्र बलों का इस्तेमाल कर रहे हैं, वह देश के लिए खतरनाक है। राहुल गांधी ने कहा कि विदेश मंत्री और रक्षा मंत्री ने कहा कि हमने पाकिस्तान को रोका। सच में? भारत में आतंकवाद फैलाने वाले असीम मुनीर को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस बुलाया था, जहां प्रधानमंत्री मोदी भी नहीं जा सकते। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि मैं असीम मुनीर को इसलिए बुलाया क्योंकि मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहता था। किस बात के लिए धन्यवाद? आतंकवाद फैलाने के लिए। राहुल ने कहा कि कैप्टन शिवकुमार (डिफेंस अटैची इंडोनेशिया) ने कहा कि भारत ने कुछ एयरक्राफ्ट्स खोये हैं। यह इसलिए हुआ क्योंकि हमने उनके सैनिक ठिकानों को निशाना नहीं बनाया, न हमें इसके लिए कहा गया। मतलब आपने उनके हाथ बांध दिये। अगर आपने लोकसभा में चीन और पाकिस्तान के बारे में मेरी कही बात सुनी होती, तो आपको वो पांच जेट नहीं गंवाने पड़ते।

### प्रधानमंत्री की मुख्य बातें

- पहलगाम की विभीषिका के गहरे घाव का जवाब था ऑपरेशन सिंदूर।
- ऑपरेशन सिंदूर सेना के सशक्तीकरण का प्रतीक।
- हमने पाकिस्तान के सीने पर सीधा हमला किया।
- हमने आतंकियों की नाभि पर हमला किया।
- हमने चंद मिनटों में पाकिस्तान को हिला दिया।
- पाकिस्तान की 1000 मिसाइलें हवा में चूर-चूर।
- हम आतंकियों को मिट्टी में मिला देंगे।
- ऑपरेशन सिंदूर जारी है, आतंकी मास्टरमाइंड को अब नींद नहीं आती
- पहलगाम के हमलावरों को 28 जुलाई को हमारी सेना ने ऑपरेशन ने महादेव करके अपने अंजाम तक पहुंचाया।
- ये विजय उत्सव सिंदूर की सौगंध पूरा करने का।
- विपक्ष उछल रहा था, कहां गयी 56 इंच की छाती
- पाकिस्तान कई दशकों तक प्रॉक्सी वॉर करता रहा।
- नेहरू ने सिंधु झेलम की पंचायत वर्ल्ड बैंक को दी।
- कांग्रेस ने पाकिस्तान को मोस्ट फेवर्ड नेशन का दर्जा दिया
- हमने पाकिस्तान का एमएफएन का दर्जा रद्द किया, वीजा बंद किया।
- कांग्रेस ने हमेशा नेशनल सिक्योरिटी से समझौता किया
- कांग्रेस का भरोसा पाकिस्तान के रिमोट कंट्रोल से चल रहा

# देवघर: कांवरियों से भरी बस और ट्रक की टक्कर, छह मरे

- एक झपकी बनी दुर्घटना की वजह, मरने वालों में एक ड्राइवर और पांच कांवरिये, 23 घायल
- प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, प्रतिपक्ष के नेता ने शोक व्यक्त किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र के मोहनपुर-हंसडीहा मुख्य मार्ग पर जमुनियां चौक (मोहनपुर थाना), नवाकुरा गांव के पास मंगलवार सुबह 5 बजे बड़ा हादसा हो गया। कांवरियों से भरी यात्री बस और सिलेंडर लोड ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत में छह लोगों की मौत हो गयी और 23 लोग जख्मी हो गये। मृतकों में पांच कांवरिया और एक बस का ड्राइवर शामिल हैं। मरने वाले सारे कांवरिया बिहार के अलग-अलग जिलों के रहने वाले थे। हादसे पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शोक जताया और घायलों के समुचित इलाज का निर्देश दिया है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल संतोष गंगवार और विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने भी शोक व्यक्त किया है। उधर, हादसे की जानकारी पाकर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी और संताल परगना के आइजी शैलेंद्र सिन्हा देवघर सदर अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल लिया। इरफान अंसारी ने मृतकों के परिजनों को एक-एक लाख रुपये और घायलों को 20-20 हजार रुपये देने की घोषणा की है।

**सुबह 4.30 बजे देवघर से बासुकीनाथ के लिए खुली थी बस:** घायल कांवरियों ने बताया कि बाबाधाम से पूजा करने के बाद वे बासुकीनाथ जा रहे थे। सुबह करीब साढ़े चार बजे बस देवघर से खुली। नवाकुरा गांव के पास ड्राइवर को झपकी आ गयी, जिसके कारण बस अनियंत्रित होकर सामने से आ रही ट्रक से टकरा गयी। टक्कर के कारण बस का आधा हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर भीतर की तरफ धंस गयी थी। ग्रामीणों ने मोहनपुर थाने को सूचना दी, जिसके बाद एंबुलेंस को मौके पर भेजा गया। ग्रामीणों के सहयोग से बस के क्षतिग्रस्त मलबे को तोड़ कर घायलों और शवों को निकाला गया। बस में सवार कांवरियों में चार की मौत मौके पर ही हो गयी थी, जबकि एक की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हुई। एक अन्य घायल को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल से एम्स रेफर किया गया, जिसकी रास्ते में मौत हो गयी।

**टक्कर के बाद सीट समेत ड्राइवर गिरा:** घटना के प्रत्यक्षदर्शी स्थानीय ग्रामीण अनिल यादव ने बताया कि सुबह पांच बजे के करीब कांवरियों से भरी एक यात्री बस नवाकुरा गांव के पास सामने आ रहे ट्रक से भिड़ंत हो गयी। टक्कर इतना जोरदार था कि बस का ड्राइवर सीट समेत वहीं मौके पर गिर गया और उसकी मौत हो गयी। बिना ड्राइवर के बस का बाकी हिस्सा 500 मीटर दूर तेजी से बढ़ता चला गया। सड़क किनारे ईंट का छल्ला रखा था, जिससे टकराकर बस रुकी।

### बस के फिटनेस के जांच होगी : डीसी

डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि बस के फिटनेस की जांच करायी जायेगी। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। वहीं घायलों का सदर अस्पताल और एम्स में इलाज करवाया जा रहा है। इलाज के बाद घायलों को जिला प्रशासन अपने स्तर से उनके घर तक पहुंचाने की व्यवस्था कर रही है।

### मृतकों की सूची

1. सामदा देवी (38), तरेगना, धनरुआ, पटना
2. सुमन कुमार (30), सोनरा, परैया, गया
3. दुर्गावती देवी (45), लोकरिया, पश्चिमी चंपारण
4. शिवराज (17), खजमा, महनार, वैशाली
5. देवकी प्रसाद (45) धनरुआ, पटना
6. बस चालक सुभाष तुरी (30), चकरमा, मोहनपुर, देवघर



देवघर में सड़क दुर्घटना में जिन श्रद्धालुओं को अपनी जान गवानी पड़ी है, उनके परिजनों के प्रति मेरी गहरी शोक-संवेदनाएं हैं। इश्वर उन्हें इस पीड़ा को सहने की शक्ति दे। इसके साथ ही मै सभी घायलों को जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



सुबह देवघर के मोहनपुर प्रखंड के जमुनिया चौक के पास बस दुर्घटना में श्रद्धालुओं की मृत्यु की अत्यंत दु:खद सूचना मिली है। जिला प्रशासन द्वारा राहत और बचाव कार्य के साथ घायलों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। बाबा बैद्यनाथ दुर्घटना में मरने वाले श्रद्धालुओं की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की घड़ी सहन करने की शक्ति दे। -हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री



बस दुर्घटना में कई श्रद्धालुओं के निधन का समाचार अत्यंत दुखद एवं पीड़ादायक है। शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। साथ ही बाबा भोलेनाथ से घायल श्रद्धालुओं के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करता हूं। - संतोष कुमार गंगवार, राज्यपाल



सड़क हादसे में कांवरियों के मौत की दुखद घटना से मन अत्यंत व्यथित है। जिला प्रशासन दुर्घटना में घायल सभी श्रद्धालुओं के बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करे। बाबा बैद्यनाथ दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिजनों को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति दें। सभी घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करता हूं। -बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष, विधानसभा











# आदिवासी महोत्सव 2025: जागरूकता रथ रवाना

- आइपीआरडी के विशेष सचिव राजीव लोचन बक्शी ने हरी झंडी दिखा कर किया रवाना
- लोगों को जागरूक करने और आदिवासी महोत्सव 2025 की भूमिका को जन-जन तक पहुंचाने का बनेगा माध्यम

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आगामी 9, 10 एवं 11 अगस्त 2025 को आयोजित होने वाले 'आदिवासी महोत्सव 2025' को लेकर तैयारियां अपने चरम पर है। इसी क्रम में महोत्सव से जुड़ी जानकारी, महत्व और संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जागरूकता रथ का शुभारंभ किया गया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के विशेष सचिव राजीव लोचन बक्शी ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। उन्होंने कहा कि जागरूकता रथ इस आयोजन की भूमिका को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। इस अवसर पर विभाग के उप निदेशक आनंद सहित अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में चल रही तैयारी:** बक्शी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मार्गदर्शन में आदिवासी महोत्सव 2025 एक समावेशी और गौरवशाली आयोजन के रूप में उभरने जा रहा है। यह महोत्सव केवल सांस्कृतिक प्रस्तुति नहीं, बल्कि एक पहचान, एक संघर्ष, एक गर्व का उत्सव है, जिसमें पारंपरिक आदिवासी संस्कृति के साथ-साथ आधुनिकता का भी समावेश देखने को मिलेगा। आदिवासी महोत्सव 2025 के माध्यम से हम आदिवासी संस्कृति, अस्मिता, अधिकार और योगदान से रूबरू हो सकेंगे। इस महोत्सव के माध्यम से राज्य और देश ही नहीं, बल्कि विश्वभर में फैले आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा, लोककला, भाषा, वेशभूषा, और खान-पान को प्रदर्शित कर सशक्त सांस्कृतिक संवाद स्थापित करेंगे ।

### जागरूकता रथ की विशेषताएं

- रांची के प्रमुख चौराहों, बाजारों, स्कूल-कॉलेजों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में यह रथ घूमेगा।
- रथ पर पोस्टर, फ्लैक्स के माध्यम से आदिवासी कलाकृतियां, तथा सांस्कृतिक संदेश प्रदर्शित किये जायेंगे। जिससे जनता को आदिवासी समुदाय की ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विशेषताओं से परिचित होने का अवसर मिले।
- रथ यात्रा के माध्यम से लोगों को महोत्सव की तारीख, स्थान, विशेष आकर्षण, आमंत्रित कलाकार और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की जानकारी दी जायेगी।
- राज्य के अन्य जिलों में भी यह जागरूकता रथ भ्रमण करेगा। ताकि अधिक से अधिक लोग इस आयोजन से जुड़ सकें और इसकी गरिमा में वृद्धि हो।

## 15 नाम बताइये, जो जिंदा हैं, लेकिन लिस्ट से नाम कटा: सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली/पटना। बिहार में हो रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) को लेकर मंगलवार को फिर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि अगर बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम कटे हैं, तो हम हस्तक्षेप करेंगे। सुप्रीम कोर्ट 12 अगस्त से बिहार एसआइआर मामले की सुनवाई शुरू करेगा। बताते चलें कि एसआइआर को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं की तरफ से कोर्ट में कहा गया कि 65 लाख मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि इनमें से कुछ अपना घर छोड़कर कहीं और चले गये हैं, कुछ मर गये हैं। जस्टिस बागची ने कहा कि हम इस पूरे मामले को देख रहे हैं। अगर बड़े पैमाने पर मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट से काटा जा रहा है, तो हम तुरंत हस्तक्षेप करेंगे।




आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 30 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in


# बिहार की चुनावी पिच पर हाथ आजमायेंगे कई नौकरशाह

## ■ राजनीति के मैदान में आइएएस-आइपीएस की इंट्री से बढ़ेगा रोमांच

## ■ अभी से ही टिकट हासिल करने के लिए भिड़ाने लगे हैं अपनी जुगत

**बिहार में होनेवाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों में लगातार तेजी आती जा रही है। राजनीतिक दलों की गतिविधियां बढ़ रही हैं, तो टिकट हासिल करने के लिए भी जुगाड़ लगाये जा रहे हैं। ऐसे में एक दिलचस्प देखने को मिल रही है कि इस बार बड़ी संख्या में अधिकारी चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। बिहार में चुनाव से पहले इन रिटायर्ड अफसरों की सियासी महत्वाकांक्षा और संभावित इंट्री ने हलचल मचा दी है। कई पूर्व और वर्तमान आइएएस-आइपीएस अधिकारी वीआरएस लेकर चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। इनमें कुछ नीतीश कुमार के करीबी रहे हैं, तो कुछ प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी के सहारे नयी राजनीतिक जमीन तलाश रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि नीतीश कुमार का यह आखिरी चुनाव हो सकता है। ऐसे में बिहार में बढ़ती राजनीतिक खींचतान ने इन अधिकारियों को राजनीति में उतरने का एक बड़ा मौका दे दिया है। इनकी पहली पसंद बन रही है प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी, जहां अन्य पार्टियों के मुकाबले टिकट मिलने की संभावना ज्यादा है। नीतीश कुमार के बारे में कहा जाता है कि वह अपने विश्वस्त अधिकारियों पर अधिक भरोसा करते हैं। उनके राजनीतिक फैसले भी नौकरशाहों की सलाह पर ही लिये जाते हैं। वैसे भी बिहार की सियासत में नौकरशाहों की मौजूदगी नयी बात नहीं है। लेकिन इस बार उनकी अधिक संख्या ही चुनाव के रोमांच को बढ़ा रही है। क्या है बिहार की सियासी पिच पर नौकरशाहों की इंट्री का कारण और कौन हैं इस कतार में, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

बिहार विधानसभा का आगामी चुनाव हर दिन रोमांचक मोड़ पर पहुंचता नजर आ रहा है। राजनीतिक दांव-पेंच के साथ-साथ पार्टियों की रणनीति तो चल ही रही है, लेकिन इसके साथ ही प्रदेश की राजनीति में एक नयी लहर देखी जा रही है। यह है नौकरशाहों की सियासी महत्वाकांक्षा और चुनावी मैदान में उतर कर हाथ आजमान की उनकी तैयारी। वैसे राजनीति का मैदान हमेशा से नौकरशाहों को आकर्षित करता रहा है और बिहार समेत पूरे देश में कई ऐसे नौकरशाह हुए हैं, जिन्होंने राजनीति में चमकदार पारी खेली है या खेल रहे हैं। बिहार ने तो कई नौकरशाहों को संसद या विधानमंडलों में भेजा है।

इन सबके बीच यह पहली बार है, जब इतनी बड़ी संख्या में सेवारत और रिटायर्ड आइएएस और आइपीएस अधिकारी चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी में हैं। अधिकारियों की राजनीतिक महत्वाकांक्षा और चुनाव मैदान में उतरने की उनकी तैयारियों के कारण बिहार की इस बार की चुनावी तस्वीर कुछ अलग नजर आ रही है। कई आइएएस और आइपीएस अधिकारी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर सीधे जनता के बीच जाने की योजना बना चुके हैं। इन अफसरों में ऐसे चेहरे भी शामिल हैं, जो प्रशासनिक सेवा में रहते हुए शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व के बेहद करीबी माने जाते थे। वहीं कुछ ने पहले ही राजनीतिक दलों की सदस्यता लेकर चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है।

### नीतीश के पूर्व सचिव दिनेश कुमार राय मैदान में

इस बार चुनाव मैदान में उतरनेवाले सबसे चर्चित नामों में एक है बिहार सरकार के पूर्व सचिव और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निजी राजनीतिक सचिव रह चुके आइएएस अधिकारी दिनेश कुमार राय। उन्होंने वीआरएस लेने के बाद करगहर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की मंशा जाहिर की है। कुर्मी समुदाय से आने वाले राय स्थानीय स्तर पर अच्छी पकड़ रखते हैं और जमीनी राजनीति में उनकी पैठ बतायी जा रही है।

### आइपीएस जय प्रकाश सिंह जन सुराज में शामिल

हिमाचल प्रदेश कैडर के 2000 बैच के आइपीएस अधिकारी जय प्रकाश सिंह वीआरएस लेकर प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी में शामिल हो गये हैं। वह सारण जिले की छपरा विधानसभा सीट से किस्मत आजमाने वाले हैं। जन सुराज पार्टी उन अधिकारियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनती दिख रही है, जो अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए दलों में अवसर की तलाश कर रहे हैं।







### आइपीएस शिवदीप लांडे ने बनायी अपनी पार्टी

बिहार के 'सिंघम' कहे जाने वाले पूर्व आइपीएस शिवदीप लांडे ने भी सियासी पारी की शुरुआत कर दी है। वीआरएस लेने के बाद उन्होंने हिंद सेना पार्टी का गठन किया है और दावा किया है कि उनकी पार्टी बिहार की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

### आइपीएस आनंद मिश्रा भी आजमायेंगे किस्मत

असम-मेघालय कैडर के चर्चित आइपीएस रहे आनंद मिश्रा ने बक्सर से बीजेपी टिकट की उम्मीद में वीआरएस लिया था। हालांकि टिकट नहीं मिलने के बाद उन्होंने जन सुराज पार्टी ज्वाइन की और बाद में उसे भी छोड़ दिया। इस बार वह भी चुनाव मैदान में किस्मत आजमाने की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने कांग्रेस और भाजपा से भी संपर्क साधा है।

### अन्य अफसर भी तैयार कर रहे सियासी पिच

इस चर्चित अधिकारियों के अलावा बिहार के पूर्व डीएम अरविंद कुमार सिंह, पूर्व संयुक्त सचिव गोपाल नारायण सिंह और नवादा के पूर्व डीएम लल्लन यादव भी जन सुराज के जरिये सियासी मैदान में उतरने की तैयारी में हैं। उधर ओड़िशा कैडर के आइएएस अधिकारी मनीष वर्मा जेडीयू में शामिल होकर संगठन में महासचिव बनाये गये हैं और वह नालंदा से चुनाव लड़ सकते हैं।

### बिहार की परंपरा रही है अफसरों की सियासी मौजूदगी

बिहार की राजनीति में अफसरों की इंट्री नयी बात नहीं है। यशवंत सिन्हा, आरके सिंह, एनके सिंह, आरसीपी सिंह जैसे कई अधिकारी राजनीति में सफल हो चुके हैं। हालांकि कुछ उदाहरण ऐसे भी हैं, जैसे गुप्तेश्वर पांडेय, जो टिकट नहीं मिलने के बाद राजनीति से बाहर हो गये। एकीकृत बिहार में तो कई ऐसे अधिकारी रहे, जिन्होंने राजनीति में बड़ा मुकाम हासिल किया। जानकारों का मानना है कि अगर अफसर राजनीति में भी 'बाबू' बनकर रहेंगे, तो असफल हो जायेंगे, लेकिन जिन्हें जनसंपर्क और प्रशासनिक अनुभव है, उनके लिए राजनीति में संभावनाएं हैं।

### नीतीश और मोदी, दोनों का भरोसा अफसरों पर

नौकरशाहों पर भरोसे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक जैसी सोच रखते हैं।

मोदी सरकार में एस जयशंकर, आरके सिंह, अश्विनी वैष्णव जैसे पूर्व अधिकारी मंत्री हैं, वहीं नीतीश कुमार ने अपने विश्वस्त अधिकारियों को रिटायरमेंट के बाद भी अहम पदों पर बनाये रखा है।

2019 में सेवानिवृत्त हुए 1984 बैच के आइएएस दीपक कुमार को नीतीश ने फिर से अपने प्रधान सचिव के रूप में पदस्थापित किया।

इसके अलावा चंचल कुमार और अतुल प्रसाद जैसे अफसरों के साथ उनका रिश्ता इतना गहरा है कि कई बार मंत्रियों को नाराज होकर इस्तीफा देना पड़ा। 2022 में समाज कल्याण मंत्री मदन साहनी ने इसी वजह से इस्तीफा दिया था।

### राजनीति में अफसरों की बढ़ती भूमिका

बिहार के आगामी चुनाव इस मायने में अलग हो सकते हैं, क्योंकि यहां राजनीति का रुख अब सिर्फ परंपरागत नेताओं से नहीं, बल्कि अफसरशाही की दुनिया से आये चेहरों से भी तय हो सकता है।

जिस तरह से वीआरएस लेने वालों की संख्या बढ़ रही है और राजनीतिक दल उन्हें टिकट देने को तैयार हैं, यह साफ है कि चुनाव 2025 में नयी शक्ल ले सकता है।

# संसद में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा, पक्ष-विपक्ष में तकरार

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** संसद के दोनों सदनों में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर मंगलवार को चर्चा हुई। लोकसभा में चर्चा के दूसरे दिन जहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान को नेहरू और कांग्रेस की नीति का परिणाम बताते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' को भारत का अब तक का सबसे प्रभावी सैन्य अभियान करार दिया, वहीं राज्यसभा में सदन नेता जेपी नड्डा ने विपक्ष को निशाने पर रखा, जबकि कांग्रेस की तरफ से नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार पर दोरंगी नीति अपनाने का आरोप लगाया। राज्यसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बहस की शुरुआत की। सरकार का पक्ष रखते हुए उन्होंने कहा कि हमारे सुरक्षा बलों ने 22 अप्रैल को पहलगाम में 26 लोगों की हत्या करने वाले द रेजिस्टेंस फ्रंट के तीन आतंकवादियों को मार गिराया है। उन्होंने कहा कि भारत की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा सुनिश्चित करने में हमारी सेनाओं और अन्य सुरक्षा बलों की भूमिका की जितनी भी प्रशंसा की जाये, कम है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत किसी हद तक जायेगा।

## कांग्रेस की गलती है पाकिस्तान पंडित नेहरू जिम्मेदार: अमित शाह

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र में मंगलवार को उस वक्त माहौल गरमा गया, जब गृह मंत्री अमित शाह लोकसभा में खड़े हुए और विपक्ष, खासकर कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोला। 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा के दौरान शाह ने ना सिर्फ हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमले पर सरकार का पक्ष रखा, बल्कि बीते वर्षों के कई पुराने मुद्दे भी उठाये। उनके निशाने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री पंडित नेहरू और पूर्व गृह मंत्री पी चिदंबरम रहे।

अमित शाह ने लोकसभा में राहुल गांधी को घेरते हुए कहा कि साल 2005 से 2011 के बीच देश में 27 बड़े आतंकी हमले हुए थे, जिनमें 1000 से ज्यादा लोगों की जान गयी। उन्होंने सवाल किया कि तब की कांग्रेस सरकार ने इन हमलों पर क्या कार्रवाई की। शाह ने कहा कि सिर्फ बातें करने से कुछ नहीं होता, देश की सुरक्षा के लिए कड़े कदम जरूरी होते हैं।

शाह ने एक और तीखा हमला करते हुए कहा कि पाकिस्तान का वजूद ही कांग्रेस की गलती है। अगर



कांग्रेस ने उस समय बंटवारे को न माना होता, तो आज पाकिस्तान जैसा मुल्क होता ही नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वोट बैंक के लिए देश को बांट दिया और आज भी उसी सोच से फैसले ले रही है। गृह मंत्री ने बताया कि भाजपा सरकार आने के बाद आतंकवादियों के खात्मे में 123% की बढ़ोतरी हुई है। शाह ने कहा कि अब सेना को पूरी छूट है और ऑपरेशन बिना किसी रुकावट के चल रहे हैं। शाह ने 2008 के बटला हाउस एनकाउंटर का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय के कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद आतंकियों के लिए रोये थे। उन्होंने कहा कि जब देश के जवान आतंकियों से लड़ रहे थे, तब कांग्रेस के कुछ नेता उनका समर्थन कर रहे थे। ये रवैया देश के लिए खतरनाक था और आज भी कांग्रेस वही सोच रखती है।

अमित शाह ने पंडित नेहरू पर हमला करते हुए कहा कि अगर उन्होंने चीन का समर्थन न किया होता, तो आज भारत के पास संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सीट होती। उस समय की कांग्रेस सरकार ने बड़ी चूक की, जिसका नुकसान देश को आज भी उठाना पड़ रहा है। शाह ने यह भी बताया कि कांग्रेस के जमाने में जब पाकिस्तान ने सीजफायर की बात की थी, तो भारत ने मान लिया। उन्होंने पंडित नेहरू पर आरोप लगाया कि उनकी वजह से ही पीओके बना। शाह ने कहा कि आज की सरकार हर फैसले को सोच-समझकर लेती है और दुश्मन की चालों में नहीं आती।

अमित शाह ने बताया कि ऑपरेशन महादेव में तीनों आतंकी मारे गये। उनके नाम थे सुलेमान, अफगान और जिबरान। जो लोग इन आतंकियों को खाना और बाकी चीजें पहुंचाते थे, उन्हें पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। जब आतंकियों की लाशें श्रीनगर लायी गयीं, तो उन्हीं पकड़े गये लोगों ने उनकी पहचान की।

## नड्डा की खड़गे पर टिप्पणी से हंगामा, बाद में माफी मांगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में मंगलवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा के दौरान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से माफी मांगनी पड़ी। दरअसल हुआ यह कि विपक्ष की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बहस की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के लिए कौन जिम्मेदार है, वह कुर्सी खाली करे। अगर कोई जिम्मेदार नहीं है, तो पीएम जवाब दें। इस पर जेपी नड्डा ने कहा, उन्होंने (खड़गे) प्रधानमंत्री पर टिप्पणी की है। उनकी तकलीफ समझ सकता हूं। 11 साल से उनको वहां बैठाये रखा है। उन्होंने कहा कि वह (मोदी) दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। पार्टी और देश के लिए गौरव का विषय हैं, लेकिन आप पार्टी से इतने जुड़ गये हैं कि देश गौण हो जाता है और मेंटल बैलेंस खोकर इस तरीके से बात कर रहे। आप प्रधानमंत्री की गरिमा का भी ध्यान नहीं रखते हैं।

नड्डा के इतना कहते ही सदन में हंगाम मच गया। विपक्ष ने जोरदार




हंगामा शुरू कर दिया। उप सभापति ने हंगामे को शांत करने की कोशिश की और विपक्ष को चुप कराने का प्रयास किया। लेकिन वह सफल नहीं हुए।

खड़गे नाराज हो गये। उन्होंने कहा कि उनके मंत्री मेंटल बैलेंस खोकर बोलते हैं। उन्होंने (जेपी नड्डा) मुझे मेंटल कहा है, तो मैं इसे छोड़ने वाला नहीं हूं। इसके बाद जेपी नड्डा ने कहा कि अगर आपकी भावनाओं को ठेस पहुंची है, तो मैं इसके लिए आपसे माफी भी मांगता हूं। उन्होंने कहा कि उनके बयान से 'मेंटल बैलेंस' शब्द को हटा कर 'भवावेश' कर दिया जाये। इसके बाद सदन के रिकॉर्ड से नड्डा का कमेंट हटाया गया। इसके बाद चर्चा आगे चल सकी।

## आप बिना बुलाये जाकर गले मिलते हैं: मल्लिकार्जुन खड़गे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की औचक पाकिस्तान यात्रा पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि हम पाकिस्तान की निंदा करते रहे हैं, लेकिन हम इधर निंदा करते हैं और आप जाकर उनकी दावत में उन्हें गले लगा लेते हैं। आप खुद ही गलती करते हैं और दूसरों को पाठ पढ़ाते हैं। ऐसा नहीं करना चाहिए। हमारी पार्टी का देश के विकास में बड़ा योगदान है, लेकिन आपके पास एक भी ऐसी उपलब्धि नहीं है। आप पंडित नेहरू को बहुत कोसते हैं। सच बताइये। गृह मंत्री पहलगाम हमले से पहले जम्मू कश्मीर में सुरक्षा हालात की समीक्षा करने गये थे और उन्होंने कहा था कि कश्मीर में सुरक्षा ट्रिपल कर दी गयी है। अगर ऐसा है तो पहलगाम में आतंकी कहां से आये। उन्होंने कहा कि हमले से सिर्फ तीन दिन पहले प्रधानमंत्री ने अपना कश्मीर दौरा रद्द कर दिया था। मैंने पहले



भी पूछा था, लेकिन जवाब नहीं मिला कि क्या आपके पास आतंकी हमले की सूचना थी। 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हमला हुआ, लेकिन सरकार कह रही है कि जो कुछ हमने किया, वह सही किया। राहुल गांधी ने पहलगाम हमले को लेकर विशेष सत्र बुलाने की मांग की, लेकिन सरकार ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। खड़गे ने कहा कि सरकार को बहुत अहंकार है। जवाब देने की फुर्सत नहीं है, लेकिन लोगों के गले पड़ने की फुर्सत है। 1962 में जब भारत-चीन युद्ध चल रहा था, तब चंद सांसदों की मांग पर विशेष सत्र बुलाया गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री ने बुलाया और कहा कि देश की जनता को यह पता चलना चाहिए, लेकिन अब आप मना कर देते हैं। हमले के बाद प्रधानमंत्री बिहार में चुनाव प्रचार कर रहे थे। 24 अप्रैल को सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलायी। उसमें भी पीएम मोदी नहीं आये और सऊदी अरब से आकर बिहार चुनाव प्रचार करने चले गये। क्या प्रधानमंत्री की यही गंभीरता है।

खड़गे ने कहा कि जम्मू कश्मीर के एलजी ने खुद स्वीकारा कि पहलगाम में सुरक्षा में चूक हुई। उन्होंने हमले की जिम्मेदारी ली, लेकिन यह सुरक्षा में चूक है और इसकी जिम्मेदारी गृह मंत्री को लेनी चाहिए, न कि एलजी को। आप कांग्रेस को कोसते रहते हैं, लेकिन अपना भी तो कुछ बताइये। कब तक कांग्रेस के नाम पर जिंदा रहेंगे। एलजी ने पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली, तो क्या यह गृह मंत्री को बचाने के लिए दिया गया। या एलजी को ऐसा करने के लिए कह दिया गया। खड़गे ने कहा, सरकार का कहना है कि पाकिस्तान ने घुटने टेक दिये थे और पाकिस्तान गिड़गिड़ा रहा था, लेकिन फिर अचानक से युद्धविराम की घोषणा हो गयी।




वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 27.9 °c | 22.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.33 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.18 बजे |



# झारखंड में निवेश की अपार संभावनाएं : मुख्य सचिव

**खनन, पर्यटन, कृषि और अन्य क्षेत्रों में निवेश पर अमेरिकी काउंसलेट जेनरल के साथ की गयी चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग और निवेश को लेकर मंगलवार को मुख्य सचिव अलका तिवारी के साथ अमेरिकी काउंसलेट जेनरल की विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान खनन, पर्यटन, कृषि, ऊच्च शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संतुलन, श्रम शक्ति आदि क्षेत्रों में सहयोग और निवेश की संभावनाएं तलाशी गईं। मुख्य सचिव ने कहा कि झारखंड के कई क्षेत्रों में निवेश और सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने राज्य की प्राकृतिक संसाधनों को विस्तार से बताया। साथ ही यहां की श्रम शक्ति को हुनरमंद बनाकर कैसे योजनाओं के माध्यम से वृहद आर्थिक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है, उस पर प्रकाश डाला। महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण में आये बड़े बदलाव को रेखांकित किया। उन्होंने विस्तार से बताया कि कैसे मुख्यमंत्री की पहल से मंईयां सम्मान योजना से महिलाओं का आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण से लेकर श्रम का पलायन रोक कर झारखंड की आर्थिक-सामाजिक परिदृश्य को बदला जा रहा है। उन्होंने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अमेरिकी विश्वविद्यालयों के साथ संभावनाओं पर भी चर्चा की। अमेरिकी काउंसलेट जेनरल कैली जाइल डियाज ने चर्चा के दौरान चिह्नित क्षेत्रों में आगे बढ़ने की प्रक्रिया शुरू करने पर बल दिया।

### खनन उपकरण कारखाना स्थापित करने पर चर्चा

खान सचिव राहुल कुमार सिन्हा ने अमेरिकी काउंसलेट जेनरल को बताया कि खनन के क्षेत्र में कोयला समेत विभिन्न खनिजों के खनन के लिए जरूरी उपकरणों का उत्पादन करने के लिए यहां कारखाना स्थापित किया जा सकता है। इसमें अमेरिका के साथ ज्वायंट वेंचर की अपार संभावनाएं हैं। वहीं लिथियम, ग्रेफाइट और टेटानियम के प्रसंस्करण में भी आपसी सहयोग से आगे बढ़ा जा सकता है। टास्क फोर्स-सस्टनेबल जस्ट ट्रांजिशन के चेयरमैन एके रस्तोगी ने पर्यावरण संरक्षण में सहयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला। बताया कि झारखंड पूरे भारत में सर्वाधिक 33 प्रतिशत वन क्षेत्र वाला राज्य है। उन्होंने कहा कि कार्बन क्रेडिट के क्षेत्र में आपसी सहयोग की बड़ी संभावना है। इसके अतिरिक्त झारखंड के पर्यटन स्थलों का उल्लेख करते हुए बताया कि इस क्षेत्र में भी निवेश और सहयोग की प्रचुर संभावना है। राज्य में लगभग 70 प्रतिशत लोग कृषि कार्य से जुड़े हैं, यह क्षेत्र भी सहयोग और निवेश के लिए आकर्षक क्षेत्र है। बैठक में अमेरिकी काउंसलेट जेनरल की सहयोगी संगीता डे चंदा उपस्थित थे।

# करमटोली-साइंस सिटी फ्लाइओवर में पोर्टल फ्रेम तकनीक का होगा उपयोग, जियो स्टडी शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** करमटोली चौक से मोरहाबादी होते हुए साइंस सिटी तक 2.12 किलीमीटर लंबा फ्लाइओवर आधुनिक तकनीक से बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विगत दिनों इस फ्लाइओवर निर्माण की मंजूरी भी दे दी है। इस फ्लाइओवर की चौड़ाई उपर 10 मीटर एवं नीचे सड़क की भी चौड़ाई 10 मीटर होगी। यानि पुल के साथ-साथ नीचे की सड़क भी चौड़ी बनायी जायेगी, इसके लिए कुछ जमीन का भी अधिग्रहण किया जायेगा। इंजीनियरों ने बताया कि सबसे अधिक समस्या अंतु चौक के पास आ रही है, जहां अक्सर जाम की स्थिति रहती है। ऐसे में इस फ्लाइओवर का बनाने के लिए पोर्टल फ्रेम तकनीक का इस्तेमाल करने पर विचार चल रहा है। पोर्टल फ्रेम तकनीक में दो पीयर लगाये जाते हैं, अन्य तकनीक में एक पीयर का उपयोग किया जाता है। पुल के मुख्य स्पैन निर्माण के लिए किया जायेगा। इस तकनीक से व्यस्त इलाके में पुल बनाना आसान होगा। आम तौर पर पारंपरिक संरचनाओं की तुलना में कम सामग्री का उपयोग किया जायेगा, जिससे निर्माण लागत कम आयेगी। भारी यातायात और अन्य भारों का सामना करने में यह सक्षम भी होता है। सरकार से सहमति मिलने के बाद कंसलटेंट के जरिये जियो टेक्नोलॉजी स्टडी शुरू की जा रही है। इस पूरे क्षेत्र का एनालिसस किया जायेगा। बारिक से सड़क के दोनों किनारे मकान-दुकान का अध्ययन किया जायेगा।



### 30 साल तक ट्रैफिक समस्या होगी दूर

पथ निर्माण विभाग ने करमटोली चौक से सांइस सिटी चिरौंजी तक फोरलेन फ्लाइओवर के साथ-साथ साइंस सिटी के आगे दाहिने ओर से रिंग रोड जोड़ने की मंजूरी भी दी गयी है। करीब पांच किमी यह रोड फोरलेन बनेगा। इंजीनियरों ने बताया कि यह पूरा इलाका ग्रीनफील्ड है। इस फोरलेन रोड के बनने से आगामी 30 सालों तक यातायात समस्या का निदान हो जायेगा। जल्द ही डीपीआर की सारी कार्यवाही पूरी करके प्रशासनिक मंजूरी ली जायेगी। इसके बाद टेंडर इत्यादि करके काम प्रारंभ कराया जायेगा। बता दें कि, रांची के करमटोली चौक सहित अन्य क्षेत्रों से बड़े पैमाने पर वाहनों का आवागमन सांइस सिटी होते हुए किया जाता है। यह सड़क बोड़ेया होते हुए ओरमांझी भी निकलती है। वहीं, साइंस सिटी से रिंग रोड तक नयी ग्रीनफील्ड रोड बनने से विकास, ओरमांझी जाने के लिए एक बेहतर विकल्प मिल जायेगा।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — रोजी-रोजगार की स्थिति में सुधार,भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। आर्थिक समस्याओं का समाधान।
- **वृष** — कार्यक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति होगी। संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी।
- **मिथुन** — परिश्रम-प्रयत्न से रुके हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़, निर्माण कार्य में प्रगति।
- **कर्क** — अनायास काम बनेंगे।आर्थिक स्थिति सुधरेगी,मान-सम्मान मिलेगा। नये लोगों से सम्पर्क।
- **सिंह** — आज का दिन काफी अच्छा तथा प्रगतिवर्धक रहेगा। विपरीत स्थितियों में सुधार, सामयिक-सामाजिक विकास।
- **कन्या** — बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** — कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** — चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** — आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** — रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** — किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# राज्यपाल से अमेरिकी दूत की शिष्टाचार भेंट

## झारखंड की विशेषताओं से हुईं परिचित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को राजभवन में अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास, कोलकाता की महावाणिज्य दूत कैथी जाइल्स-डियाज ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच विविध विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। राज्यपाल ने जाइल्स-डियाज का स्वागत करते हुए उन्हें झारखंड की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक विशेषताओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि झारखंड न केवल प्राकृतिक सौंदर्य से समृद्ध है, बल्कि खनिज संसाधनों की प्रचुरता भी इसे एक संभावनाओं वाला राज्य बनाती है।

राज्यपाल ने बताया कि झारखंड आध्यात्मिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत समृद्ध है। राज्य में देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम और दुमका स्थित बासुकीनाथ मंदिर जैसे प्रसिद्ध तीर्थ स्थल हैं, जहां इन दिनों श्रावणी मेले के अवसर पर लाखों श्रद्धालु कांवर यात्रा कर जलार्पण कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि झारखंड में इटखोरी, रजरप्पा, देउड़ी और पारसनाथ जैसे आस्था के केंद्र भी हैं, जो विभिन्न धर्मों के लोगों को आकर्षित करते हैं। इसके अतिरिक्त राज्य के जलप्रपात, पहाड़ और जंगल पर्यटकों को विशेष रूप से लुभाते हैं। भेंट के अंत में राज्यपाल ने अमेरिकी महावाणिज्य दूत को झारखंड की संभावनाओं से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए आमंत्रित किया।

# समुदाय विशेष को तीन लाख, कांवरियों की मौत पर सिर्फ एक लाख : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि समुदाय विशेष की मौत पर तीन लाख और कांवरियों की मौत पर सिर्फ 1 लाख मुआवजा, राज्य सरकार तुष्टीकरण में कितना डूबी है, यह इसके सभी निर्णयों में साफ साफ झलकता है।

अभी हाल ही में रामगढ़ के आफताब अंसारी की मौत का हौआ खड़ा कर स्वास्थ्य मंत्री ने उसके परिजन को 3 लाख रुपये की मुआवजा राशि घोषित की। आज तो इस संबंध में सरकार की पोल खुल गयी। स्वास्थ्य मंत्री जिसे मॉब लिंचिंग बता रहे थे, उन्हीं के विभाग ने पोस्टमार्टम कर मौत को पानी में डूबने से बताया है। अब तो स्वास्थ्य मंत्री की डिग्री भी संदेह के घेरे में है। मंत्री ने वोट बैंक के लिए सब कुछ तख्त पर रखते हुए तीन लाख मुआवजा की घोषणा की। दुर्भाग्य जनक स्थित यह है कि आज जब बाबा बैद्यनाथ की पूजा कर लौट रहे कांवरियों की दुर्घटना में मौत होने पर यह सरकार मात्र एक लाख रुपये मुआवजा की घोषणा करती है। स्पष्ट है कि राज्य सरकार की नजरों में एक कांवरिया का कितना महत्व है।

# मानगो एसडीपीओ का पद सृजित हो

## पुलिस मुख्यालय ने की अनुशंसा, फाइल गृह विभाग के पास

अजय शर्मा

**रांची (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर के मानगो में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) का पद सृजित करने की अनुशंसा पुलिस मुख्यालय ने गृह विभाग से की है। गृह विभाग ने पुलिस मुख्यालय की अनुशंसा पर कार्रवाई तेज कर दी है। जल्द ही इस प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इसपर सहमति ली जायेगी। मानगो एसडीपीओ के अधीन आजाद नगर, ओलीडीह ओपी और मानगो थाना को रखने की अनुशंसा की गयी है।

**क्यों सृजित होना चाहिए पद :** अनुशंसा में कहा गया है कि प्रस्तावित अनुमंडल का अधिकांश भाग शहरी है। यहां संगठित अपराधी गिरोह सक्रिय हैं। आरोप गनेश सिंह गिरोह, अमरनाथ सिंह गिरोह भी सक्रिय है। साथ ही कुछ वर्षों से भू माफियाओं का अलग गिरोह कार्यरत है। मादक पदार्थों का गिरोह भी अपनी सक्रियता बढ़ाने की फिराक में है। चोरी, वाहन चोरी, छिनतई और गृह भेदन के कांडों की संख्या में वृद्धि हुई है। आपराधिक घटनाओं में नियंत्रण, सत्यापन और गिरफ्तारी में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस क्षेत्र में तो नक्सल समस्या तो नहीं है। लेकिन कुछ वर्ष पूर्व आतंकवादी समूह स्टूडेंड इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया से जुड़े होने के आरोप में जिशान अली, नशीम अख्तर उर्फ राजू, मौलाना कलीमुद्दीन मुजाहिरी एवं मो हुजैफा कांड संख्या 21/16 के आरोपी हैं और अलकायता इंडियन सब कॉन्टिनेंट के इस्तियाक को हजारीबाग से पकड़ा गया है। लिहाजा आतंकवादी गतिविधियों से इनकार नहीं किया जा सकता।

### विधि व्यवस्था की समस्या

प्रस्तावित अनुमंडल के अधिकांश हिस्सों में मुस्लिम समुदाय के साथ-साथ हिंदू, आदिवासी, सिख और इसाई हैं। जनसंख्या घनत्व भी बहुत है। यह इलाका सांप्रदायिक समस्या से भी ग्रसित रहता है। विधि व्यवस्था बिगड़ने की प्रबल संभावना बनी रहती है।

# देवघर सड़क दुर्घटना पर प्रदीप वर्मा ने जताया गहरा शोक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के देवघर जिले में जमुनिया मोड़ के पास बस और ट्रक की टक्कर में हुई भीषण सड़क दुर्घटना, जिसमें 5 कांवरियों की दुखद मृत्यु हो गयी और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। इस हृदयविदारक घटना पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महासचिव एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने गहरा शोक प्रकट किया है।

डॉ वर्मा ने कहा कि इस दुःखद हादसे की खबर से मन व्यथित है। देवघर बाबा धाम जलाभिषेक हेतु निकले श्रद्धालु कांवरियों की अकाल मृत्यु अत्यंत पीड़ादायक है। मैं दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु प्रार्थना करता हूं और शोकाकुल परिवारजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करता हूं। ईश्वर से प्रार्थना है कि घायल श्रद्धालु शीघ्र स्वस्थ हों। साथ ही डॉ वर्मा ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि घायलों को समुचित चिकित्सीय सुविधा तुरंत उपलब्ध करायी जाये और मृतकों के परिजनों को यथाशीघ्र मुआवजा एवं सहायता प्रदान की जाये। उन्होंने यह भी कहा कि श्रावणी मेला जैसे बड़े आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर प्रशासन को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकी जा सकें।

# सड़क निर्माण को लेकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिले लंबोदर महतो

**बोकारो-रामगढ़ जिले की सड़क निर्माण योजनाओं की स्वीकृति देने की मांग**

**बंगाल और झारखंड को जोड़ने के लिए भी सड़क परियोजनओं की मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने केंद्रीय केंद्रीय परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर सेंट्रल रोड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (सीआरआइएफ) के तहत बोकारो एवं रामगढ़ जिले की सड़क निर्माण की योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति देने और पश्चिम बंगाल एवं झारखंड को जोड़ने हेतु अंतरराज्यीय सड़क निर्माण कराने को लेकर मुलाकात की है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को इस बात से अवगत कराया है की सीआरआइएफ के तहत बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड अंतर्गत गझंडी मोड़ से हुरलुंग भाया चतरोचट्टी 27 किलोमीटर पथ निर्माण, ललपनिया रजरप्पा मोड़ से रजरप्पा रोड तक 20 किलोमीटर पथ निर्माण एवं रामगढ़ जिले के फोरलेन रोड एनएच 33 पर सांडी मोड़ से बिजुलिया (ओल्ड एन एच 33) 12.8 किलोमीटर पथ निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति देने के लिए झारखंड सरकार द्वारा प्रस्ताव भारत सरकार के परिवहन एवं उच्च पथ मंत्रालय को 27 दिसंबर 23 को समर्पित किया जा चुका है, लेकिन अब तक प्रशासनिक स्वीकृति नहीं हो पायी है। इस संदर्भ में शीघ्र समुचित कार्रवाई किये जाने की जरूरत है। साथ ही उन्होंने केंद्रीय मंत्री का ध्यान पश्चिम बंगाल के पुरूलिया जिले के एनएच 18 पर अंतर्गत झालदा चौक से झारखंड के बोकारो जिले के जरीडीह प्रखंड के एनएच 23 अंतर्गत बहादुरपुर चौक तक अंतरराज्यीय पथ भाया महतोमारा-बकद- सेवती घाटी- खैराचातर एवं कसमार सड़क के निर्माण की ओर कराया और उनसे कहा कि इससे दोनों राज्यों के लाखों लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। केंद्रीय मंत्री ने इस विषय पर शीघ्र समुचित कार्रवाई करने को लेकर आश्वस्त किया।

राज्य समन्वय समिति : बैठकें बंद और खर्च करोड़ों

# जनता की गाढ़ी कमाई का दुरुपयोग : प्रतुल शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड राज्य समन्वय समिति को राजनीतिक उपहार योजना करार देते हुए राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इस समिति का गठन विकास कार्यों में समन्वय के उद्देश्य से किया गया था, लेकिन यह सिर्फ सत्ता पक्ष के नेताओं को लाभ पहुंचाने का माध्यम बन गयी है। प्रतुल ने बताया कि 2022 के अंत में बड़ी उम्मीदों के साथ गठित इस समिति की अब तक केवल एक बैठक–10 जून, 2023 को–आयोजित हुई है। वर्ष 2024 और अब 2025 में कोई भी बैठक नहीं हुई। बावजूद इसके, समिति के सदस्यों को राज्य मंत्री का दर्जा, सरकारी गाड़ी, आवास, स्टाफ जैसी सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 9 अक्टूबर, 2024 को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को भी समिति में शामिल कर उन्हें राज्य मंत्री का दर्जा दे दिया गया, जबकि समिति कोई सक्रिय कार्य नहीं कर रही है। प्रतुल शाहदेव ने सवाल उठाया, जब समिति की बैठकें ही नहीं हो रहीं, तो फिर जनता के करोड़ों रुपये किस बात पर खर्च हो रहे हैं? उन्होंने कहा कि समिति के नौ सदस्य हैं, जिनमें अधिकांश को राज्य मंत्री का दर्जा मिला हुआ है।

उन्होंने कहा कि यह समिति अब जनहित का नहीं, बल्कि राजनीतिक संतुलन साधने का माध्यम बन चुकी है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं पर भी तंज कसा कि सरकार में उनकी कोई निर्णायक भूमिका नहीं है, लेकिन मलाईदार पद मिलने पर वे रबर स्टांप की भूमिका निभा रहे हैं।

## नयी शिक्षा नीति के पांच वर्ष पूरे होने पर अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2025 का भव्य आयोजन

# हेमंत सरकार पिछड़े क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए प्रतिबद्ध : रामदास सोरेन

**नयी दिल्ली में झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने किया प्रतिनिधित्व**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली/जमशेदपुर।** देश में नयी शिक्षा नीति 2020 के सफल कार्यान्वयन के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2025 का भव्य आयोजन नयी दिल्ली स्थित भारत मंडपम प्रगति मैदान में किया गया। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय समागम का झारखंड राज्य की ओर से शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने प्रतिनिधित्व किया। कार्यक्रम में देशभर से केंद्रीय एवं राज्य सरकारों के शिक्षा मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, नीति-निर्माता, शिक्षाविद व शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए। समागम का उद्देश्य नयी शिक्षा नीति (एनइपी) 2020 के पांच वर्षों के कार्यान्वयन की समीक्षा, अनुभवों का आदान-प्रदान, चुनौतियों की पहचान और भविष्य की दिशा तय करना रहा। मौके पर मंत्री रामदास सोरेन ने अपने संबोधन में झारखंड राज्य में एनइपी के अंतर्गत किये गये शिक्षा सुधारों, योजनाओं और प्रयासों की जानकारी दी। मंत्री श्री सोरेन ने कहा नयी शिक्षा नीति देश की शिक्षा प्रणाली को समावेशी, नवाचारी और रोजगारोन्मुखी बनाने की दिशा में प्रभावशाली कदम है। झारखंड सरकार विशेषकर जनजातीय, ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में डिजिटल शिक्षा, मातृभाषा में अध्ययन और कौशल विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री श्री सोरेन ने राज्य में शिक्षा के विकास हेतु एक मांग-पत्र भी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को सौंपा। मांग-पत्र में राज्य के शैक्षणिक ढांचे को सुदृढ़ करने, डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता, शिक्षकों की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण सहित विभिन्न मुद्दों पर सहयोग की अपील की गयी। समागम के दौरान शिक्षा से जुड़े विविध विषयों में डिजिटल नवाचार, मातृभाषा में शिक्षा, स्कूली और उच्च शिक्षा के समन्वय, कौशल आधारित शिक्षा, शिक्षकों के प्रशिक्षण आदि पर केंद्रित सत्रों का आयोजन हुआ। अंत में एनइपी @5ह्ल पर आधारित एक रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गयी। जिसमें नीति की अब तक की उपलब्धियों के साथ-साथ आगामी दिशा-निर्देशों का खाका प्रस्तुत किया गया। यह समागम न केवल नयी शिक्षा नीति की सफलता का प्रतीक बना, बल्कि देशभर में शिक्षा को एक सशक्त, समावेशी और आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में उठाये जा रहे कदमों का व्यापक मंच भी सिद्ध हुआ।

# प्रतिबंधित मांस की बिक्री के विरुद्ध कार्रवाई के संबध में डीजीपी दें शपथपत्र : हाइकोर्ट

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची निवासी श्यामानंद पांडेय द्वारा दायर की गयी जनहित याचिका पर सुनवाई हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने राज्य के डीजीपी को प्रतिबंधित मांस की बिक्री के विरुद्ध उठाये गये कदमों की जानकारी देने के संबंध में शपथ पत्र दायर करने का निर्देश दिया है। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शुभम कटारुका ने बहस की। उन्होंने अपनी बहस में अदालत को यह बताया कि रांची एसएसपी की ओर से जो शपथपत्र दिया गया है। शपथपत्र में सिर्फ यह जानकारी दी गयी है कि गौ तस्करी के मामले में कितनी प्राथमिकी दर्ज की गयी है और क्या-क्या कार्रवाई की गयी है। लेकिन अभी भी शहर में अवैध रूप से प्रतिबंधित मांस की बिक्री हो रही है। हाइकोर्ट अब इस जनहित याचिका पर चार सप्ताह बाद सुनवाई करेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
Subscribe NOW

# झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 1 से 7 अगस्त तक चलेगा

## पक्ष-विपक्ष दोनों ने सत्र को लेकर अपनी कमर कस ली है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 1 अगस्त से प्रारंभ हो रहा है। यह सत्र 7 अगस्त तक चलेगा, जिसमें कुल पांच कार्य दिवस होंगे। इधर पक्ष-विपक्ष दोनों ने सत्र को लेकर अपनी कमर कस ली है। पक्ष-विपक्ष के बीच विभिन्न मुद्दों पर तकरार संभव है। खासकर राज्य में कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार पर विपक्ष सरकार को घेरेगा। इसके अलावा मंईयां सम्मान योजना की खामियां और रोजगार के मुद्दे भी सदन में गूंजेंगे। सरकार के सभी मंत्रियों को अपने-अपने विभाग की उपलब्धियों के साथ सत्र में पहुंचने का निर्देश दिया गया है। साथ ही तथ्यपरक जवाब देने की तैयारी करने को भी कहा गया है। इधर मॉनसून सत्र की तैयारी को लेकर स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने 31 जुलाई को पक्ष-विपक्ष के नेताओं की बैठक बुलायी है। इस बैठक में स्पीकर सत्र के सुचारू संचालन के लिए पक्ष-विपक्ष के सदस्यों से सहयोग मांगेंगे।



### मानसून सत्र का शेड्यूल

**1 अगस्त 2025:** राज्यपाल की सहमति प्राप्त विधेयक सदन के पटल पर रखे जायेंगे. और दिवंगत विभूतियों को याद किया जायेगा।

**4 अगस्त 2025:** वित्तीय वर्ष 2025-26 का पहला अनुपूरक बजट पेश किया जायेगा।

**5 अगस्त 2025:** प्रश्नकाल, अनुपूरक बजट पर चर्चा।

**6 अगस्त 2025:** प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक।

**7 अगस्त 2025:** प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक, गैर सरकारी संकल्प।

# शिव हनुमान मंदिर निर्माण समिति की नयी कमेटी गठित, कुसुम देवी अध्यक्ष मनोनीत

**रांची (आजाद सिपाही)।** शिव हनुमान मंदिर निर्माण समिति की बैठक मंगलवार को इस्ट जेल रोड वीर बिरसानगर में की गयी। इसमें शिव हनुमान मंदिर निर्माण कार्य जो अधूरा है उसे पूरा करने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया। इसमें स्वर समिति से कुसुम देवी को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। साथ ही प्रमिला देवी को महासचिव के रूप में पदभार दिया गया। कोषाध्यक्ष के रूप में किरण देवी का चयन किया गया। इस अवसर पर कुसुम देवी ने कहा कि शिवरात्रि से पहले इस शिव हनुमान मंदिर को भव्य निर्माण करने के लिए प्रयासरत रहेगी और दो महीना के अंदर में यह मंदिर का निर्माण कार्य पूरा किया जायेगा जिससे आसपास के लोगों को पूजा पाठ करने में कठिनाई न हो। इस बैठक में सुनीता देवी, प्रतिभा देवी, कौशल्या देवी सहित बड़ी संख्या में शिव भक्त उपस्थित थे।

# शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मेहंदी प्रतियोगिता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मंगलवार को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता कॉलेज के सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित की गयी थी। इसमें बीएड प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बीएड प्रशिक्षणार्थियों ने पारंपरिक और आधुनिक डिजाइनों में मेहंदी लगाकर अपनी रचनात्मकता और कला कौशल का प्रर्दशन किया। जजों ने प्रत्येक प्रतिभागी के डिजाइन, साफ-सफाई और प्रस्तुतिकरण को ध्यान में रखते हुए विजेताओं का चयन किया। इस प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों के नाम इस प्रकार हैं। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान काजल कुमारी, द्वितीय स्थान नेहा, तृतीय स्थान श्रृष्टि और रिंकी और आकांक्षा चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। वहीं बालक वर्ग में प्रथम स्थान अजय, द्वितीय स्थान दीपक और तृतीय स्थान असद ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल प्रशिक्षणार्थियों को पारंपरिक कला से जोड़ना था, बल्कि उनके आत्मविश्वास और टीम भावना को भी बढ़ावा देना था। इंचार्ज प्रो डॉ अंजू शर्मा ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों के सांस्कृतिक विकास और सौंदर्य कला के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम का संचालन संध्या लकड़ा ने किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं और बीएड प्रशिक्षणार्थी मौजूद थे।



# नैक के पूर्व चेयरमैन की पुस्तक का एसबीयू में लोकार्पण

### 'एनइपी 2020 एक ऐतिहासिक नीति'

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में बुधवार को सरला बिरला स्मृति व्याख्यान के अंतर्गत प्रख्यात शिक्षाविद् एवं अनुसंधान वैज्ञानिक और नैक के पूर्व चेयरमैन डॉ भूषण पटवर्धन मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर उनकी लिखी किताब 'जीनोम से ॐ तक' का विमोचन एसबीयू सभागार में किया गया। अपने संबोधन में डॉ पटवर्धन ने शिक्षा के क्षेत्र में उदार मूल्यों के प्रसार हेतु बिरला परिवार की समृद्ध विरासत का जिक्र किया। इस वर्ष एनइपी 2020 की पांचवीं वर्षगांठ मनाये जाने की बात करते हुए उन्होंने इसे ऐतिहासिक नीति करार दिया। मानवता और सामाजिक विज्ञान के बगैर विज्ञान के अस्तित्व को उन्होंने अधूरा बताया।

'जीनोम से ॐ तक' पुस्तक के विषय में बताते हुए उन्होंने बताया कि इस पुस्तक को पढ़ने की एकमात्र पात्रता जिज्ञासा है। यह पुस्तक दर्शन, विज्ञान, और आध्यात्मिकता के संगम की बात करती है। आज के दौर में उभरते आयुर्जीनॉमिक्स पर भी उन्होंने विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने आत्मा और परमात्मा के बीच संबंध, मैं और ब्रह्मांड, मस्तिष्क, पदार्थ के एकीकरण की भी बात की। प्रज्ञानं ब्रह्म की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यह प्रकृति से परे है और प्रकृति का स्वभाव हमारे ज्ञान तंत्र में वर्णित है। अनुभव और अनुभूति-कल का विज्ञान-कल्पना आज की हकीकत बन चुका है। विज्ञान के उद्देश्य-सत्य और सार्वभौमिक कल्याण पर बोलते हुए उन्होंने मस्तिष्क और मन के अस्तित्व पर भी विस्तृत चर्चा की। साथ ही अपनी पुस्तक जीनोम से ॐ के सभी नौ अध्यायों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के अवसर पर एसबीयू के कुलपति प्रो सी जगनाथन ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से कई सकारात्मक परिवर्तन हुए हैं और भारतीय ज्ञान प्रणाली के समग्र दृष्टिकोण को बल मिला है। विवि में एनइपी के क्रियान्वयन, विभिन्न संगोष्ठियों, कार्यक्रमों, और कार्यशालाओं के आयोजन को उन्होंने प्रेजेंटेशन के माध्यम से दर्शाया। एसबीयू के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने अपने संबोधन में शिक्षकों और गुरुओं के समग्र मूल्यों पर जोर दिया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मसौदे के अनुसार आज के दिन को महत्वपूर्ण बताया। डॉ भूषण पटवर्धन की पुस्तक जीनोम से ॐ पर चर्चा करते हुए उन्होंने शिक्षा के स्वरूप, मूल्य-प्रणाली और आध्यात्मिकता और शिक्षा के समन्वय पर प्रकाश डाला। हमारी प्राचीन विश्वविद्यालय प्रणाली की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यह महज वेतन पैकेज के लिए न होकर मूल्यों, आध्यात्मिकता और ज्ञान के लिए प्रसिद्ध थी। सरला बिरला विश्वविद्यालय की कुलाधिपति के मुख्य सलाहकार डॉ अजीत राणाडे ने कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा किसी भी देश की प्रगति और विकास का सबसे महत्वपूर्ण कारक है और यह राष्ट्र निर्माण के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। सरला बिरला विश्वविद्यालय की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यह एक युवा विश्वविद्यालय है और इसने कम समय के भीतर ही अपनी विशिष्ट पहचान बना ली है। स्वामी विवेकानंद के कथन शिक्षा वह है जो आपके भीतर की दिव्यता को प्रकट करती है को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा की शुरूआत जिज्ञासा से होती है और यह कभी रुकनी नहीं चाहिए। आज की शिक्षा प्रणाली में आध्यात्मिकता और विज्ञान की आवश्यकता पर उन्होंने जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में पुस्तक पर प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षककेत्तर कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने इस व्याख्यान के आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया है।




# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी मेमोरियल अवार्ड 2025 से सम्मानित हुए चंद्रेश बजाज

### रियल स्टेट क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य और रमादा होटल के सफल संचालन के लिए मिला सम्मान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शाकंबरी बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक पवन बजाज के पुत्र चंद्रेश बजाज को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी मेमोरियल अवार्ड 2025 से मुंबई के प्रतिष्ठित होटल ताज में सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें महाराष्ट्र के पूर्व सीएम, पूर्व केंद्रीय मंत्री और वर्तमान सांसद नारायण राणे व बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद ने प्रदान किया। यह प्रतिष्ठित सम्मान बिहार और झारखंड में शाकंबरी ग्रुप द्वारा रियल स्टेट के क्षेत्र में किये गये विश्वसनीय और उल्लेखनीय कार्य और उत्कृष्ट शुद्ध शाकाहारी भोजन उपलब्ध कराने वाली रमादा होटल की रांची शाखा के सफल संचालन के लिए दिया गया। गौरतलब है कि रमादा की विश्वभर में नौ हजार से अधिक शाखायें हैं, परंतु रांची स्थित रमादा होटल, इसे पवन बजाज ने स्थापित किया है। झारखंड का पहला पूर्णतः शाकाहारी रमादा होटल है, जो अपनी गुणवत्ता, स्वाद और सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है। विदित हो कि शाकंबरी ग्रुप के संस्थापक पवन बजाज को वर्ष 1996 में इंदिरा गांधी प्रियदर्शिनी पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। यह पुरस्कार उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती के स्मृति में उनके कार्यक्षेत्र में दिये गये महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए प्रदान किया गया था। इस प्रकार यह उपलब्धियां न केवल रांची और झारखंड बल्कि पूरे पूर्वी भारत के लिए गर्व का विषय हैं।




# मुजफ्फरपुर जंक्शन-समस्तीपुर जंक्शन रेलखंड सोनपुर मंडल से समस्तीपुर मंडल में स्थानांतरित

आजाद सिपाही संवाददाता

**हाजीपुर।** परिचालनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, केंद्र सरकार ने पूर्व मध्य रेल के मुजफ्फरपुर जंक्शन-समस्तीपुर जंक्शन रेलखंड को सोनपुर मंडल से समस्तीपुर मंडल में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है जो 01 सितंबर, 2025 से प्रभावी होगा। इस संबंध में गजट अधिसूचना जारी की जा चुकी है। इसके फलस्वरूप मुजफ्फरपुर, नारायणपुर अनंत, सिलौत, सिहो, ढ़ोली, दुबहा, विष्णुपुर बथुआ हाल्ट, खुदीराम बोस पूसा एवं कर्पूरी ग्राम स्टेशन सोनपुर मंडल से समस्तीपुर मंडल में स्थानांतरित हो जायेंगे। मुजफ्फरपुर-हाजीपुर रेलखंड पर सोनपुर और समस्तीपुर मंडलों के बीच नयी क्षेत्राधिकार सीमा मुजफ्फरपुर-रामदयालु नगर स्टेशनों के बीच किलोमीटर 50.000 पर होगी। सोनपुर और समस्तीपुर मंडलों के बीच मुजफ्फरपुर-कपरपुरा स्टेशनों पर किलोमीटर 92.800 पर, मुजफ्फरपुर-जुब्बा सहनी स्टेशनों पर किलोमीटर 0.744 पर और समस्तीपुर-कर्पूरी ग्राम स्टेशनों पर किलोमीटर 36.820 पर मौजूदा क्षेत्राधिकार सीमाएं समाप्त समझी जायेंगी क्योंकि ये सीमाएं समस्तीपुर मंडल के क्षेत्राधिकार में ही आयेंगी।



# पटरी पर सुरक्षा और मानव तस्करी के खिलाफ आरपीएफ की अडिग लड़ाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** 21 जुलाई, 2025 की एक साधारण दोपहर थी, जब नयी जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशन की भीड़भाड़, गाड़ियों की आवाजाही, उद्घोषणाओं और यात्रियों की भागदौड़ के बीच एक काली हकीकत छिपी हुई थी—मानव तस्करी। सूचना मिलने पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की महिला उप निरीक्षक सारिका कुमारी ने, आरपीएफ और जीआरपी (सरकारी रेलवे पुलिस) अधिकारियों के साथ मिलकर, तुरंत कार्रवाई की। ट्रेन संख्या 13245 डाउन की कई बोगियों में एक शांत और समन्वित तलाशी शुरू की गयी और जो सामने आया, वह चौंकाने वाला था। छप्पन युवा लड़कियां, भ्रमित और अपनी यात्रा के उद्देश्य से अनजान, दो व्यक्तियों – जितेंद्र कुमार पासवान और चंद्रिमा कर – के साथ पायी गयीं। ये आरोपी दावा कर रहे थे कि वे लड़कियों को बेंगलुरु के मोटर पार्ट्स और मोबाइल फोन कंपनियों में काम दिलाने ले जा रहे हैं। पकड़े जाने से बचने के लिए लड़कियों को अलग-अलग डिब्बों में बिठाया गया था। पूछताछ करने पर लड़कियां अपनी यात्रा या रोजगार के बारे में जानकारी नहीं दे सकीं, और यहां तक कि उनके माता-पिता भी पूरी तरह अनभिज्ञ थे। उनके कोच और बर्थ नंबर उनकी हथेलियों पर स्याही से लिखे हुए थे – यह इस बात का भयावह प्रमाण था कि यह अपराध कितनी संगठित रूप से किया जा रहा था। तस्कर कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके और न ही संतोषजनक उत्तर दे सके। कानूनी प्रावधानों के तहत दोनों को गिरफ्तार किया गया और सत्यापन के बाद लड़कियों को मुक्त कर दिया गया।

इस सफलता के पीछे केवल एक टीम नहीं थी, बल्कि एक सतर्क सुरक्षा तंत्र था, जो यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि भारत की विशाल रेलवे नेटवर्क – देश की जीवनरेखा – मानव शोषण का माध्यम न बने।



### जीवन की रक्षा में आरपीएफ की बढ़ती भूमिका

आरपीएफ के लिए यह सेवा का एक और दिन था — निःशब्द और दृढ़ संकल्पित। यात्री सुरक्षा सुनिश्चित करने, रेलवे संपत्ति की रक्षा करने और व्यवस्था बनाये रखने जैसी अनेक जिम्मेदारियों के बीच, एक भूमिका ने पिछले दशक में विशेष महत्व प्राप्त किया है: मानव तस्करी को रोकना।

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम), रांची की बैठक का आयोजन सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक और अध्यक्ष नराकास (उपक्रम), रांची, मनोज कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी सहित रांची शहर स्थित लगभग 27 पीएसयू के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस मौके पर मनोज कुमार ने कहा कि नराकास की परिकल्पना एक ऐसे संयुक्त मंच के रूप में की गयी है जहां आपसी विचार-विमर्श से राजभाषा कार्यान्वयन को गति दी जा सके और इसकी प्रगति के मार्ग में आने वाली बाधाओं को पारस्परिक प्रयासों से दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि नराकास की पिछली बैठक में मूल पत्राचार की प्रतिशतता कम से कम 85 प्रतिशत और टिप्पणियों की प्रतिशतता 70 प्रतिशत तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया था, जिसे अधिकांश कार्यालयों ने प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि धारा 3(3) के अंतर्गत शत-प्रतिशत कागजात द्विभाषी जारी होने चाहिए, जिसका ध्यान रखना आवश्यक है। एमएसटीसी लिमिटेड को प्रथम पुरस्कार, सीसीएल को द्वितीय पुरस्कार और हडको लिमिटेड को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मेकॉन लिमिटेड द्वारा आयोजित राजभाषा निबंध प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को भी इस अवसर पर पुरस्कृत किया गया।




# विक्रमादित्य नगर टाटीसिलवे में गुरु पूजन कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विक्रमादित्य नगर टाटीसिलवे की ओर से टाटीसिलवे चौक स्थित लाली होटल रेसीडेंसी में गुरु पूजन सह समर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी स्वयंसेवकों ने भगवा ध्वज का पूजन करके समर्पण किया। विभाग विद्यार्थी प्रमुख शशांक जी ने गुरुपूजन के महत्व पर प्रकाश डाला और गुरु द्रोणाचार्य की गुरु भक्ति की कथा का वर्णन किया। साथ ही गुरु पूजन के मानव जीवन और भारतीय सभ्यता के महत्व पर जानकारी दी। मौके पर शंकर प्रसाद, आशुतोष द्विवेदी, रविंद्र तिवारी, आदित्य सिंह, शंकर साहू, बृजेश सिंह, चंदन मिश्रा, राजन साहू, राजेंद्र प्रमाणिक, अमित मिश्रा, विनोद अग्रवाल, राजेश मिश्रा, राजेश्वर मिश्रा, नागेश्वर महतो के साथ सैकड़ों स्वयं सेवक उपस्थित थे।




### पांच दिवसीय श्री कृष्ण बीतक कथा के तीसरे दिन गुरु शिष्य का आध्यात्म संगम

# स्वामी देवचंद्रजी के उपदेशों से आत्माएं जागृत होती हैं : साध्वी मीणा महाराज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग रांची में आयोजित पांच दिवसीय संगीतमय श्रीकृष्ण बीतक कथा के तीसरे दिन का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध कथा वाचिका विदुषी साध्वी मीणा महाराज एवं विदुषी पूर्णा महाराज ने भक्तों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। तीसरे दिन की कथा में विदुषी साध्वी मीणा महाराज ने कहा कि देवचंद्र महाराज को श्रीकृष्णजी दर्शन देकर कहा था कि देवचंद्रजी सब देवन के देव और सम्पूर्ण इष्टों के इष्ट हैं। यह सुनकर स्वामी हरिदासजी देवचंद्रजी के पैरों पर गिर पड़े और स्वामीजी के मन में देवचंद्रजी के प्रति पूज्य भाव जाग्रत हुआ। विश्व के धार्मिक इतिहास में ऐसे प्रकरण कम ही मिलते हैं, जब गुरु शिष्य के प्रति पूज्य भाव रखने लगे। इसके उपरांत विदुषी साध्वी पूर्णा महाराज ने श्रीकृष्ण के ब्रज दर्शन के दिव्य प्रसंग को अत्यंत मार्मिक एवं भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत किया। कथा के अंत में सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर डूंगरमल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, मनोज चौधरी, पूरणमल सर्राफ, संजय सर्राफ, मधु जाजोदिया, मनीष जालान, पवन पोद्दार, विशाल जालान, पुजारी अरविंद पांडे, विद्या देवी अग्रवाल, विमला जालान, शोभा जालान, सरिता अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, उर्मिला पाड़िया, निकिता जालान, उमा नारसरिया, अनीता जालान, सुलोचना देवी चौधरी, रेखा पोद्दार, शारदा पोद्दार, सरोज पोद्दार और शीला मुरारका के अलावा बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे।






# देवघर बस दुर्घटना पर स्पीकर ने शोक व्यक्त किया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने देवघर के जमुनिया चौक पर कावड़ियों से भरी बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से हुई कई श्रद्धालुओं की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। इस हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं। रवींद्रनाथ महतो ने एक्स हैंडल पर लिखा कि वे इस सूचना से मर्माहत हैं और बाबा बैद्यनाथ से प्रार्थना करते हैं कि मृतकों की आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें और उनके परिजनों को यह पीड़ा सहन करने की शक्ति प्रदान करें। रवींद्रनाथ महतो ने जिला प्रशासन से राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाने और घायलों को बेहतर उपचार प्रदान करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को घायलों के इलाज में कोई कसर नहीं छोड़नी चाहिए और उन्हें जल्द से जल्द स्वस्थ होने में मदद करनी चाहिये।

# शशि थरूर की पार्टी में आदित्य विक्रम जयसवाल हुए शामिल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली/ रांची।** आदित्य विक्रम जयसवाल ने मंगलवार को नयी दिल्ली में सांसद डॉ शशि थरूर द्वारा आयोजित हाई प्रोफाइल मैंगो और चाट पार्टी में शिरकत की। इस पार्टी में कई प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया, जिनमें महुआ मोइत्रा, असदुद्दीन ओवैसी और प्रियंका चतुर्वेदी जैसे सांसद, मीडिया से राजीव सरदेसाई और बरखा दत्त जैसी प्रमुख हस्तियां शामिल थीं। आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा कि डॉ थरूर से मिलकर हमेशा राजनीति के क्षेत्र में कुछ नया सीखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि इस पार्टी में शामिल होना गौरवपूर्ण और आत्मीय था। आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा कि डॉ थरूर के साथ बातचीत और उनके अनुभवों से सीखने का अवसर मिला, जो उनके लिए बहुत मूल्यवान था। पार्टी में कई प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया, जिनमें महुआ मोइत्रा, असदुद्दीन ओवैसी और प्रियंका चतुर्वेदी जैसे सांसद, मीडिया से राजीव सरदेसाई और बरखा दत्त जैसी प्रमुख हस्तियां शामिल थीं। आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा कि इन हस्तियों से बातचीत और उनके अनुभवों से सीखने का अवसर मिला, जो उनके लिए बहुत उपयोगी था।

## राजद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी में संजय सहित 14 हुए मनोनीत

रांची (आजाद सिपाही)। राजद राष्ट्रीय कार्यकारिणी और विशेष आमंत्रित ग्रुप में राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने झारखंड प्रदेश से 14 नेताओं को मनोनीत किया है। पार्टी के प्रदेश राजद महासचिव कैलाश यादव ने बताया कि झारखंड प्रदेश से पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी में प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, मंत्री संजय प्रसाद यादव, गौतम सागर राणा, पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, अभय सिंह (राष्ट्रीय महासचिव), सुभाष यादव और विशेष आमंत्रित सदस्यों में विधायक नरेश सिंह, कैलाश यादव, गिरधारी गोप, अनीता यादव, कल्पना यादव, रंजन यादव, रश्मि प्रकाश और कमलेश यादव को शामिल किया गया है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी से मनोनीत सभी नेताओं की ओर से राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और बिहार में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव और राष्ट्रीय महासचिव भोला प्रसाद यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## दयामनी बरला को नागरिक समाज संपर्क विभाग की प्रदेश पर्यवेक्षक बनाया गया

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) ने राज्य में पार्टी की जनपहुंच को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से ह्यनागरिक समाज संपर्क विभागह्न (रचनात्मक कांग्रेस) के गठन की घोषणा की है। दयामनी बारला को नागरिक समाज संपर्क विभाग की प्रदेश पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। यह निर्णय प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में लिया गया है। इस नवगठित विभाग का उद्देश्य झारखंड में सक्रिय जनसरोकारों, नागरिक समाज संगठनों और सामाजिक कार्यकताओं के साथ कांग्रेस पार्टी के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करना है, ताकि जनहित के मुद्दों पर मिलकर कार्य किया जा सके। इस विभाग की पहली नियुक्ति के तहत दयामनी बारला को नियुक्त किया गया है। उन्हें पीसीसी एवं डीसीसी स्तर पर विभाग के गठन की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। साथ ही, उन्हें कांग्रेस पार्टी और सामाजिक संगठनों के बीच संवाद एवं सहयोग को सुनिश्चित करने का दायित्व भी दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी को विश्वास है कि यह कदम पार्टी की सामाजिक सहभागिता को और भी व्यापक बनायेगा और झारखंड में कांग्रेस को जन आंदोलनों के करीब लायेगा। उक्त जानकारी झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चेयरमैन मीडिया विभाग सतीश पौल मुजनी ने दी।

# जेएसएससी ने सहायक आचार्य का परीक्षा परिणाम जारी किया

## सुप्रीम कोर्ट ने 14 अगस्त तक परिणाम जारी करने का दिया था निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड में चल रही सहायक आचार्य नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर दाखिल अवमानना याचिका पर सोमवार को सुनवाई करते हुए 14 अगस्त तक परिणाम जारी करने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्देश के बाद जेएसएससी ने परिणाम जारी कर दिये हैं।

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस केवी विश्वनाथ और जस्टिस विजय विश्नोई की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। इस संबंध में परिमल कुमार एवं अन्य की ओर से सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की गयी है।




### 1661 पदों पर परिणाम किये गये घोषित

प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायण और झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने अदालत को बताया कि कक्षा छह से आठ के लिए गणित और विज्ञान में 5008 रिक्तियां होने के बावजूद केवल 1661 पद परिणाम घोषित किये गये हैं। जबकि 2734 उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया गया था। उनमें से 400 के दस्तावेजों में कोई त्रुटि नहीं थी। कट ऑफ मार्क्स से अधिक अंक पाने वाले कई उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के लिए नहीं बुलाया गया। कक्षा एक से पांच तक सामाजिक विज्ञान के परिणाम भी अभी तक जारी नहीं किये गये हैं।

### परीक्षा रद्द होने के कारण परिणाम जारी करने में हुई देरी

वहीं राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को यह जानकारी दी गयी कि झारखंड हाइकोर्ट के आदेश के बाद उर्दू सहित अन्य विषयों की परीक्षा रद्द कर दी गयी थी। इसलिए परिणाम जारी करने में देरी हो रही है। सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद जेएसएससी ने परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है।

# युवा कांग्रेस ने दिशोम गुरु के जल्द स्वस्थ होने की कामना की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन के जल्द स्वस्थ हो जाने की कामना को लेकर युवा कांग्रेस के नेताओं ने रजरप्पा मंदिर में पूजा अर्चना की। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कोऑर्डिनेटर प्रदीप सिंह मान, झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस चुनाव कोऑर्डिनेटर रजत थापा, युवा कांग्रेस नेता रोहित सिन्हा और रामगढ़ के विधायक प्रतिनिधि कमलेश कुमार महतो ने रजरप्पा मंदिर में जाकर पूजा-पाठ और हवन कर मां छिन्नमस्तिका से दिशोम गुरु शिबू सोरेन के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। रोहित सिन्हा ने कहा कि झारखंड के पुरोधा दिशोम गुरु शिबू सोरेन बीमार हैं, उनका इलाज दिल्ली में चल रहा, उनकी तबीयत स्थिर बनी हुई है। हम सब युवा कांग्रेस नेताओं ने मंदिर में पूजा अर्चना कर माता से जल्द उनके स्वस्थ हो जाने की कामना की। आशा है मां छिन्मस्तिका के आशीर्वाद से गुरुजी जल्द स्वस्थ होकर रांची लौटेंगे।



# साईं नाथ विश्वविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** साईं नाथ विश्वविद्यालय, रांची के डिप्लोमा इन मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 12 छात्रों का चयन देश की प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल कंपनी कृष्णा मारूति लि, गुड़गांव, हरियाणा में हुआ है। चयनित छात्रों को चार लाख रुपये प्रति वर्ष का वार्षिक वेतन पैकेज प्रदान किया गया है। चयनित छात्रों में सागर कुमार, रोहन कुमार, रितिक कुमार, विक्की कुमार, शिवम कुमार, अमन कुमार सिंह, मो अरबाज अंसारी, अमन खान, चंदन दास, विक्की विलोंग, रवि शंकर कुमार और अनिकेत आनंद शामिल हैं।




विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) एसपी अग्रवाल ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत, लगन एवं विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा का प्रतिफल है। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक दक्षता प्रदान करता है, बल्कि उन्हें समय-समय पर औद्योगिक प्रशिक्षण, करियर काउंसलिंग और साक्षात्कार की तैयारी जैसे आवश्यक मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराता है।

कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के सफल संचालन में इंजीनियरिंग विभाग के प्राचार्य-डॉ अहसन रब्बानी, प्लेसमेंट सेल के सहायक कुलसचिव सुबोध सिन्हा, विभागाध्यक्ष एनुल हक सहित अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

# भाजपा को जनहित की चिंता नहीं: विनोद कुमार पांडेय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सह प्रवक्ता एवं राज्य समन्वय समिति के सदस्य विनोद कुमार पांडेय ने भाजपा के आरोपों को पूरी तरह भ्रामक, तथ्यहीन और राजनीतिक कुंठा से प्रेरित बताया है। पांडेय ने स्पष्ट किया कि राज्य समन्वय समिति झारखंड की जनता और सरकार के बीच एक सक्रिय और संवेदनशील पुल के रूप में कार्य कर रही है और इसके सभी सदस्य लगातार राज्य सरकार को नीतिगत, सामाजिक और क्षेत्रीय मुद्दों पर सुझाव दे रहे हैं।




पांडेय ने कहा कि भाजपा को यह बर्दाश्त नहीं हो पा रहा कि झारखंड की एक निर्वाचित सरकार सुचारू रूप से काम कर रही है, और उसमें क्षेत्रीय दलों की भूमिका निर्णायक है। यही वजह है कि वे हर संस्था को बदनाम करने में लगे हैं। भाजपा के नेता राज्य समन्वय समिति की केवल बैठक की तारीखें गिनाने में लगे हैं, लेकिन यह जानबूझकर नजरअंदाजी है कि समिति की बैठकें केवल औपचारिकता नहीं होती, बल्कि उसके सदस्य अपने-अपने क्षेत्र और जनसमूहों के मुद्दों पर सभी विभागों से संवाद और समन्वय कर सीधे मुख्यमंत्री को सुझाव देते हैं। यह एक नियमित प्रक्रिया है। पांडेय ने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा का यह स्वाभाविक चरित्र बन चुका है। जिस व्यवस्था में उनकी भागीदारी नहीं हो, उसे वे राजनीतिक उपहार योजना कहने लगते हैं। उन्हें हर बात में मलाई नजर आती है, क्योंकि वे खुद सत्ता में सिर्फ मलाई के लिए आते थे। उन्होंने दो टूक कहा कि यह समिति ना केवल सक्रिय है, बल्कि सरकार की नीतियों को जनभावनाओं के अनुरूप ढालने में इसकी बड़ी भूमिका है। भाजपा को कोई आपत्ति है, तो लोकतांत्रिक मर्यादाओं में रहकर संवाद करे। पांडेय ने अंत में कहा कि भाजपा के लिए सलाह है अगर राज्य में अपनी डूबी सियासत को फिर से खड़ा करना है, तो आलोचना के साथ-साथ कभी-कभी सहयोग की भाषा भी सीखिए। जनता अब गुमराह नहीं होती।

# राज्य सरकार ने किया राज्यपाल के अधिकारों पर प्रहार : सुदेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा है कि राज्य सरकार की प्राथमिकता शिक्षा में गुणात्मक सुधार करने की नहीं है, बल्कि राजनीतिक स्वार्थ के लिए राज्यपाल के अधिकारों पर प्रहार करना है। यह लोकतांत्रिक परंपराओं और संविधान की मूल भावना का अपमान है। सुदेश ने ये बातें मंगलवार को पार्टी कार्यालय में आजसू छात्र संघ की ओर से आयोजित मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कहीं।उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने युवाओं और छात्रों को ठगा है। राज्य में बेरोजगारी चरम पर है, नौकरियां सिर्फ कागजों पर हैं। सरकार की प्राथमिकता शराब की दुकानों का समय तय करना रह गया है। उन्होंने कहा कि कुलपति का चयन अब सरकार करेगी, जो युवाओं के अधिकारों पर कुठाराघात है। इससे पूर्व जनजातीय सलाहकार परिषद के मामले में भी राज्यपाल के अधिकारों की कटौती की गयी है, जबकि लोकतांत्रिक व्यवस्था में संविधान ने राज्यपाल को कुछ मामलों में विशेषाधिकार प्रदान किया है। सुदेश ने कहा कि राज्य में स्थानीय नीति और नियोजन नीति के नाम पर झूठे वादों से जनता को गुमराह किया गया। तीन महीने में कोई राशि नहीं खर्च नहीं की गई है और न ही योजनाओं पर कोई अमल किया जा रहा है। वहीं पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि पार्टी छात्रों, युवाओं और सभी वर्गों के लिए हमेशा संघर्ष करती रही है।



वहीं कार्यक्रम में झारखंड छात्र मोर्चा के प्रताप सिंह के नेतृत्व में रांची, बोकारो, देवघर, चतरा और गिरिडीह जिलों से कई छात्रों ने आजसू की सदस्यता ली। मौके पर पार्टी के दीपक महतो, संजय मेहता, बसंत महतो, कुमुद वर्मा, परवाज खान, ऋतुराज शाहदेव, ओम वर्मा, ज्योत्सना केरकेट्टा सहित अन्य उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में विश्व बाघ दिवस का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में मंगलवार को विश्व बाघ दिवस बड़े ही उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के जूलॉजी डिपार्टमेंट में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण एवं वन्यजीव सुरक्षा को लेकर विविध गतिविधियां आयोजित की गयीं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ गणेश बास्के, सजलेंदु घोष, डॉ खान, डॉ नमिता लाल, डॉ आभा दास, मारग्रेट कुजूर और अनीता उपस्थिति रहीं। उन्होंने बाघों के संरक्षण, उनकी घटती संख्या और पारिस्थितिकी तंत्र में उनके महत्व पर विचार साझा किये। छात्रा प्रीति कुमारी ने बाघ संरक्षण विषय पर स्वरचित कविता प्रस्तुत की। इस अवसर पर पोस्टर प्रदर्शनी, भाषण और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। सभी गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों में वन्यजीवों के प्रति जागरूकता फैलाना और उनके महत्व को समझाना था। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों और आयोजकों को उनके सहयोग के लिए सराहना दी गयी।

### आजसू छात्र संघ ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में विशेष परीक्षा की मांग की




रांची (आजाद सिपाही)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के स्नातक (यूजी) सत्र 2022-25 एवं स्नातकोत्तर (पीजी) सत्र 2023-25 के छात्रों को अंतिम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में हो रही देरी के कारण उच्च शिक्षा एवं प्लेसमेंट के अवसरों से वंचित होना पड़ रहा है। आजसू छात्र संघ ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि सेमेस्टर-6 का परिणाम यथाशीघ्र प्रकाशित किया जाये, छात्रों को मूल अंकपत्र (हार्ड कॉपी) समय पर प्रदान किया जाये, अनुत्तीर्ण छात्रों के लिए विशेष परीक्षा की घोषणा की जाये और सत्र 2022-25 के लिए विशेष सेमेस्टर परीक्षाओं का आयोजन सुनिश्चित किया जाये। इस मुद्दे पर आजसू छात्र संघ के संयोजक रवि रौशन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय की परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपा। रवि रौशन ने कहा कि यदि विश्वविद्यालय प्रशासन शीघ्र सकारात्मक पहल नहीं करता है, तो छात्र संघ चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होगा। छात्रों को समय पर परिणाम मिलना आवश्यक है ताकि वे उच्च शिक्षा और प्लेसमेंट के अवसरों का लाभ उठा सकें। छात्रों को मूल अंकपत्र की आवश्यकता होती है ताकि वे प्लेसमेंट और उच्च शिक्षा के लिए आवेदन कर सकें। यदि कोई छात्र अंतिम सेमेस्टर में अनुत्तीर्ण होता है, तो उसके लिए शीघ्र विशेष परीक्षा आयोजित की जानी चाहिए ताकि शैक्षणिक वर्ष व्यर्थ न जाये। सत्र 2022-25 के छात्रों के लिए सेमेस्टर 3, 4, 5 एवं 6 की विशेष परीक्षाएं आयोजित की जाये। इस मौके पर योगेश महतो, नितेश शर्मा, प्रशांत महतो सूरज महतो सहित अन्य मौजूद थे।

### हिंदू महापरिवार ने पहाड़ी मंदिर में भोग का वितरण किया




रांची (आजाद सिपाही)। हिंदू महापरिवार रांची महानगर के द्वारा लगातार तीसरी सोमवारी को भी शिवभक्तों के बीच भोग प्रसाद का वितरण किया गया। तीसरी सोमवारी को पहाड़ी मंदिर में साबूदाना का भोग वितरण किया गया। संध्या आरती में भक्तों की भारी भीड़ पहाड़ी मंदिर में उमड़ पड़ी। पहाड़ी मंदिर में संध्या आरती बहुत ही भव्य तरीके से की जाती है। हिंदू महापरिवार के सभी कार्यकर्ता बाबा का भोग प्रसाद बनाते हैं। हिंदू महापरिवार के कार्यकर्ता लगातार तीसरी सोमवारी बाबा के दरबार में सेवा दे रहे हैं। संध्या भोग वितरण में हिंदू महापरिवार के अध्यक्ष राजेश अयान, ईशान राज, रोहित प्रकाश प्रीत, संदीप गुप्ता, आनंद कुमार साही, बादल कुमार सिंह, स्वप्ना चटर्जी, आशुतोष दिवेदी, नम्रता सोनी, श्वेता सिंह, पंकज गुप्ता, अनुज कुमार, विनय कुमार, राहुल कुमार और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सफाई कर्मचारी आयोग और बोर्ड का यथाशीघ्र गठन करें : गोविंदा वाल्मीकी



रांची (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा झारखंड प्रदेश के मीडिया प्रभारी गोविंदा वाल्मीकि ने सीएम हेमंत सोरेन को ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन में सफाई कर्मचारी आयोग व बोर्ड बनने की बात कही है। 14 लाख से अधिक सफाई कर्मी की दैनिक जीवन नारकीय बन गयी है। उन्हें किसी प्रकार की आवासीय सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। इनकी स्वास्थ्य सेवाओं तक में कोताही बरती जाती है। ये पूरे नगर, बस्ती, प्रदेश की सफाई का जिम्मा उठा रखा है। वे खुद गंदगी में रहने को विवश हैं। यहां तक की ठेकेदार भी सफाई कर्मचारियों को प्रताड़ित करते हैं। इनकी समाज में अहम भूमिका है। इसे दरकिनार ना करते हुए इनके विकास के लिए कदम उठाये जाये। जो केवल और केवल झारखंड सरकार में सफाई कर्मचारी आयोग व बोर्ड बनने और उसमें भी सफाई कर्मियों की सहभागिता से ही ये हो पायेगा। गोविंदा वाल्मीकी ने कहा कि सरकार की फाइलों में सफाई कर्मी को हर सुख सुविधापूर्ण प्रबंधन देने की बात है। परंतु यदि वास्तविक धरातल पर देखा जाये तो यह सफेद हाथी ही है। अन्य राज्यों में सफाई कर्मी को मूलभूत आवश्यकता की पूर्ति के लिए आयोग और बोर्ड के माध्यम से हो रहा है। लेकिन झारखंड प्रदेश में यह अब तक सार्थक नहीं हो पा रहा। उन्होंने मुख्यमंत्री से निवेदन किया है कि महासभा की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर पहल की जाये।

# पहचान का 'आधार'

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में वोटर लिस्ट की समीक्षा के लिए आधार कार्ड और वोटर आइडी को भी मान्य दस्तावेजों की लिस्ट में शामिल करने का आदेश देकर आम लोगों को बड़ी राहत दी है। उम्मीद की जा सकती है कि इससे आम जनता के लिए प्रक्रिया आसान होगी और उसकी चिंताएं दूर होंगी।

**गतिरोध दूर होगा :** Special Intensive Revision यानी SIR को लेकर विरोध और गतिरोध का माहौल बना हुआ है। विपक्ष का आरोप है कि रिवीजन के बहाने खास तबकों के लोगों को वोटिंग के अधिकार से वंचित किया जा रहा है। संसद के मॉनसून सत्र में भी इसे लेकर खासा हंगामा हो चुका है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की इस सुनवाई पर सभी की निगाहें थीं। मान सकते हैं कि अदालत के आदेश से गतिरोध टालने में मदद मिलेगी।

**मुश्किल हल होगी :** सुप्रीम कोर्ट ने पिछली सुनवाई के दौरान आधार और वोटर कार्ड के साथ ही राशन कार्ड को भी दस्तावेजों की लिस्ट में शामिल करने का सुझाव दिया था। हालांकि चुनाव आयोग यह कह कर इससे बच रहा था कि इन डॉक्युमेंट्स पर भरोसा नहीं किया जा सकता। लेकिन, इसकी वजह से बिहार के आम लोगों के सामने परेशानी खड़ी हो गयी थी। पूरे राज्य से खबरें आयीं कि किस तरह डॉक्युमेंट्स बनवाने के लिए सरकारी विभागों में लंबी-लंबी लाइनें लग रही हैं - लोगों में डर है कि उनका वोटिंग अधिकार खत्म हो जायेगा। आधार और वोटर कार्ड आज के सबसे बुनियादी दस्तावेजों में हैं। ऐसे में शीर्ष अदालत के रुख से लोगों की मुश्किल काफी हद तक हल हो सकती है।

> **शीर्ष अदालत ने ड्राफ्ट वोटर लिस्ट पर रोक नहीं लगा कर कहा कि आखिरी सुनवाई की तारीख मंगलवार को तय की जायेगी। जब इतनी बड़ी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, तो उसे बीच में रोकना किसी समस्या का समाधान नहीं है।**

**परेशानी समझी जाये :** शीर्ष अदालत ने ड्राफ्ट वोटर लिस्ट पर रोक न लगा कर कहा कि आखिरी सुनवाई की तारीख मंगलवार को तय की जायेगी। जब इतनी बड़ी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, तो उसे बीच में रोकना किसी समस्या का समाधान नहीं है। जरूरत है कि प्रॉसेस के दौरान आने वाली दिक्कतों को समझा और दूर किया जाये। चुनाव आयोग कह भी चुका है कि किसी के वोटिंग अधिकार को बिना पूरा मौका दिये खत्म नहीं किया जायेगा। मतदाताओं के पास वोटर लिस्ट में जगह बनाने का अब भी मौका है।

**राजनीतिक असर :** SIR को लेकर इतना विरोध इसलिए है, क्योंकि इससे जुड़ी कई आशंकाएं विपक्ष एवं आम लोगों के मन में हैं। दूसरी बात यह कि आगे चल कर यह प्रक्रिया पूरे देश में होनी है। चुनाव आयोग के ही आंकड़े कि बिहार में 66 लाख नाम वोटर लिस्ट से कट सकते हैं, को लिया जाये, तो इसका राजनीतिक असर बहुत गहरा होगा। इस डर और आशंका को पारदर्शिता और भरोसे से ही दूर किया जा सकता है।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

पावर स्किल्स की खास बात यह है कि ये केवल एक नौकरी या प्रोजेक्ट तक सीमित नहीं हैं, बल्कि हर भूमिका, प्रोजेक्ट और इंडस्ट्री में कारगर साबित होते हैं। इसका प्रमाण 1918 में कार्नेगी फाउंडेशन के ए स्टडी ऑफ इंजीनियरिंग एजुकेशन रिपोर्ट में भी मिलता है। इसमें यह बताया गया है कि इंजीनियरिंग के क्षेत्र से जुड़े किसी पेशेवर की सफलता में 85 फीसदी योगदान उनके व्यक्तित्व और संवाद से जुड़े कौशल का होता है, जबकि महज 15 प्रतिशत योगदान तकनीकी ज्ञान या हार्ड स्किल्स का।

# जितना ज्यादा सीखेंगे, उतने मजबूत होंगे फैसले

**शाहीन परवीन**




सही फैसले लेने की क्षमता केवल अनुभव से नहीं, बल्कि लगातार सीखने और कौशल विकसित करने से भी आती है। जब आप खुद को नयी चीजों से अपडेट रखते हैं, तो न सिर्फ आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि आप जिंदगी और करियर से जुड़े निर्णय भी बेहतर तरीके से ले पाते हैं।

क्या आपने कभी गौर किया है कि जब आपको अपनी पसंद खुद चुनने का अधिकार मिलता है, तो आप ज्यादा प्रेरित महसूस करते हैं? आत्मनिर्णय के सिद्धांत के पीछे यही विचार है। आत्मनिर्णय से तात्पर्य किसी व्यक्ति की स्वयं निर्णय लेने और अपने जीवन का प्रबंधन करने की क्षमता से है। आत्मनिर्णय सिद्धांत के अनुसार तीन बुनियादी जरूरतें (स्वायत्तता, क्षमता और संबद्धता) लोगों को आगे बढ़ने और बदलने के लिए प्रेरित करती हैं।

आंतरिक प्रेरणा या व्यवहार के अंतर्निहित प्रतिफल के लिए गतिविधियों में संलग्न होने की अवधारणा, इस सिद्धांत में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आत्मनिर्णय हमारे अनुभवों और परिवेश के आधार पर बदल सकता है। क्या आप और अधिक आत्मनिर्णय लेना चाहते हैं? अपने आत्मनिर्णय कौशल को बेहतर बनाने के लिए आप कुछ कदम उठा सकते हैं।

> **सफलता की असली कुंजी है लगातार कौशल विकास**

**आत्मविश्वास कम न होने दें :** बाहरी कारक कभी-कभी आत्मनिर्णय की क्षमता को कम कर सकते हैं। आंतरिक रूप से प्रेरित व्यवहार के लिए लोगों को बाह्य पुरस्कार देने से स्वायत्तता कमजोर हो सकती है, जिसे अति-औचित्य प्रभाव (ओवरजस्टिफिकेशन इफेक्ट) के रूप में जाना जाता है। जैसे-जैसे व्यवहार बाहरी पुरस्कारों द्वारा नियंत्रित होता जाता है, लोग अपने व्यवहार पर कम नियंत्रण महसूस करने लगते हैं या उनकी आंतरिक प्रेरणा कम हो जाती है।

हालांकि सकारात्मक प्रतिक्रिया आत्मनिर्णय को भी बढ़ावा दे सकती है। आंतरिक प्रेरणा बढ़ाने के लिए किसी व्यक्ति को सकारात्मक प्रोत्साहन और प्रतिक्रिया देने की आवश्यकता होती है। यह प्रतिक्रिया स्वतःस्फूर्त एवं प्रामाणिक लगती है और लोगों को अपने प्रदर्शन के बारे में अधिक आत्मविश्वास महसूस करने में मदद करती है। ऐसी प्रतिक्रिया लोगों को अधिक सक्षम महसूस कराती है।

**जागरूक होने की जरूरत :** आत्म-निर्णय के उच्च स्तर को विकसित करने के लिए आपको आत्म-नियमन कौशल (अपने विचारों, भावनाओं और व्यवहारों को नियंत्रित करने की क्षमता) पर भी काम करना होगा। कुछ रणनीतियां जो आपको खुद को बेहतर ढंग से विनियमित करने में मदद कर सकती हैं, उनमें मानसिक और शारीरिक रूप से आप कैसा महसूस करते हैं। इसके लिए इसके बारे में अधिक जागरूक रहें, साथ ही अपनी भावनात्मक प्रतिक्रियाओं को बेहतर ढंग से निर्देशित करने के लिए संज्ञानात्मक पुनर्गठन का अभ्यास करें।

**अपनेपन का एहसास :** मजबूत सामाजिक रिश्ते प्रेरणा और खुशहाली को बढ़ावा दे सकते हैं। ऐसे लोगों की तलाश करें, जो आपको परवाह का एहसास दिलायें। यह कोई परिवार का सदस्य या दोस्त हो सकता है, या आपके कार्यस्थल के सहकर्मी, कोई सलाहकार या कोई और जो आपको सहारा और अपनेपन का एहसास दिलाये।

**खुद को तराशते रहें :** महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कुशल बनने से आपके भीतर आत्मनिर्णय की भावना विकसित होती है। चाहे किसी शौक, शैक्षणिक विषय या किसी अन्य क्षेत्र में आपकी गहरी रुचि हो, उसके वारे में जितना हो सके सीखना और अपने कौशल में सुधार करना आपको अधिक सक्षम महसूस करने में मदद कर सकता है।

**हर भूमिका में साबित होती है कारगर :** जटिल हालात में नेतृत्व करते और कठिन फैसले लेते हुए लोगों तथा काम को प्राथमिकता देना कोई आसाम काम नहीं होता। ऐसे में, आज के उद्योग और नेतृत्व की दुनिया में सिर्फ ज्ञान या मुनाफा कमाने से बात नहीं बनेगी, बल्कि इससे परे जाकर सोचने की जरूरत है। अगर आप एक आंत्रप्रेन्योर या पेशेवर हैं, तो सिर्फ ज्ञान को ही अपनी सीमा मत बनाइए। इसके साथ-साथ आपके पास भावनात्मक समझ, नैतिक सोच और इन्सानों के साथ जुड़ कर काम करने की कला जैसे पावर स्किल्स का होना भी जरूरी है। इन्हें आम तौर पर सॉफ्ट स्किल्स या पीपल स्किल्स भी कहा जाता है। ये खूबियां आपको टीम, संगठन और कॅरिअर में नई ऊंचाइयों पर ले जायेंगी।

**पावर स्किल्स क्यों हैं जरूरी :** पावर स्किल्स की खास बात यह है कि ये केवल एक नौकरी या प्रोजेक्ट तक सीमित नहीं हैं, बल्कि हर भूमिका, प्रोजेक्ट और इंडस्ट्री में कारगर साबित होते हैं।

इसका प्रमाण 1918 में कार्नेगी फाउंडेशन के ए स्टडी ऑफ इंजीनियरिंग एजुकेशन रिपोर्ट में भी मिलता है। इसमें यह बताया गया है कि इंजीनियरिंग के क्षेत्र से जुड़े किसी पेशेवर की सफलता में 85 फीसदी योगदान उनके व्यक्तित्व और संवाद से जुड़े कौशल का होता है, जबकि महज 15 प्रतिशत योगदान तकनीकी ज्ञान या हार्ड स्किल्स का। यही कारण है कि आजकल हर नियोक्ता चाहता है कि उसके पास मजबूत पावर स्किल्स वाले पेशेवर हों, ताकि कंपनी को लाभ हो सके।

**सिर्फ बदलाव को ही न स्वीकारें :** सबसे पहला पावर स्किल है अनुकूलनशीलता, जिसका अर्थ सिर्फ बदलाव को स्वीकार करना नहीं, बल्कि बदलती परिस्थितियों में तुरंत और सही ढंग से सोचना, महसूस करना और काम करना है। आज के युवाओं के लिए यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि आज हर संगठन को समस्या सुलझाने, नये बाजार या तकनीकी बदलावों से जूझने के लिए तैयार रहना ही पड़ता है। जिन पेशेवरों में यह गुण होता है, वे बदलावों का बेहतर तरीके से सामना कर पाते हैं और एआई जैसी तकनीकी क्रांतियों के साथ खुद को तेजी से ढाल लेते हैं।

**जमीनी हकीकत को भी समझें :** दूसरों की भावनाओं, उनकी सोच और जरूरतों को समझना और उसका आदर करना दूसरा महत्वपूर्ण पावर स्किल है, जो सहानुभूति कहलाता है। सहानुभूति रखने वाले पेशेवर सिर्फ डाटा या टारगेट के हिसाब से फैसले नहीं लेते, बल्कि टीम के लोगों की भावनाओं और जमीनी हकीकत को भी समझते हैं। इससे टीम का भरोसा बढ़ता है, रिश्ते मजबूत होते हैं और ऑफिस का माहौल सकारात्मक बनता है।

**हरेक की सोच का सम्मान :** तीसरे सबसे जरूरी पावर स्किल समावेशिता का मतलब है हर किसी की बात सुनना, विविध टीमों के साथ मिल कर काम करना और सबको बराबरी का मौका देना। जो लीडर अपनी टीम में खुल कर बातचीत करने और टीमवर्क का माहौल बनाते हैं, वहां नए विचार ज्यादा आते हैं, तेजी से बदलाव होता है और सही फैसले लिये जाते हैं। अलग-अलग सोच वाले लोगों से टीम में नवाचार की भावना और कार्यक्षमता, दोनों बढ़ती है।

## कोल्हान की खबरें

# पांच आरोपी और एक वारंटी गिरफ्तार



### टोल ब्रिज में गार्ड पर हमला के मामले का पुलिस ने किया खुलासा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** बीते चार दिन पूर्व आदित्यपुर टोल ब्रिज के वीआईपी लेन से जबरन प्रवेश की कोशिश करने का विरोध करने वाले सिक्योरिटी गार्ड पर जानलेवा हमला के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। एसपी मुकेश कुमार लुनायत के निर्देश पर एसडीपीओ समीर कुमार संवैया के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने छापेमारी कर पांच आरोपी को गिरफ्तारी कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी में सत्यम कुमार, सुजल कुमार, साहिल यादव, सचिन प्रसाद और एक अन्य साहिल यादव शामिल हैं। पुलिस ने आरोपी के स्विफ्ट को भी जब्त कर लिया। आदित्यपुर पुलिस के अनुसार गार्ड द्वारा वीआइपी लाइन के लिए पास मांगा गया था। आरोपियों ने हॉकी स्टिक और बैट से हमला कर गार्ड को घायल कर दिया।साथ ही पुलिस ने वारंटी गोपाल सरकार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। छापेमारी दल में थाना प्रभारी बिनोद तिर्की के अलावा रविकांत पराशर, सुषमा कुजूर, सुधांशु कुमार, आलम चांद महतो, विनोद टुडू, विपुल कुमार ओझा, नितीश पांडेय, सोवन हांसदा आदि शामिल रहे।

## केंद्रीय विद्यालय सुरदा के स्थानांतरण पर झामुमो का विरोध, एसडीओ को सौंपा पत्र



**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय विद्यालय सुरदा को सीटीसी केंद्र गोपालपुर में स्थानांतरित किए जाने की सूचना पर झामुमो नेताओं ने विरोध जताया। मंगलवार को विधायक प्रतिनिधि जगदीश भगत के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल एसडीओ सुनील चंद्र से मुलाकात कर मांग पत्र सौपा। मौके पर झामुमो नेताओ ने कहा विद्यालय के स्थानांतरण से गरीब और आदिवासी बच्चों की शिक्षा प्रभावित होगी। सीटीसी केंद्र तक यातायात की सुविधा नहीं होने से मुसाबनी, डुमरिया, घाटशिला और धालभूमगढ़ के बच्चों को भारी परेशानी उठाना पड़ेगा।जानकारी मिलने पर एसडीओ ने विभाग से पत्राचार कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।मौके पर कानू सामंत, अपा हेंब्रम, प्रताप दास सहित कई नेता शामिल रहे।

## पोटका के 40 परिवार को मिला आबुआ आवास योजना का लाभ

# 'अबुआ आवास योजना' मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जनकल्याणकारी सोच का परिणाम है: संजीव सरदार

### विधायक ने स्वयं लाभुकों को उनके नवनिर्मित घरों में कराया प्रवेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पोटका।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी आबुआ आवास योजना के तहत पोटका विधानसभा क्षेत्र के हल्दीपोखर पश्चिम पंचायत भवन में 40 लाभुकों के लिए गृह प्रवेश समारोह का आयोजन किया गया। मंगलवार को समारोह में मुख्य अथिति पोटका विधायक संजीव सरदार शामिल हुए। विधायक के हाथों दीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर पोटका विधायक स्वयं लाभुकों को उनके नवनिर्मित घरों में गृह प्रवेश कराया।

इस अवसर पर विधायक श्री सरदार ने कहा हेमंत सरकार में आबुआ आवास योजना केवल ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं बल्कि आत्मसम्मान और सुरक्षित जीवन की नींव है। यह राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जनकल्याणकारी सोच का परिणाम है। विधायक श्री सरदार ने कहा राज्य सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सम्मानजनक जीवन और आवास की सुविधा पहुंचाना है। श्री सरदार ने कहा कि झारखंड सरकार की योजना पोटका क्षेत्र में विकास और सामाजिक गरिमा के नए आयाम को रेखांकित किया।

वहीं गृह प्रवेश से लाभान्वित परिवारों ने हेमंत सरकार और विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे अपने जीवन की नयी शुरुआत बताया। इस मौके पर जिला उपविकास आयुक्त नागेंद्र पासवान,पोटका अंचल अधिकारी निकिता बाला, बीपीआरओ डॉ मनोज कुमार सिन्हा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष, मुखिया सहित ग्रामीण एवं लाभुक मौजूद रहे।

## विधायक पूर्णिमा साहू ने परसुडीह दुष्कर्म पीड़िता से की मुलाकात, प्रशासनिक रवैये पर नाराजगी



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** परसुडीह में पांच वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के मामले में विधायक पूर्णिमा साहू ने सदर अस्पताल पहुंचकर पीड़िता और परिजनों से मुलाकात की। मंगलवार को मुलाकात के दौरान सिविल सर्जन को बेहतर इलाज, सुरक्षा और काउंसलिंग के लिए निर्देश दिए। मौके पर विधायक ने घटना को मानवता पर कलंक बताते हुए पुलिस की प्रारंभिक लापरवाही और परिजनों पर अस्पताल से डिस्चार्ज का दबाव बनाने को लेकर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट किया बच्ची पूरी तरह स्वस्थ होने तक अस्पताल में ही रहेगी।विधायक ने पुलिस पर भाजपा कार्यकताओं द्वारा दबाव के बाद ही मामला दर्ज हुआ। आरोपी को पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। विधायक ने फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई और दोषी को कड़ी सजा देने की मांग की।

## टाटा स्टील ने मनायी भारत रत्न जेआरडी टाटा की 121वीं जयंती, इंटर स्कूल क्विज प्रतियोगिता का आयोजन





**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** भारत रत्न जेआरडीटाटा की 121वीं जयंती पर टाटा स्टील के द्वारा माइकल जॉन ऑडिटोरियम में इंटर स्कूल क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंगलवार को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पारुल मंगल शामिल हुए। प्रतियोगिता में जमशेदपुर के 27 अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के 270 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रारंभिक दौर का संचालन नमित गुप्ता व तामीर शाहिद फाइनल राउंड के क्विज मास्टर रहे।सेंटर फॉर एक्सीलेंस द्वारा आयोजित प्रतियोगिता के फाइनल में छह स्कूलों के बीच कड़ी मुकाबला देंखने को मिला। विद्या भारती चिन्मय विद्यालय के कुशाग्र चौधरी और अभ्युदय सिंह विजेता, लिटिल फ्लावर स्कूल के आहान रॉय और नमित शर्मा उपविजेता, सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल की निधि कुमारी और ओ.एम. पार्वती तीसरे स्थान पर विजयी हुए। सभी विजेता टीम को टाटा स्टील के हेलिकॉप्टर से शहर की सैर करवाई जायेगी। मौके पर श्रीमती मंगल ने कहा कि जेआरडी टाटा की विरासत सिर्फ जमशेदपुर तक सीमित नहीं,उन्होंने सदैव उत्कृष्टता, नैतिकता और राष्ट्र निर्माण को प्राथमिकता दी है। कार्यक्रम का संचालन हेड इवेंट मैनेजमेंट एवं प्रोटोकॉल, कॉरपोरेट कम्युनिकेशन टाटा स्टील मर्लिन फर्डोज एंकलसारिया के द्वारा किया गया।

## मंईयां सम्मान योजना के डीबीटी कैंप में नहीं पहुंचे बैंक प्रतिनिधि, महिलाओं में नाराजगी, डीडीसी से शिकायत



**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के तहत डीबीटी प्रक्रिया के लिए घाटशिला प्रखंड कार्यालय में विशेष कैंप लगाया गया।मंगलवार को कैंप में बंधन बैंक को छोड़ अधिकांश बैंकों के प्रतिनिधि अनुपस्थित रहे। लगभग 401 महिलाएं सुबह से छोटे बच्चों के साथ कैंप में पहुंचीं, लेकिन दोपहर 3 बजे तक भी डीबीटी नहीं हो पाया। इससे महिलाओं में काफी नाराजगी देखने को मिली। बताया जा रहा है कि बीडीओ युनिका शर्मा ने एलडीएम को जानकारी दी उसके बावजूद कोई समाधान नहीं निकला। अंततः निराश महिलाओं को बिना काम कराए लौटना पड़ा। वही एक महिला के पति देव प्रसाद पाल ने लापरवाही से नाराज होकर उप विकास आयुक्त को ट्वीट कर स्थिति से अवगत कराया। मौके पर महिलाओं ने सवाल उठाया जब कैंप नहीं चलाना था, तो सूचना क्यों दी गयी।

## फर्जी अधिवक्ताओं पर बार एसोसिएशन सख्त, रजिस्ट्रार को सौंपा ज्ञापन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जिला बार एसोसिएशन जमशेदपुर ने कोर्ट परिसर में फर्जी अधिवक्ताओं की बढ़ती गतिविधियों को लेकर चिंता जताई।मंगलवार को अध्यक्ष रतिंद्रनाथ दास व महासचिव राजेश रंजन के निर्देश पर जारी नोटिस में कहा गया गैरकानूनी तरीके से खुद को अधिवक्ता बताकर कुछ लोग आम लोगों को ठग रहे हैं। इससे वास्तविक अधिवक्ताओं के सम्मान और अधिकारों का हनन हो रहा हैं। इस संबंध में कार्यकारिणी सदस्य अनंत गोप के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधि मंडल नए रजिस्ट्रार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने अनुरोध किया डीड, रजिस्ट्री, कोर्ट मैरिज जैसे कार्यों में अधिवक्ता का पहचान पत्र अनिवार्य रूप से जांचा जाये। रजिस्ट्रार ने जानकारी मिलने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया। मौके पर मोहम्मद आफताब आलम, रविंदर ठाकुर, एम पी सिंह, सलिल, जितेंद्र कुमार सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## शिक्षा समाज की नींव है : चंपाई सोरेन



**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले को शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सौगात मिली है।मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री सह विधायक चंपाई सोरेन ने दीप प्रज्जलित कर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय का विधिवत उद्घाटन किया।मौके पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा शिक्षा समाज की नींव है। श्री केंद्रीय विद्यालय विद्यालय से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी।इस अवसर पर डीडीसी रीना हांसदा, जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, उपाध्यक्ष मधुश्री महतो सहित कई लोग मौजूद रहे।

## महिला की आत्महत्या मामले में चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

धुरकी (आजाद सिपाही)। कुंबा कला गांव में फांसी से झूलकर हुई आत्म हत्या को लेकर चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज, जांच में जुटी पुलिस। ज्ञात हो की धुरकी थाना छेत्र के कुंबा कला गांव में रविवार की रात्रि में गांव की रवीना खातून ने फांसी लगाकर आत्म हत्या की थी, जिसे सोमवार को धुरकी पुलिस ने बरामद किया था। इसे लेकर मृतक रवीना की मां फातिमा बीबी के द्वारा फांसी के लिए उकसाने के जिम्मेवार चार लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया है, जिसमें आजाद अंसारी, नौशाद अंसारी, सरफुद्दीन अंसारी के साथ अरगा कुमारी का नाम शामिल है। आवेदन मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गयी है।

## बीपी डीएवी पब्लिक स्कूल में अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण



गढ़वा (आजाद सिपाही)। बी.पी. डीएवी पब्लिक स्कूल में झारखंड अग्निशमन सेवा के सहयोग से अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अग्निशमन पदाधिकारी, गढ़वा मन्तु सिंह एवं हवलदार, सुशील कुमार दूबे ने विद्यालय परिवार को आग से बचाव एवं सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आशीष कुमार मंडल ने कहा कि हमारे जीवन में सुरक्षा एक प्राथमिक आवश्यकता है, और आग से संबंधित आपात स्थितियां अनपेक्षित रूप से उत्पन्न हो सकती हैं। अग्निशमन पदाधिकारी गढ़वा के मंतु सिंह ने कहा कि हमें हमेशा आपात स्थितियों के लिए तैयार रहना चाहिए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक डॉ शंभु कुमार तिवारी ने किया।

# सगमा: बकाया मानदेय के लिए हेडमास्टर ने रसोइया से मांगी घूस, प्रमुख ने बताया सही


**प्रमुख अजय शाह ने बताया कि रसोइया संगीता देवी का आरोप सही है, मगर हेड मास्टर अनिमा वर्मा किसी की भी बात को मानने के लिए तैयार नहीं हैं**



आजाद सिपाही संवाददाता

**सगमा।** मध्य विद्यालय की प्रभारी सब पर भारी इस मुहावरे को चरितार्थ करने का मामला सामने आया है। सगमा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मकरी की रसोइया संगीता देवी ने बताया कि विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका अनिमा वर्मा के द्वारा अपनी दस माह की बकाया मानदेय के लिए तीन हजार रुपये की मांग की गयी। इस पर मैंने कहा कि मैं अत्यंत गरीब परिवार की हूं, मैं इतना पैसा नहीं दे पाऊंगी। बस इतना कहने के बाद अनिमा वर्मा के द्वारा मुझे परेशान किया जाने लगा। कहा कि जबतक तुम पैसा नहीं दोगी, तबतक मानदेय का भुगतान नहीं होगा। इस घटना के बाद अनिमा वर्मा मुझे लगातार टार्चर करने लगी। कहा कि तुमको खाना बनाने नहीं आता है। साथ ही मुझे मानसिक रूप से परेशान किया जाने लगा। इसके कुछ दिनों बाद बीते अप्रैल माह में मुझे विद्यालय से हटा दिया गया। इसे लेकर मैं एसएमसी अध्यक्ष जयप्रकाश यादव, मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा, जिप सदस्य अंजू यादव से लेकर विधायक अनंत प्रताप देव और जिला शिक्षा अधीक्षक से लिखित रूप से शिकायत की, मगर मेरा मानदेय आज तक नहीं मिल सका है। इसे लेकर मंगलवार को प्रखंड प्रमुख अजय शाह के द्वारा विद्यालय पहुंचकर वस्तु स्थिति की जानकारी ली गयी। प्रमुख अजय शाह ने बताया कि रसोइया संगीता देवी का आरोप सही है, मगर हेड मास्टर अनिमा वर्मा किसी की भी बात को मानने के लिए तैयार नहीं हैं। इस गरीब महिला को तीन हजार रुपये के लिए प्रताड़ित किया जा रहा है। मैं जिला में बैठक के दौरान इसकी शिकायत उपायुक्त के साथ सभी वरीय पदाधिकारियों से करके इस समस्या का हर हाल में समाधान करूंगा।

## उपायुक्त ने सीएससी संचालकों के साथ समीक्षा बैठक की



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये जिले के सभी कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गयी, जिसमें सभी वीएलई समेत सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी तथा जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारीगण ऑनलाइन वर्चुअल रूप से उपस्थित थें। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक पंचायत स्तरीय प्रज्ञा केंद्र पर दी जा रही प्रमुख सेवाओं की सूची एक रूट मैप में तैयार कर प्रदर्शित की जायेगी। इसके साथ ही सभी केंद्रों पर बैनर, पोस्टर एवं विभिन्न सेवाएं हेतु निर्धारित शुल्क का रेट चार्ट 15 अगस्त 2025 तक अनिवार्य रूप से लगाया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। ताकि नागरिकों को पारदर्शी सेवाएं मिल सकें। प्रत्येक प्रज्ञा केंद्र का संचालन प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से शाम के 5 बजे तक किया जायेगा (रविवार एवं अन्य सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर)। प्रज्ञा केंद्रों से सम्बंधित शिकायत निवारण हेतु जिले के दो नोडल अधिकारियों मनीष कुमार (मो. 7217724394) एवं कौशल किशोर (मो. 7217724435) के मोबाइल नंबर साझा किये गये हैं। जिनसे नागरिक किसी भी समस्या की स्थिति में संपर्क कर सकते हैं।

उपायुक्त श्री यादव ने 15 अगस्त 2025 के बाद सभी संबंधित एसडीओ, बीडीओ एवं सीओ को क्षेत्रीय निरीक्षण कर मूल्यांकन प्रतिवेदन से अवगत कराने हेतु निदेशित किया। उपायुक्त ने कहा कि उपरोक्त सभी निर्धारित मानकों का पालन नहीं करने की स्थिति में संबंधित सीएससी की आईडी रद्द करने का कार्य किया जायेगा। ऑनलाइन वर्चुअल बैठक में उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं जिले के सभी सीएससी VLEs ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित रहें।

# अध्यक्ष पर फर्जी हस्ताक्षर कर एमडीएम का 70 हजार निकासी का हेडमास्टर ने लगाया आरोप, सहायक अध्यापक ने दिया इस्तीफा

**जानकारी के बाद भी विभाग मौन, जांच कर कार्रवाई करने का दिया हवाला**

आजाद सिपाही संवाददाता






**मेराल।** प्रखंड के पीएम श्री स्तरोन्नत उच्च विद्यालय तेनार में एमडीएम का पैसा को लेकर एचएम, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और सहायक अध्यापक के बीच 15 दिनों से विवाद चल रहा है जिसके चलते यहां बच्चों का भविष्य अधर में लटक सा गया है। बता दें कि विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अनंत प्रसाद मेहता ने विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजू कुमार गुप्ता पर सचिव के अनुमति के बिना ही बैंक से नया चेक बुक जारी कराकर तीन बार में 70 हजार रुपये निकासी कर पैसा गमन करने का लिखित शिकायत प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से किया है। प्रधानाध्यापक द्वारा दिये गये आरोप पत्र में कहा गया है कि सरस्वती वाहिनी एमडीएम खाता सख्या-4051000100055676 से बिना मेरे जानकारी के एक चेकबुक बैंक द्वारा जारी करा लिए तथा एक मुहर बनवाकर 29 नवंबर 2024 को 10 हजार और 50 हजार तथा 25 फरवरी 2025 को 10 हजार कुल 70 हजार रूपया बिना मेरे जानकारी का निकासी कर लिया गया। जबकि उस माह में एमडीएम का जो खर्च हुआ था उस राशि का चेक हमसे लेकर भुगतान करा लिए थे। जब पासबुक अपडेट कराया तो देखा कि 70 हजार रुपये का निकासी कर लिया गया है। जिस चेक बुक से पैसे की निकासी की गई है वह मेरे पास चेक बुक नहीं था। अध्यक्ष से पूछने पर 7 जुलाई को चेक बुक और मुहर मेरे पास लाकर जमा किए, जो अध्यक्ष द्वारा पैसा गमन को दर्शाता है उन्होंने आरोप लगाया है की अध्यक्ष द्वारा एमडीएम का संचालन भी मीनू के अनुसार नहीं किया जाता है। कहने पर भी एमडीएम संचालन में कोई सुधार नहीं किया जा रहा है। प्रधानाध्यापक ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से एमडीएम का सफल संचालन हेतु अध्यक्ष को कार्य मुक्त करते हुए दूसरे अध्यक्ष का चयन की अनुमति देने का मांग किया है ताकि आने वाले दिनों में इनके द्वारा किया गया गमन को रोका जा सके एवं बच्चों को मीनू के अनुसार एमडीएम दिया जा सके। विद्यालय के सहायक अध्यापक अनिल कुमार सिंह ने एमडीएम के पैसा निकासी विवाद के बाद 25 जुलाई को यह कहते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया कि मुझ पर अध्यक्ष द्वारा गलत आरोप लगाकर फसाने की कोशिश की जा रही है। अनिल कुमार सिंह के इस्तीफा को मंजूर करते हुए एचएम ने अग्रेसर कार्रवाई के लिए भेज दिया है।

विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजू गुप्ता ने बताया कि सहायक शिक्षक अनिल सिंह के द्वारा प्रतिमाह 6 हजार रुपये एमडीएम से मांगा जाता है।

## भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं भगवान भोलेनाथ : मिथिलेश

**पूर्व मंत्री मिथिलेश ने सपरिवार किया रुद्राभिषेक, की गढ़वा और राज्य के समृद्धि की कामना**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर नाग पंचमी के मौके पर मंगलवार को भव्य रुद्राभिषेक और महाप्रसाद का आयोजन किया गया। पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने सपरिवार रुद्राभिषेक किया। उन्होंने गढ़वा व राज्य के सुख समृद्धि की कामना की। रुद्राभिषेक में पूर्व मंत्री के परिजनों सहित कई प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी, समाजसेवी, शहर के गणमान्य लोग, झामुमो के सभी प्रमुख पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए। रुद्राभिषेक के बाद प्रसाद ग्रहण में भी गढ़वा के विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में लोग शामिल हुए। सभी ने मिलकर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की और महाप्रसाद ग्रहण किया।

दो दिन पूर्व से ही पूर्व मंत्री के आवास पर रुद्राभिषेक की तैयारी काफी जोर-जोर से की जा रही थी। वाराणसी के विद्वान आचार्यों ने रुद्राभिषेक कराया। मंत्रोच्चार की गूंज से पूरा माहौल भक्ति में बना हुआ था। पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि भगवान भोलेनाथ गढ़वा और झारखंड राज्य सहित पूरे देश को खुशहाल एवं समृद्ध बनाएं। उन्होंने कहा कि श्रद्धा पूर्वक की गयी पूजा अर्चना से भगवान प्रसन्न होते हैं। भगवान भोलेनाथ अपने सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं। रुद्राभिषेक में पूर्व मंत्री की पत्नी चंचल ठाकुर, भाई अमरनाथ ठाकुर, विनय ठाकुर, रोजी ठाकुर, परिवार के सभी सदस्यों सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

**कार्यालय-उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**
**(जिला ग्रामीण विकास शाखा)**

**शुद्धि पत्र**


इस कार्यालय के पत्रांक–1368 दिनांक–21.07.2025 (PR357345 Rural Devlopment (25-26)_D द्वारा जिला ग्रामीण विकास शाखा, लातेहार अन्तर्गत कुल 05 छोटे वाहन का नीलामी दिनांक–30.07.2025 को अपराह्न् 03:00 बजे से किया जाना था। जिसे अपरिहार्य कारणों से नीलामी की तिथि में परिवर्तन करते हुए दिनांक–07.08.2025 को 03:00 बजे अपराह्न को निर्धारित किया जाता है।

PR357345 Rural Development (25-26)_D द्वारा पूर्व प्रकाशित विज्ञापन की शर्ते यथावत रहेगी। इसके अतिरिक्त नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति को अपने साथ वैध चरित्र प्रमाण पत्र लाना सुनिश्चित करेंगे। चरित्र प्रमाण पत्र नहीं लाने पर नीलामी में भाग नहीं ले सकेंगे।

उप विकास आयुक्त,
लातेहार


PR 358514 Rural Development(25-26).D

## धुरकी में संतृप्ति अभियान के दौरान मृतक के परिजनों को 2 लाख का चेक सौंपा गया



धुरकी (आजाद सिपाही)। आप अपने ग्राहक को भगवान का दर्जा दें उन्हें बैंकिंग संबंधी सभी कार्यों को सरल भाषा में समझाएं। क्योंकि बैंक ग्राहक पर ही आश्रित रहते हैं। उनके कार्य समय पर निष्पादन करें। उक्त बाते धुरकी प्रखंड के खुटिया पंचायत भवन में मंगलवार को शिविर के मुख्य अतिथि बीडीओ सह सीओ जुल्फिकार अंसारी ने कहीं। वहीं शिविर में एसबीआई के शाखा प्रबंधक एतवा नंदू उरांव ने कहा कि ग्राहक हमारे लिए महत्वपूर्ण व्यक्ति हैं, ग्राहकों की संतुष्टि हमारा लक्ष्य है। हम ग्राहक पर ही आश्रित रहते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत संजीवनी कंपनी के सीएसपी उषा देवी के कोड द्वारा हुए बीमा का लाभ परासपानी खुर्द गांव निवासी मृतक रमेश यादव के नॉमिनी लाखा प्रसाद यादव को 200000 रुपये का चेक प्रदान किया। उन्होंने सरकार के महत्वाकांक्षी योजना अटल पेंशन योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना जनधन खाता खोलना सहित कार्यों के बारे में पूरा विस्तार पूर्वक बताया। वहीं शिविर में सीएसपी असलम खान, वित्तीय समावेशन के ऐशुन खातून जेएसएलपीएस एफ एल सीआरपी यास्मीन बानो कनीय अभियंता अश्लेष तिवारी सहायक अभियंता विकास कुमार सिंह बीपीओ नीरज कुमार पाल केनरा बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार गुप्ता सीनियर क्षेत्रीय प्रबंधक विजय कुमार सिंह, शिल्पी स्मृति कावा, मुखिया प्रतिनिधि इस्लाम खान जिला परिषद सदस्य सुनीता कुमारी मृतक के नॉमिनी लाखा प्रसाद यादव रोजगार सेवक रविंद्र राम, बीमा सलाहकार श्रीकांत चौबे ग्रामीण गोपाल यादव, रामप्रवेश यादव, अगस्त चौबे सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूदथे।

## विधायक अनंत प्रताप देव ने दो योजनाओं की आधारशिला रखी



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** विधायक अनंत प्रताप देव ने मंगलवार को भवनाथपुर में दो योजनाओं की आधारशिला रखी। पहला 2.36 करोड़ की लागत से बनने वाली झगराखांड स्थित आईटीआई कॉलेज भवन का जीर्णोद्वार व बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य तथा दूसरा 3. 90 करोड़ की लागत से अरसली पंचायत भवन से लेकर खडार टोला बनने वाली सड़क शामिल है। मौके पर विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि झगराखांड के ऋषिराज पाठक ने अपने जीवनकाल में शिक्षा के लिए 270 एकड़ भूमि दान कर एक बहुत बड़ा इतिहास रचने का कार्य किया है, यह स्थान अस्पताल, शिक्षा, उद्योग के विकास क्षेत्र में एक बड़ी सौगात यहां के लोगो को मिल सकती है। कहा कि इस जर्जर आईटीआई भवन का जीर्णोद्वार कराकर तकनीकी शिक्षा के लिए यहां के युवाओं को समर्पित करूंगा। अगले एक वर्ष के अंदर विस क्षेत्र के सभी जर्जर सड़क तथा सड़क विहीन गांव और टोलो में चमचमाती सड़क का निर्माण कराकर तकदीर और तस्वीर बदलने का कार्य करेंगे। वहीं ताहिर अंसारी ने कहा कि भवनाथपुर विस क्षेत्र में सड़क निर्माण के मामले में अभी तक सिर्फ 25 प्रतिशत ही कार्य हो पाया है, जिसे वर्तमान विधायक अनंत प्रताप आगामी छः माह के दौरान इस कार्य को शत प्रतिशत कार्य में बदलेंगे। कार्यक्रम को प्रमुख शोभा देवी, प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, जिपस रंजनी शर्मा, अमरनाथ पांडेय, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, राजेश्वर राम, दीपक वर्मा, जनक राम ने भी संबोधित किया।

## मुखिया मूंगा साह ने छात्र-छात्राओं के बीच नोट बुक वितरण किया

केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के राजकीय कृत मध्य विद्यालय ताली में मंगलवार को 278 छात्र-छात्राओं के बीच निशुल्क नोटबुक का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत के मुखिया मूंगा साह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संयोजिका द्वारा किया गया। मौके पर मुखिया मूंगा साह ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए पढ़ाई के महत्व पर बल दिया और कहा कि पंचायत स्तर पर शिक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील पांडेय, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, सहायक शिक्षक सतीश मौजूद रहे।

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**(भूमि संरक्षण निदेषालय, झारखण्ड)**
**कार्यालय - भूमि संरक्षण पदाधिकारी, बुण्डू**

**कृषकों, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं अन्य को अनुदानित दर पर पम्पसेट एवं छोटे कृषि उपकरण बैंक वितरण की योजना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), झारखण्ड, राँची, वित्तीय वर्ष 2025–26 के **राज्यादेश सं0– 35 दिनांक 23.07.2025** के आलोक में कृषकों, महिला स्वयं सहायता समूहों तथा अन्य के लिए अनुदानित दर पर **पम्पसेट एवं पाईप तथा छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना** की योजना।

**पम्पसेट एवं पाईप वितरण की योजना**

मनरेगा अंतर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वित छोटे और सीमान्त कृषकों/स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह तथा साथ ही साथ भूमि संरक्षण निदेशालय द्वारा गत वित्तीय वर्षो में तालाब जीर्णोद्धार योजना एवं जलनिधि योजना के तहत् निर्मित परकोलेशन टैंक के लाभान्वित पानी पंचायत के सदस्यों एवं अन्य सिंचाई श्रोत से लाभान्वित कृषकों को भी उक्त योजना के तहत् पम्पसेट **(1.5–3.0 H.P. तथा 3.5–5.0 H.P.) एवं 200 फीट HDPE Pipe (63-75mm)** तथा **1.0 एच0पी0 सोलर पम्पसेट (Troly Mounted Movable Type)** उपलब्ध कराया जायेगा।

| क्र0 | पम्पसेट के प्रकार | 90% अनुदान |
|---|---|---|
| 1 | पम्पसेट 1.5 – 3.0 H.P. एवं 200 फीट HDPE Pipe (63-75mm) | अधिकतम 20,000.00 (बीस हजार रूपये मात्र) |
| 2 | पम्पसेट 3.5 – 5.0 H.P. एवं 200 फीट HDPE Pipe (63-75mm) | अधिकतम 30,000.00 (तीस हजार रूपये मात्र) |
| 3 | 1.0 एच0पी0 सोलर पम्पसेट (Troly Mounted Movable Type) | अधिकतम 90,000.00 (नब्बे हजार रूपये मात्र) |

जिन कृषकों को पूर्व मे कृषि विभाग (निदेशक समेति/भूमि संरक्षण निदेशालय/कृषि निदेशालय/उद्यान निदेशालय) द्वारा सिंचाई पम्प का लाभ प्राप्त कराया जा चुका है उनकी पात्रता इस योजना के लिए मान्य नहीं होगी। मनरेगा अन्तर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी के कार्यालय में अपना नाम दिनांक 02.08.2025 तक सूचीबद्ध करायेगें।

**छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना**

महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह/लैम्पस–पैक्स, में **कृषक समूह के लिए 80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान 5.00 (पाँच लाख) रूपये** पर छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर एवं उनके सहायक कृषि यंत्र, राईस ट्रांसप्लांटर इत्यादि के वितरण किया जायेगा। मिनी ट्रैक्टर पैकेज अथवा पावर टीलर या अन्य कृषि यंत्रों का पैकेज की कुल कीमत 6.25 (छः लाख पच्चीस हजार) रूपये से अधिक होने या अनुदान की राशि 5:00 (पाँच) लाख से अधिक होने पर कृषक समूह अपना अतिरिक्त अंशदान देकर कृषि यंत्र प्राप्त कर सकते है। **व्यक्तिगत कृषकों के लिए** अधिकतम योजना लागत रूपये 2:00 लाख रखे जाने एवं इसका **80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान 1.60** (एक लाख साठ हजार) रूपये देय होगा।

**लाभुक का चयन :–**

❖ झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड प्रोमोशन सोसाईटी (JSLPS) या अन्य किसी सक्षम संस्था द्वारा उपलब्ध कराये गये महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों या अन्य कृषक समूहों का योजनान्तर्गत चयन किया जायेगा।

❖ स्वयं सहायता समूहों के गठन में 10 से 12 सदस्यों का होना आवश्यक है।

❖ छोटे कृषि उपकरण बैंक में वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स या अन्य कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी जिस समूह के सदस्यों के पास खेती योग्य कुल **10.00 एकड़ से अधिक भूमि होगी।**

❖ वैसे समूहों को भी प्राथमिकता दी जायेगी जिस समूह के सदस्यों में से कम से कम किसी एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाईसेंस होगा।

❖ व्यक्तिगत प्रगतिशील कृषकों के लिए वैसे कृषकों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिस कृषक परिवार के पास खेती योग्य **2.00 एकड़ भूमि होगी।**

❖ माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जायेगी।

❖ कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी योजना (केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्य योजना) के द्वारा किसी यंत्रों/पम्पसेट/एन0एफ0एस0एम0 योजना में प्राप्त कृषि यंत्र में से जो कृषि यंत्र पूर्व में प्राप्त किया गया होगा उन यंत्रों को छोडकर ही अन्य किसी कृषि यंत्रों के लिए पात्रता होगी।

❖ व्यक्तिगत कृषि उपकरण हेतु कृषक अपना आवेदन दिनांक 13.08.2025 तक भूमि संरक्षण कार्यालय बुण्डू से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर कार्यालय अवधि में जमा करें।


**उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पत्ते पर संपर्क किया जा सकता है।**

**कार्यालय का पता–** **भूमि संरक्षण पदाधिकारी, बुण्डू**
**ब्लॉक मोड़ बुण्डू (टोल प्लॉजा के पास)**

**भूमि संरक्षण पदाधिकारी,**
**बुण्डू**

PR 358459 (Agriculture) 25-26 (D)

## नाग बाबा मंदिर में श्रद्धालुओं ने चढ़ाया दूध, की सुख-शांति की कामना



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के अरसली महूंराव टोला स्थित नाग बाबा मंदिर में नाग पंचमी के अवसर पर श्रद्धा और आस्था का भव्य संगम देखने को मिला। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर कमिटी के द्वारा विधिवत पूजा-पाठ और भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्रद्धालुओं ने नाग देवता पर दूध, लावा, धूप, फल-फूल चढ़ाकर अपने परिवार की सुख-शांति व सुरक्षा की कामना की। यह भवनाथपुर प्रखंड का एकमात्र नाग देवता मंदिर है, जहां दूर-दराज से ग्रामीण बड़ी श्रद्धा के नाग पंचमी के दिन गांव और आसपास के सभी लोग 24 घंटे नमक का सेवन नहीं करते हैं।

# मानव जीवन को समृद्ध बनाते हैं पेड़ : रुद्र प्रताप

**एकल अभियान के तहत रंका एसडीओ और डीएसपी ने किया पौधरोपण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा/रंका।** एकल विद्यालय के तत्वावधान में चिनिया प्रखंड के उत्क्रमित जमा दो उच्च विद्यालय के प्रांगण में पौधारोपण किया गया। रंका अनुमंडल पदाधिकारी रुद्र प्रताप, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह, एकल अभियान गढ़वा के अध्यक्ष डॉक्टर पातंजली केशरी सहित अन्य लोगों ने विभिन्न प्रकार के फलदार और छायादार पौधे लगाए।

कार्यक्रम के दौरान एसडीओ रुद्र प्रताप ने कहा कि पेड़ मौसम की स्थिति को वर्षा के अनुकूल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एक व्यक्ति 24 घंटे में लगभग 500 लीटर ऑक्सीजन का उपयोग करता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने हिस्से की ऑक्सीजन आपूर्ति हेतु पौधा लगाना चाहिए। वृक्ष प्राकृतिक आवास प्रदान करते हैं। जहां पक्षि, जानवर आदि रहते हैं। इससे जैव विविधता बनी रहती है। स्वच्छ वायु, ऑक्सीजन की प्राप्ति, मिट्टी की उर्वरता, जल संरक्षण के साथ आर्थिक, सामाजिक लाभ शामिल है।

रंका डीएसपी रोहित रंजन सिंह ने कहा कि पेड़ हमारे वातावरण के हानिकारक गैस को सुख लेते हैं। पेड़ की जड़े जल संरक्षित करती है, इससे भूजल स्तर में सुधार होता है। सुखा के समय में मिट्टी में नमी रहती है। पौधारोपण वर्षा के अवसर बढ़ाते हैं, जो कृषि के लिए फायदेमंद है।

एकल अभियान के अध्यक्ष डॉक्टर पातंजली केशरी ने कहा कि वृक्ष हमें फल, लकड़ी के अलावा औषधि भी प्रदान करते हैं। साथ ही छाया के अलावा हरा भरा वातावरण मिलता है। बच्चे, युवा पर्यावरण की सुरक्षा के महत्व को समझ सकते हैं। एकल अभियान के तहत लगभग 25 हजार पौधे लगाये जा चुके हैं। मौके पर चिनिया थाना प्रभारी अमित कुमार, अभियान के अंचल सचिव अरुण कुमार मेहता, अंचल संगठन सचिव सियाराम शरण वर्मा, अंचल ग्रामोत्थान योजना अध्यक्ष संजय प्रसाद, अंचल अभियान प्रमुख जितेंद्र कुमार यादव, संच समिति सदस्य विजय सिंह, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष रामसागर यादव, कपिल प्रसाद, संच प्रशिक्षक शिव शंकर यादव, महेंद्र यादव, दुर्गावती देवी, आचार्य सुनीता देवी, सबला देवी, कमला देवी, सरिता देवी, प्रतिमा कुमारी, राम प्रताप सिंह, अनिल सिंह सहित उत्क्रमित उच्च विद्यालय के शिक्षक और ग्रामीण उपस्थित थे।

# समय पर काम नहीं करनेवाले संवेदकों के खिलाफ कार्रवाई करें : प्रधान सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** जल जीवन मिशन (हर घर जल) के अंतर्गत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, खूंटी द्वारा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय (बालिका), खूंटी के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी, मुखिया, पंचायत सचिव एवं जल सहिया के साथ मंगलवार को संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधान सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड मस्त राम मीणा एवं अभियान निदेशक, जल जीवन मिशन, झारखंड रमेश घोलप मुख्य रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए। उपायुक्त आर. रॉनिटा और उप विकास आयुक्त आलोक कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। तत्पश्चात संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपायुक्त ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं अन्य के प्रति आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी और जल जीवन मिशन के सफल संचालन के लिए पंचायत स्तर पर सभी हितधारकों की सहभागिता पर बल दिया। कार्यक्रम में प्रधान सचिव मस्त राम मीणा ने ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की आवश्यकता एवं वर्तमान चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पहले के समय में हमें हर स्त्रोत से शुद्ध जल प्राप्त होता था, लेकिन रासायनिक उर्वरकों एवं हाइब्रिड बीजों के उपयोग के कारण जल स्त्रोत प्रभावित हुए हैं। सरकार का उद्देश्य है कि हर घर तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जल संरक्षण, योजना के सतत रख-रखाव एवं सामुदायिक सहभागिता को अत्यंत आवश्यक बताते हुए ग्राम स्तर पर समिति गठन, लोगों को जागरूक करने एवं प्रतिदिन एक रु के मामूली शुल्क के संग्रह की व्यवस्था की सलाह दी, ताकि योजना को स्थायित्व प्रदान किया जा सके। अभियान निदेशक ने योजना के क्रियान्वयन में आनेवाली चुनौतियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निर्धारित लक्ष्य के आलोक में खूंटी जिले में 62 प्रतिशत योजना पूर्ण हो गयी है और लोगों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जा रही है। जल्द ही शेष योजना पूर्ण होगी। संवाद कार्यक्रम के दौरान विभिन्न पंचायतों के मुखिया एवं जल सहिया द्वारा जल जीवन मिशन के तहत अपने क्षेत्रों में जलापूर्ति व्यवस्था से जुड़े लोगों को प्रेरित करने वाले अनुभव साझा किये गये। प्रधान सचिव ने स्पष्ट रूप से कहा कि जो संवेदक समय पर कार्य पूर्ण नहीं कर रहे हैं, उनके विरुद्ध कार्रवाई करें।

अभियान निदेशक ने एफएचटीसी, वीडब्ल्यूएससी, जल सहिया द्वारा जल गुणवत्ता परीक्षण, जियो टैगिंग, छूटे हुए घरों को योजना से जोड़ने, एवं विलेज वाटर एवं सेनिटेशन कमिटी के गठन जैसे बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कार्यक्रम में मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, कार्यपालक अभियंता, सिविल सर्जन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, जेई एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जेपीएससी में सफलता प्राप्त करनेवाले विष्णु मुंडा पहुंचे पैतृक गांव नुरीडीह, भव्य स्वागत

**विष्णु मुंडा ने अपनी सफलता पर अन्य विद्यार्थियों को प्रेरणा देते हुए कहा कि वे पूरी लगन और मेहनत के साथ पढ़ाई करें, सफलता जरूर मिलेगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** तमाड़ के नुरीडीह गांव के विष्णु मुंडा झारखंड प्रशासनिक सेवा में 282वीं रैंक लाकर सफलता प्राप्त कर अपने पैतृक गांव नुरीडीह पहुंचने पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। विष्णु मुंडा जन्म से ही दिव्यांग है, जिनका बायां हाथ नहीं है। सर्वप्रथम खखसीडीह से नुरीडीह तक गाजा बाजा के साथ एवं माला पहना कर नुरीडीह बजरंग बली मंदिर तक लाया गया। बजरंग बली मंदिर में नुरीडीह, खखसीडीह, जोजोडीह, सलगाडीह आदि के ग्रामीणों द्वारा बारी बारी से माला, पुष्प गुच्छ, शाल, डायरी कलम देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विष्णु मुंडा ने अपनी सफलता पर अन्य विद्यार्थियों को प्रेरणा देते हुए कहा कि वे पूरी लगन और मेहनत के साथ पढ़ाई करें और नियमित पढ़ाई करें, सफलता अवश्य मिलेगी। अपने से बड़े और अनुभवी लोगों के साथ संपर्क कर उनसे प्रेरणा लेकर पूरी ईमानदारी और निष्ठा एवं धैर्य के साथ केवल और केवल पढ़ाई पर ध्यान दें। मंगलवार को विष्णु मुंडा के पिता गोवर्धन मुंडा और मां कमोलिनी मुंडा की आंख भर आयी, जब बेटा झारखंड प्रशासनिक सेवा में सफलता प्राप्त घर आया। बेटे के इस सफलता में इनके माता और पिता की काफी ज्यादा भुमिका रही है। पिता और माता ने गरीबी में भी बेटा के पढ़ाई में कोई कसर नहीं छोड़ी।

मंगलवार को सम्मान समारोह कार्यक्रम में महेंद्र सिंह मुंडा, शिवनाथ मुंडा, मुखिया अनिता देवी, ग्राम प्रधान लक्ष्मण सिंह मुंडा, पूर्णचंद्र मुंडा, सुखराम सिंह मुंडा, कन्हाई पातर, गोविंद सिंह मुंडा, मदन सिंह मुंडा, तुलसी मुंडा, सुशील मुंडा, शिशुपाल मुंडा, महेश सिंह, अमरजीत, परमेश्वर, सुदामा, करन, नंदकिशोर सहित सैकड़ों महिला पुरुष ग्रामीणों ने सम्मान समारोह में शामिल हुए।

## गरीबी और दिव्यांगता को दरकिनार कर पायी सफलता

झारखंड के रांची जिले के तमाड़ प्रखंड के रहने वाले विष्णु मुंडा ने साबित कर दिया है कि कठिनाइयां चाहे जितनी भी बड़ी क्यों न हो, अगर इरादे मजबूत हो तो सफलता जरूर मिलती है। दिव्यांगता और आर्थिक तंगी के बावजूद विष्णु ने झारखंड लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 282वीं रैंक हासिल कर झारखंड प्रशासनिक सेवा का पद प्राप्त किया है। विष्णु मुंडा ने बताया कि वह एक अत्यंत गरीब आदिवासी परिवार से आते हैं। परिवार में 2 जून की रोटी के लिए भी संघर्ष करना पड़ता था। पिता जमशेदपुर में दिन में दिहाड़ी का काम करते हैं, वहीं रात में एक गेस्ट हाउस में गार्ड की नौकरी करते हैं और माता गृहणी है। उन्होंने आगे बताया कि वह बचपन से ही दिव्यांग है। जन्म से ही उनका एक हाथ नहीं है जिस कारण कई लोगों ने उनका मजाक बनाया, लेकिन उन्होंने इसे अपनी कमी कभी नहीं मानी और कभी इसे अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। खुद का खर्च चलाने के लिए बच्चों को ट्यूशन भी पढ़ाते हैं।

# राजनीति से फुर्सत मिलते ही खेतों में उतरे विधायक सुदीप गुड़िया



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** राजनीतिक कार्यों और व्यस्तता से फुर्सत मिलते ही तोरपा के झामुमो विधायक कृषि कार्य में जुट गये। विधायक ने मंगलवार को अपने पुस्तैनी गांव तपकारा अम्बाटोली स्थित खेतों में धान के बिचड़े डोल। सुदीप गुड़िया ने कहा कि वे किसान का बेटा हैं। उनका परिवार शुरू से ही कृषि पर आश्रित रहा है। इसलिए खेती करना उनका पुश्तैनी काम है। विधायक ने लगातार हो रही अतिवृष्टि पर चता जताते हुए कहा कि भारी बारिश के कारण खरीफ की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि भारी बाश्रिश कें कारण न सिर्फ धान की खेती प्रभावित हुई है, बल्कि गोडा धान, मड़ुवा, मकई के अलावा सब्जी की फसलों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। इससे किसानों की चिंता बढ़ गयी हैं।

# बुंडू : ग्रामीणों के विरोध के बाद बाईपास रोड का पदाधिकारियों ने किया औचक निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** बुंडू प्रखंड के रेलाडीह गांव में मंगलवार को बता-राहे-बुंडू पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य परियोजना के तहत बाईपास रोड का ग्रामीणों के विरोध के मद्देनजर जिला के वरिष्ठ अभियंताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा मंगलवार को औचक निरीक्षण किया गया। औचक निरीक्षण दल में मुख्य रूप से कुंदन कुमार, सुपरिटेंडेंट इंजिनियर, सीडीओआर सीडी मनोज चौधरी, एक्सक्यूटिव इंजिनियर, सीडीओ, आरसीडी, आकाश बादल, एक्सक्यूटिव इंजिनियर, सीडीओ, आर०सी०डी०, रवि प्रभाकर, एक्सक्यूटिव इंजिनियर, शाज कामेश्वर साहू, एल० डी० ओ०, शाज, राजिव रंजन पांडे, प्रोजेस्ट इंचार्ज, गंगा कंस्ट्रक्शन, शेड्यूल एरिया संघर्ष समिति रेलाडीह के अध्यक्ष, सचिव, संरक्षक एवं सैकड़ो ग्रमीण उपस्थित थे। ज्ञात हो कि ग्राम रेलाडीह के ग्रामीणों द्वारा बंता - राहे- बुंडू पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य परियोजना के तहत रेलाडीह गांव में वाईपास रोड़ का विरोध ग्राम सभा के माध्यम से लगातार किया जा रहा था। ग्रामीणों द्वारा अपना विरोध लिखित रूप में मुख्य मंत्री, झारखंड सरकार मुख्य सचिव, झारखंड सरकार, उपायुक्त रांची, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रांची, अनु० पदाधिकारी बुंडु, अचल पदा० बुंडू को सौंपा जा चुका है। औचक निरीक्षण दल द्वारा ग्रामीणों को मौखिक आश्वासन दिया गया कि अब रेलाडीह गांव में सड़क निर्माण कार्य पुराने सड़क से होकर ही संपन्न होगी।

## राजकीयकृत मध्य विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्रों का बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी ने निरीक्षण किया



बुंडू (आजाद सिपाही)। मंगलवार को डामारी स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्रों का बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी किस्टो कुमार बेसरा ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में सभी शिक्षक उपस्थित मिले। विद्यालय में कक्षा 1 से 8 तक कुल 130 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं, जिनमें से 74 बच्चे उपस्थित पाये गये। निरीक्षण के क्रम में एसडीओ ने कुछ बच्चों से सवाल-जवाब भी किया, जिसका जवाब बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ सही ढंग से दिया। मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की गयी, जिसे संतोषजनक पाया गया। इसके बाद एसडीओ ने डामारी आंगनबाड़ी केंद्र का भी जायजा लिया, जहां मात्र दो बच्चे ही उपस्थित पाये गये। वहीं, गोसाईडीह स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में भी बच्चों की उपस्थिति काफी कम देखी गयी। एसडीओ ने बच्चों की कम उपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए और कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाये।

## विहिप और बजरंग दल की बैठक में कार्यक्रमों पर मंत्रणा



खूंटी (आजाद सिपाही)। पिपरा टोली स्थित राम मंदिर प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की जिला स्तरीय बैठक मंगलवार को आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता विहिप के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार जायसवाल ने की। बैठक में आगामी छह माह के कार्यक्रम पर की रूपरेखा तैयार की गयी। एक अगस्त से होनेवाली प्रांत बैठक में खूंटी जिला के कार्यकर्ता की टोली भाग लेगी। टोली में दस सदस्य शामिल होंगे। बैठक के उपरांत हनुमान चालीसा पाठ, आरती, राम स्तुति के बाद प्रसाद वितरण किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला मंत्री राजीव झा, जिला उपाध्यक्ष विकास मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष अजय साहू, नगर मंत्री सचित, जिला सह मंत्री संजय साहू, जिला सह मंत्री एमपी सिंह, जिला बजरंग दल संयोजक मुकेश जायसवाल, गौ रक्षा प्रमुख अभिषेक कुमार, बजरंग दल जिला सह संयोजक मनीष कुमार राम, नगर उपाध्यक्ष राम साहू अमित किरण, मनोज कुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## खलारी में मोटरसाइकिल चोर गिरफ्तार



खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी पुलिस ने मंगलवार को थाना क्षेत्र के जंगल के पास से दो मोटरसाइकिल चोरों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जयदीप टोप्पो ने बताया कि 26 और 27 जुलाई की रात जेहली टांड़ निवासी गोला राम हासदा के पुत्र राहुल हासदा की बजाज पल्सर एनएस 200 मोटरसाईकिल जिसका नंबर जेएच01एफएच 8958 को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गयी थी, जिसकी शिकायत वादी राहुल हासदा ने खलारी थाना में दर्ज कराया था। जिसके अनुसंधान के क्रम में मंगलवार को खलारी थाना अन्तर्गत हुटाप मोड़ जंगल के पास से चोरी गयी मोटरसाईकिल नंबर जेएच01एफएच 8958 को दो मोटरसाईकिल चोरो के साथ बरामद कर जब्त किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में 21 वर्षीय संदीप सिंह ग्राम जेहलीटांड थाना खलारी एवं 19 वर्षीय करण दास ग्राम शांतिनगर बजारटांड थाना मैक्लुस्कीगंज शामिल हैं। छापामारी दल में पु०नि० सह थाना प्रभारी जयदीप टोपो सहित पु०अ०नि० कपिलदेव यादव, पु०अ०नि० शंकर राम एवं खलारी थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

# पिपरवार में बच्चों के बीच स्कूल बैग का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



स्कूली बच्चों को बैग देतीं मुखिया रीना देवी।

**पिपरवार।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बीओसीएम पिपरवार में मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित कर सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के सौजन्य से सीएसआर योजना के तहत उपलब्ध कराये गये स्कूल बैग एवं कॉपी का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी उपस्थित थी। मुखिया रीना देवी ने स्कूल के 150 से अधिक छात्र छात्राओं के बीच स्कूल बैग और कॉपी का वितरण किया। स्कूल बैग प्रकार बच्चों में खुशी की लहर देखी गयी। इस संबंध में मुखिया रीना देवी ने बताया कि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हर संभव मदद किया जायेगा। सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा सीएसआर योजना के तहत स्कूलों में बांटे जा रहे स्कूल बैग और कॉपी एक सराहनीय कदम है। इससे स्कूल में पढ़ने वाले गरीब असहाय और निर्धन छात्र-छात्राओं का शिक्षा के प्रति मनोबल बढ़ेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के प्रधानाध्यापक लालू उरांव, शिक्षक रोहित कुमार गुप्ता, सुरेंद्र पांडेय, सरोज राय, तरुण कुमार देव, विष्णुकांत पाठक, आदर्श कुमार, अजेश पांडेय, राकेश तिवारी, बबन सिंह, रेखा दास गुप्ता,बिंदु सिंह यादव, कुमारी अंशु, आंचल कुमारी सहित स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षकों की सराहनीय भूमिका रही। इस मौके पर स्कूल के बच्चे भी मौजूद थे।

# पिपरवार मंडल सांसद प्रतिनिधि ने जीएम को सौंपा ज्ञापन

**चौक-चौराहा में शौचालय निर्माण और हाई मास्क लाईट तगाने की मांग**

आजाद सिपाहो संवाददाता



सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण कुमार मंडल।

**पिपरवार।** हजारीबाग लोकसभा सांसद के पिपरवार मंडल सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण कुमार मंडल ने मंगलवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार को मांग पत्र सौंपकर बचरा इलाके के चौक चौराहा में शौचालय का निर्माण करने एवं 15 किलोमीटर के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण इलाकों के मुख्य जगहो पर हाई मास्क लाइट लगाने की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया कि बचरा के चौक चौराहा में शौचालय नहीं रहने के कारण लोगों को काफी परेशानी होती है। विशेष रूप से महिलाओं को इससे काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से बचरा बैंक ऑफ इंडिया के सामने,बचरा चार नंबर चौक, बचरा पंजाब नेशनल बैंक के सामने,बचरा बाजारटांड़,बचरा पीपल चौक और बचरा एक नम्बर चौक मे शौचालय का निर्माण करने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कोयलांचल क्षेत्र के कई ग्रामीण इलाकों में शाम होने के साथ ही अंधेरा छा जाता है, जिसके लिए उन्होंने पिपरवार क्षेत्र के 15 किलोमीटर के अंतर्गत पढ़ने वाले ग्रामीण इलाकों के मुख्य चौक चौराहा में हाई मास्क लाइट लगाने की मांग की है।सांसद प्रतिनिधि ने उक्त दोनों समस्या को देखते हुए महाप्रबंधक से अविलंब शौचालय का निर्माण एवं हाई मास्क लाइट लगाने की मांग की है।

## चीनाटॉड़ में बारिश के कारण गिरा घर



मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। मायापुर पंचायत के चीनाटॉड में बारिश के कारण एक घर गिर गया है। चीना टॉड निवासी आनंद गंझु का घर सोमवार की रात में ही गिर गया है। आनंद ने बताया कि उसका कच्चा मकान था जो रात में ही बारिश के कारण गिर गया है। बारिश के कारण घर गिरने से उसे काफी परेशानी हो रही है। आनंद ने खलारी प्रखंड के अधिकारियों से क्षतिग्रस्त घर का मुआवजा देने की मांग की है।

## हाथियों और बारिश से ध्वस्त मकानों का मुआवजा शीघ्र दे सरकार: कोचे मुंडा



खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा के पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने मंगलवार को कर्रा की अंचल अधिकारी वंदना भारती से की मुलाकात कर बारिश और जंगली हाथियों द्वारा तोड़े गये मकानों और फसलों की बर्बादी का मुआवजा शीघ्र दिलाने की मांग की। इसक पूर्व कोचे मुंडा ने क्षतिग्रस्त मकानों का जरायजा लिया और प्रभावित लोगों को हर संभव मदद का भरोसे दिया। पूर्व विधायक ने अंचलाधिकारी सें मुआवजा भुगतान में तेजी लाने का आग्रह किया। इसके साथ सड़क दुर्घटना में मारे गये दिवंगत हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष रामध्यान सिंह के स्वजनों को शीघ्र मुआवजा देने की मांग की। इस अवसर पर भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विनय गुप्ता, मधुसूदन साहू आदि मौजूद थे।

## समाजसेवी प्रदीप का निधन, शोक की लहर

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के चिरगालडीह गांव निवासी समाजसेवी प्रदीप कुमार महतो के माता 76 वर्षीय सावित्री देवी की निधन सोमवार को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार आड़िया नदी के पावन तट पर मंगलवार को किया गया।अंतिम संस्कार में तमाड़ विधायक विकास सिंह मुंडा, भाजपा नेता डॉ राजाराम महतो शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित किये इनके निधन पर प्रखंड में काफी लोगों ने श्रद्धांजलि दिया है।

# ग्रामीण क्षेत्रों के लिए परेशानी का सबब बनी अतिवृष्टि, कई कच्चे मकान गिरे

आजाद सिपाही संवाददाता





**खूंटी।** खूंटी जिले में पिछले डेढ़ महीने से हो रही लगातार और मूसलाधार पानी अब लोगों के लिए जंजाल बनती जा रही है। भारी बारिश के कारण पूरे जिले में सैकडों कच्चे मकान ध्वस्त हो गये, वहीं दूसरी ओर घरों में बरसात का पानी घुस जाने से कई परिवारों को घर छोड़कर दूसरे के घरों में सहारा लेना पड़ रहा है। गांवों की कई सड़के तालाब बन गयी हैं। लोग मोटर पंप से पानी निकाल रहे हैं। जगह-जगह जल जमाव होने से कई तरह की बीमरियों के फैलने की आशंका बढ़ती जा रही है। ऐसा ही नाजारा मंगलवार को तोरपा प्रखंड के अम्मा पकना गांप में देखने को मिला, जहां अतिवृटि गांव के लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गयी है। अम्मा पकना गांव की पुनिया देवी सहित कई लोगों के घर गिर गये हैं। गांव के जागरूक किसान और भाजपा नेता रामानंद साहू कहते हैं कि ऐसी विनाशकारी बारिश उन्होंने कभी नहीं देखी थी। उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि से खेती तो चौपट हो ही गयी, अब गरीब लोग अपने घरों में भी सुरक्षित नहीं हैं। घर-आंगन सभी जगह पानी भरा हुआ है। जगह-जगह जल जमाव होने के कारण पैदल पांव चलना मुश्किल है। अम्मा पकना निवासी इंद्रनाथ सिंह, तुना सिंह, कुम्भकरण सिंह, मुनु साहू, कृष्णा साहू, सनोज साहू, पुनिया देवी, बिरसमानी देवी, हरिप्रसाद साहू, रमेश भगत, ज्योति गुप्ता, ब्रजेश गुप्ता सहित दर्जनों लोगों के घरो में बरसात का पानी घुस गया है। रमेश भगत का गाय शेड पूरी तरह गिर गया। वहीं उमेश भ्गात सहित कई अन्य घरों के क्षतिग्रस्त होने की सूचना है। हरि प्रसाद साहू और रमेश भगत कहते हैं कि एक ओर तो गरीबों की खेती को बरसात ने बर्वाद कर दिया अब, घरों के ध्वस्त होने से गरीब पूरी तरह तबाह हो गये हैं। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें सरकारी मदद नहीं मिली, तो आनेवाले दिनों में और अधिक कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है।

**मच्छरों का प्रकोप बढ़ा, बीमारी फेलने की आशंका :** गम्मा पकना सहित अन्य सैकड़ों गांवों में जगह-जगह गंदा पानी का जमाव होने से वहां मच्छर पनप रहे हैं। इसके कारण उनका प्रकोप तो बढ़ा ही है, वहीं मलेरिया, डेंगू सहित अन्य संक्रामक बीमारियों के फलने की आशंका बढ़ती जा रही है। अम्मा पकना गांव के बरसात प्रभावित लोगों ने प्रशासन से अवलिंग राहत देने की मांग की है।

## एचएमएस कोल फेडरेशन के सहायक महामंत्री बने राघवन रघुनंदन



खलारी (आजाद सिपाही)। कोलफील्ड मजदूर यूनियन के महामंत्री राघवन रघुनंदन को हिंद मजदूर सभा कोल फेडरेशन का सहायक महामंत्री बनाये जाने और कोलफील्ड मजदूर यूनियन के चंदेश्वर सिंह को फेडरेशन का कार्य समिति सदस्य बनने पर यूनियन के सदस्यों ने बधाई दी है। यूनियन के एनके एरिया सचिव विनय सिंह मानकी ने बधाई देते हुए कहा कि दोनों ही पदाधिकारी को फेडरेशन में जगह मिलने से राष्ट्रीय स्तर पर मजदूरों की समस्याओं पर निगरानी की जा सकेगी। दोनों ही यूनियन के पदाधिकारी मजदूर हित में लगातार संघर्ष करते रहे हैं। बधाई देने वालों में विनय सिंह मानकी, मिथलेश कुमार सिंह, ध्वजा राम धोबी, इस्लाम अंसारी, जयमंगल सिंह, संजय गिरी, रमेश सिंह, अनूप रजक, सुशांतो बिश्नोई, राजेंद्र चौहान, विनोद सतनामी, रामा उरांव सूरज प्रधान मुंडा, नंदू मेहता, रविंदर गंझू, वीरमल, आफताब अंसारी, रविंदर बैठा, सुदेश पासवान अभिजीत कुमार, राजेश यादव जसीम अंसारी, सरिता भोगता केसरी का नाम शामिल है।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 30 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in



# व्यापारियों का स्मार्ट मीटर के खिलाफ मशाल जुलूस



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिठौरिया।** पिठोरिया अंबेडकर चौक में मंगलवार की रात व्यापारिक संघ द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में एक मशाल जुलूस निकाला गया। इस जुलूस का नेतृत्व युवा कांग्रेस के झारखंड प्रदेश महासचिव जमील अख्तर और पूर्व जिला परिषद सदस्य ऐनुल हक अंसारी ने किया। इस विरोध प्रदर्शन में पिठोरिया चौक के सभी व्यापारी शामिल हुए।

व्यापारियों का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगने से बिजली बिलों में भारी बढ़ोतरी होगी, जिससे उनके छोटे व्यापार प्रभावित होंगे। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि स्मार्ट मीटर लगाने की योजना को तत्काल स्थगित किया जाये और उनकी समस्याओं का उचित समाधान निकाला जाये। व्यापारियों ने यह भी बताया कि वे जल्द ही एक प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से प्रशासन से मिल कर अपनी मांगें रखेंगे। इस मौके पर रंजीत कुमार साहू, रितेश कुमार दीपक, संजय महतो, मो डब्लू, इकबाल अंसारी, वसीम खलीफा समेत अन्य स्थानीय व्यापारी मौजूद रहे।

गौरतलब है कि पिठोरिया गांव रांची नगर निगम के विस्तारित क्षेत्र में शामिल नहीं है। यह गांव पूर्ण रूप से ग्रामीण क्षेत्र में आता है, इसलिए स्मार्ट मीटर का लगना आम जन पर ज्यादती है।

## 108 एंबुलेंस चालकों की हड़ताल से गरीबों पर आफत

# बाइक-ऑटो से पहुंच रहे मरीज

आजाद सिपाही संवाददाता




**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में एंबुलेंस चालकों की हड़ताल के कारण मरीज व स्वजन परेशान हैं। सबसे अधिक परेशानी गर्भवती महिलाओं और जच्चा-बच्चा को उठानी पड़ रही है। वहीं प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वजन अपने मरीजों को अपने बाइक और स्कूटी वाहनों या किराये के ऑटो या अन्य वाहनों से लेकर पहुंच रहे हैं। एंबुलेंस कर्मियों की हड़ताल से मरीजों को घरों से लाने और ले जाने की पूरी व्यवस्था पटरी से उतर गयी है, जहां अपनी मांगों को लेकर एंबुलेंस चालक हड़ताल पर हैं। ऐसे में मरीजों और स्वजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दोपहर में एंबुलेंस की हड़ताल के चलते सीएचसी में प्रखंड के बोदा के सुबोध ने बताया कि चाची को पैर में चोट लगने के कारण उन्हें ऑटो से बेड़ो अस्पताल लेकर आये हैं। वहीं पंडरा के विजय बाइक से अपने दोस्त लेकर आये है और बेड़ो के लक्ष्मण अपनी बहन को स्कूटी से लेकर सीएचसी पहुंचे। वहीं इटकी प्रखंड के कुल्ली डहु टोली गांव के पुनीत लकड़ा अपने बेटे अनुज लकड़ा को पीठ पर लाद कर बेड़ो सीएचसी पहुंचे, जबकि सरकार द्वारा 108 एंबुलेंस की निःशुल्क सुविधा दी जाती है, लेकिन उन्हीं एम्बुलेंस कर्मियों को उचित मानदेय नहीं दिये जाने से वे आक्रोशित हैं। उनका कहना है कि हम लोग अपनी जान जोखिम में डाल कर चौबीसों घंटे जनता की सेवा के लिए हाजिर रहते हैं। बदले में हमें मानदेय तक नहीं मिलता है।

# डालसा का नशा के खिलाफ जागरूकता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** झालसा के निर्देश पर तथा न्यायायुक्त सह अध्यक्ष के मार्गदर्शन में मंगलवार को निर्मला कॉलेज, रांची में छात्र-छात्राओं के लिए डॉन अभियान के तहत नशा मुक्ति पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर एलएडीसीएस अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 47 राज्य को निर्देशित करता है कि वह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक मादक पेय और नशीली दवाओं के सेवन को औषधीय उद्देश्यों को छोड़कर, समाप्त करने का प्रयास करेगा। अफीम या पोस्ता के उत्पादन या कब्जे पर एनडीपीएस अधिनियम 1985 के तहत मात्रा के आधार पर 20 साल तक के कठोर कारावास एवं 2 लाख रुपए के जुर्माने की सजा हो सकती है। बार-बार अपराध करने पर मृत्युदंड तक दिया जा सकता है। कांके के पुनर्वास केंद्रों के साथ-साथ एनजीओ भी नशा करने वालों को ठीक करने में मदद करते हैं। बताया कि सीआईपी और रिनपास में डालसा का लिगल एड क्लिनिक है, जहां नशा करनेवाले व्यक्तियों का ईलाज किया जाता है। जिसमें डालसा सहायता प्रदान करती है। राजेश कुमार सिन्हा ने नालसा योजना साथी, आशा और जागृति पर फोकस किया। अतुल गेरा ने बताया कि नशा हमारे देश को कैसे खोखला कर रहा है और नशा से बचने के लिए छात्र-छात्राओं को जागरूक करना अति आवश्यक है। नशा के पेडलर नवयुवक एवं छात्रों को इस व्यवसाय में आसानी से उपयोग करते है, जिससे हमलोगों को सचेत रहना है और किसी भी तरह का ड्रग्स पेडलरों के द्वारा दिये जा रहे लालच में न आये। एनसीबी के आनंद ने कहा कि झारखंड में इस नशे की समस्या को रोकने के लिए एनसीबी की भूमिका महत्वपूर्ण है। यह कानूनों के कार्यान्वयन और हितधारकों के बीच समन्वय के लिए जिम्मेदार है। अधिकांश तस्करी के गिरोह संसाधनों की कमी के कारण पकड़े नहीं जाते। गृह मंत्रालय ने पिछले महीने मादक द्रव्यों के सेवन से संबंधित किसी भी संदेह की जानकारी देने के लिए आम जनता के लिए मानक हेल्पलाइन (टोल फ्री नं 1933) स्थापित की है। सीआईडी के रिजवान अंसारी ने मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित जानकारी प्रदान की तथा मादक पदार्थों की तस्करी में बच्चों और नवयुवकों को कैसे उपयोग में लिया जा रहा है, इससे बचने के बारे में बताया। कहा कि कैसे साधारण खांसी की सिरप जैसी चीजों का नशे के लिए उपयोग किया जाता है। अन्य वक्ताओं ने कहा कि कुछ लोगों के लिए नशे की यात्रा 16 वर्ष या इससे कम उम्र से ही शुरू हो जाता है। यदि रांची में नशे की समस्या पर नियंत्रण पाया जाये तो अपराध दर में लगभग 70 प्रतिशत की कमी आ सकती है। मौके पर लाइफ सेवर्स के अतुल गेरा, एलएडीसीएस डिप्टी चीफ राजेश कुमार सिन्हा, एनसीबी के आनंद जी, सीआइडी के रिजवान अंसारी, कॉलेज के शिक्षक सहित अन्य उपस्थित थे।

# बेड़ो के सरकारी स्कूल की समस्या को लेकर रांची के उपायुक्त से मुलाकात की



बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के उप प्रमुख मोदस्सीर हक ने शिक्षा प्रेमियों की मौजूदगी में विद्यालयों में व्याप्त समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर उपायुक्त रांची को एक ज्ञापन सौंपा। इस संदर्भ में उप प्रमुख मोदस्सीर हक ने कहा कि ग्रामीणों ने उन्हें सूचना दी है कि बेड़ो प्रखंड के घाघरा स्कूल की स्थिति जर्जर है। वहीं बेड़ो प्रखंड के सभी सरकारी स्कूलों में बेंच डेस्क की कमी है। प्रखंड में सभी स्कूल में बुनियादी सुविधाओं में पेयजल, शौचालय व और खेल के मैदान आदि का अभाव है। उन्होंने कहा कि घाघरा स्कूल के लिए जमीन उपलब्ध कराना आवश्यक है। इस मामले के समाधान की मांग को लेकर बेड़ो प्रखंड के उप प्रमुख मुदस्सीर हक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री से मुलाकात किया। साथ ही उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। वहीं रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने प्रतिनिधि मंडल को समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य महबूल ओहदार, विधायक प्रतिनिधि रईफुद्दीन मिरदाहा, सिल्वेस्टर कच्छप, घाघरा स्कूल के प्रधानाध्यापक, सुग्रीव कुमार,असरफ खान और नीतू मुंडा आदि मौजूद थे।

# कांके विधायक सुरेश बैठा ने छात्र और छात्राओं के बीच साइकिल वितरित की




आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके।** प्रखंड कार्यालय परिसर में मध्य विद्यालय बोड़या के 50 छात्र छात्राओं को कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा द्वारा साइकिल वितरण किया गया। विधायक ने बच्चों को संबोधन में कहा कि वे प्रतिदिन विद्यालय अनिवार्य रूप से जाए और मन लगाकर शिक्षा ग्रहण करें। अपने भविष्य को उज्जवल बनाए पढ़ाई में किसी प्रकार की कोई दिक्कत होने पर वे हमसे संपर्क करें। सभी बच्चे विधायक के हाथों साइकिल पाकर काफी उत्साहित एवं खुश नजर आये। विधायक ने स्वयं साइकिल भी चलायी। इस मौके पर प्रमुख सोमनाथ मुंडा, उपप्रमुख अजय बैठा, प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार, प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी मंजू बिलुंग, प्रखंड कल्याण पर्यवेक्षक ऐनुल अंसारी, जिला परिषद सदस्य किरण देवी पंचायत समिति सदस्य ऐनुल हक अंसारी, लालचंद सोनी सहित कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष संजर खान, विधायक प्रतिनिधि विनोद कुमार साहू, गौरी शंकर महतो, अशोक महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

# 26 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने विस्फोटक बरामद किया

आजाद सिपाही संवाददाता





**खूंटी।** 26 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कार्यवाहक कमांडेंट श्रसरदार सिंह के दिशा-निर्देश में, उप कमांडेंट शक्ति सिंह की कमान में समवाय उलिहातू के 21 कार्मिक के नेतृत्व में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, झारखंड जगुआर एवं झारखंड पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चला कर 29 जुलाई 2025 को उलिहातू समवाय, 26 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, रांची द्वारा एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गयी। इस दौरान, ग्राम मेलपीरी, थाना अर्की, जिला खूंटी (झारखंड) के निकटवर्ती जंगल क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा छिपाये गये 10 बंडल कोडेक्स वायर एक्सप्लोसिव (1000 मीटर) बरामद किये गये। यह विस्फोटक सामग्री जमीन में दबाकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की नक्सलियों की साजिश का हिस्सा थी, जिसे सुरक्षा बलों ने समय रहते विफल कर दिया। बरामद सामग्री को मौके पर ही बम निरोधक दस्ते द्वारा सुरक्षित रूप से नष्ट कर दिया गया। यह सफलता सुरक्षा बलों की सतर्कता और नक्सलवाद के खिलाफ उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। ऐसे अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेंगे।

# भाजपा विधायकों के कार्य और अनुशंसा को अपना बता कर शिलान्यास और उद्घाटन कर रहे हैं सुरेश बैठा : समरी लाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांके।** कांके विधानसभा से भाजपा के पूर्व विधायक समरी लाल ने कहा कि कांग्रेस विधायक सुरेश कुमार बैठा सड़कों, पुल, पुलियों का शिलान्यास और उद्घाटन कार्यक्रम में लगातार कह रहे हैं कि इस क्षेत्र में भाजपा और भाजपा विधायक द्वारा विकास का कार्य नहीं हुआ। यह बिल्कुल ही गलत और बेबुनियाद है। मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता कर समरी लाल ने कहा कि 1990 के बाद भाजपा के विधायक रहते हुए क्षेत्र में जितना विकास का कार्य हुआ है, उतना कभी ही नहीं हुआ।

उन्होंने कहा कि भाजपा विधायकों द्वारा किये गये कार्यों और अनुशंसाओं के तहत जो रोड, नाली, पुल पुलियों का उद्घाटन और शिलान्यास वर्तमान विधायक कर रहे हैं, वह सभी भाजपा की देन है। इससे संबंधित दस्तावेज भी समरी लाल ने पत्रकारों को दिया। कहा कि भाजपा ने सभी मौके पर जनता के हित का कार्य किया है। भाजपा पर आरोप लगाना बर्दाश्त से बाहर है। विधायक सुरेश बैठका आरोप नहीं लगा कर, आप अपना कार्य करें। समरी लाल ने कहा कि सुरेश बैठा लगातार जनता के बीच गलत और झूठ बोल रहे हैं। एक भी रोड और नाली इन्होंने पास नहीं कराया है। बल्कि भाजपा विधायक रहते हुए मैंने अनुशंसा की थी।

## समरी लाल ने 350 करोड़ की योजनाओं को धरातल पर उतारने का दावा किया

समरी लाल ने बताया कि पिछले चुनाव के बाद हेमंत सरकार ने पूरे दो वर्ष के लिए सभी विधायकों को निर्देश दिये थे कि नयी अनुशंसा पर फिलहाल कोई योजना पर कार्य नहीं होगा।

पूर्व विधायक ने कहा कि हमने अपने विधायकी में कांके विधानसभा क्षेत्र में 350 करोड़ की योजना को धरातल पर उतारा है। कांके विधानसभा में पिछले 35 वर्षों में क्षेत्र में डेगाडेगा नदी, चती नदी, नकटा पहाड पुल, होचर पुल, खखरा पुल सहित 11 पुल का निर्माण कार्य एवं सैकड़ों सड़क निर्माण करने का कार्य किया। वहीं वर्तमान विधायक 38 करोड़ की लागत से बनने वाला संग्रामपुर से कुम्हरिया सड़क, कोल्ड स्टोरेज, आइटीआइ कॉलेज सहित दर्जनों योजना को मैने लाकर दिया है, जिसका श्रेय वर्तमान विधायक अपना गिना कर जनता को दिगभ्रमित कर रहे है। वहीं पिछले सप्ताह चूड़ी टोला रोड, बोड़ेया रोड आदि भी मेरे द्वारा अनुंशसा की गयी थी, जिसे वह अपना बता रहे है। वर्ष 1990 से पूर्व कांग्रेस की सरकार रही थी, तब सिर्फ क्षेत्र में पोटपोटो, जुमार और राड़हा पुल ही था।

पूर्व विधायक समरीलाल ने कहा कि रिम्स 2 का निर्माण सराहनीय है, लेकिन क्षेत्र के नगड़ी में कृषि योग्य भूमि पर बनाया जाना सरकार का गलत निर्णय। वर्तमान सरकार को चाहिए था कि पूर्व विधायक होने के नाते मुझसे एवं पूर्व विधायक रामचंद्र नायक, डॉ जीतूचरण राम से पूछते तो यही सलाह देता कि रेंडो, पतरातू दुबलिया क्षेत्र में गैर मजरुआ सैकड़ों एकड़ जमीन पड़ी है। वहां रिम्स 2 का निर्माण करने की सलाह देता। वहीं रिम्स 2 का नाम बदलकर राजा मदरा मुंडा या डॉ बीपी केसरी के नाम पर मेडिकल कॉलेज रखने की सलाह दी है।

प्रेस वार्ता में भाजपा नसीब लाल महतो कांके मंडल के अध्यक्ष प्रभात भूषण, पिठोरिया मंडल अध्यक्ष गोपाल महतो, मेसरा मंडल अध्यक्ष महानंद महतो, गोंदा मंडल अध्यक्ष राम लगन राम, ठानो मुंडा, सुरेंद्र गोप, सुकेश तिवारी, पुरुषोत्तम दास गोस्वामी, हर्ष यादव, अनिल महतो, सोनू शामिल थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### पवन साहू ने भाजपा से दिया इस्तीफा



नामकुम (आजाद सिपाही)। नामकुम बाजार स्थित पतरा टोली के रहने वाले सह भाजपा दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल किसान मोर्चा के पूर्व सह-संयोजक प्रमोद कुमार सिंह उर्फ बिक्कू ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहू को अपना त्याग पत्र सौंप दिया है। त्याग पत्र में उन्होंने बताया कि वे पार्टी में अपने सभी समर्थकों एवं कार्यकताओं के साथ पिछले कई वर्षो से सक्रिय कार्यकर्ता के रुप में पार्टी के लिए काम कर रहे है, लेकिन इन दिनों वे अपने निजी कार्यों में व्यस्त है। जिसे लेकर उन्होंने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा देने का निर्णया लिया है।

### नीरजा सहाय डीएवी में वन महोत्सव मनाया गया




पिठोरिया (आजाद सिपाही)। कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में मंगलवार को वन महोत्सव, पर्यावरणविद् मुख्य अतिथि दीपान्विता सेन की छत्रछाया में संपन्न हुआ। सेन ने छात्र- छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़-पौधे न केवल हमारे लिए आवश्यक हैं बल्कि हमारी संस्कृति का भी अभिन्न अंग हैं। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत गान द्वारा हुई । इस मौके पर प्राचार्या किरण यादव ने बच्चों को अपने जन्म दिवस पर पौधे लगाने तथा अपने पर्यावरण को सुरक्षित रखने की सलाह दी। पौध-रोपण का कार्यक्रम महात्मा आनंद स्वामी स्पोर्ट्स कंपलेक्स में संपन्न हुआ। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।

### ग्राम प्रधान मोदो उरांव का निधन, शोक



बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के पुरियो पंचायत के सेमरा ग्राम के ग्राम प्रधान 72 वर्षीय मोदो उरांव का मंगलवार की सुबह लगभग साढ़े पांच बजे अपने निवास स्थान में निधन हो गया। उनके निधन से लोगों के बीच शोक का माहौल कायम हो गया है। वे बहुत दिनों से बीमार थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। इनका अंतिम संस्कार करम सेमरा में इनके आवास के समीप किया गया। ग्राम प्रधान के निधन की सूचना मिलते ही पुरियो मुखिया नीरज कुजूर ग्राम प्रधान जयराम कच्छप, उप मुखिया विजय उरांव व पूर्व पंचायत समिति सुभाष उरांव ने शोकाकुल परिवार से मिलकर मृतक ग्राम प्रधान के स्वजनों को सांत्वना दी। मुखिया नीरज कुजुर ने बताया कि ग्राम प्रधान मोदो उरांव बड़े ही सरल स्वभाव के थे।

### मनीष गुप्ता की पांचवी पुण्यतिथि मनी



बेड़ो (आजाद सिपाही)। रातू अंचल अन्तर्गत बेड़ों संच एकल अभियान के आचार्यों ने मंगलवार को संच अध्यक्ष डा रमेश प्रसाद गुप्ता के बड़े भाई मनीष गुप्ता का पांचवी पुण्यतिथि मनाई गई।जिसमें सभी आचार्यों व संच समिति के सदस्यों ने स्व मनीष गुप्ता के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट मौन रहकर ईश्वर से प्रार्थना किया। वहीं सभी आचार्यों के बीच आम के पौधों का वितरण किया गया। मौके पर डा रमेश गुप्ता ने आचार्यों को अपने-अपने गांव में अधिक से अधिक पौधरोपण करने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा। मौके पर संच प्रमुख बोधन स्वासी समिति सदस्य रंजीत खत्री व मुकेश कुमार राय आचार्यों में मुन्नी उरांव,विमला टोपनो,सरिता उरांव,नीतु उरांव,बुधमनी उरांव, मंजु उरांव,रूपरानी देवी,लक्ष्मी देवी,मिथिला देवी,ज्योति कुमारी, रीता देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

### इटकी अंचल कार्यालय में लगा जनता दरबार

इटकी (आजाद सिपाही)। इटकी अंचल कार्यालय परिसर में मंगलवार को भूमि संबंधित मामलों का ऑनलाइन सुधार के लिए जनता दरबार का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में ऑन-द- स्पॉट भूमि का मोटेशन (दाखील खारीज )और पंजी टू का ऑनलाईन सुधार की गई। वही दर्जणों लाभुकों के बीच केसीसी, जाति, आवासीय और पारिवारिक सूची का प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। मौके पर सीओ मो० अनीश, उप प्रमुख परवेज आलम, मुखिया राजन किस्पोट्टा, सीआई अम्रिता हेम्ब्रोम, नीरज कुमार, अजीत मुण्डा, इबरार सहित दर्जनों लाभुक और ग्रामीण मौजूद थे।

### व्यवसायी एवं समाजसेवी प्रदीप कुमार महतो की माता सावित्री देवी का निधन



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। व्यवसाय जगत और सामाजिक क्षेत्र में अपनी उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले प्रदीप कुमार महतो की माता, सावित्री देवी का मंगलवार को लालपुर रांची स्थित आवास पर निधन हो गया। वह 75 वर्ष की थी और पिछले एक साल से बीमार चल रही थी। सावित्री देवी ग्रामीण परिवेश सोनाहातु के चिरगलडीह गांव से संबंध रखती थीं और जीवनभर समाज सेवा में सक्रिय रहीं। उनके पति स्व प्रफुल्ल कुमार महतो एक शिक्षक और समाजसेवी थे। सावित्री देवी के दो पुत्र प्रदीप कुमार महतो व्यवसायी एवं समाजसेवी तथा दूसरे पुत्र रमाकांत महतो शिक्षक तथा तीन पुत्रियों का भरा पूरा परिवार है। उनका अन्तिम संस्कार मंगलवार को उनके पैतृक गांव चिरगालडीह स्थित रायसा नदी (अड़िया नदी ) घाट पर किया गया। उनके निधन पर तमाड़ के विधायक विकास मुंडा, कुरमाली भाषा परिषद् के अध्यक्ष डा राजाराम महतो, महेन्द्र सिंह, बहादुर सिंह मुंडा, दिलीप साहु, अनुप महतो, सुधीर कुमार उग्गल, अधिवक्ता अशोक कुमार, अधिवक्ता एवं पत्रकार मृत्युंजय प्रसाद आदि ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की है।

### झामुमो कार्यकर्ताओं ने लिया बारिश से ध्वस्त हुए मकानों का जायजा



खूंटी (आजाद सिपाही)। जिला झामुमो के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कर्रा प्रखंड की मेहा पंचायत में अतिवृष्टि से ध्वस्त हुए अनिल खलखो, जीवन मुंडा, सुखलाल खलखो, हाकाजंग पंचायत के बरांगो में मुण्डा होरो के ध्वस्त हुए मकान का जायजा लिया। साथ प्रभावित परिवारों के बीच तिरपाल का वितरण करते हुए अंचल कार्यालय से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य मगन मंजीत तिड़ू, कर्रा प्रखंड अध्यक्ष संदीप हेरेंज, कोषाध्यक्ष जीवन होरो, पंचायत उपाध्यक्ष चंपा खलखो, खूंटी प्रखंड अध्यक्ष नंदराम मुंडा, सचिव महेंद्र सिंह मुंडा, कर्रा प्रखंड के पूर्व उपाध्यक्ष जोनसन होरो, छात्र मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष डेविड हमसोय, सुधीर नाग, सुमंजन बाबा, किशुन भेंगरा, अनिल हेरेंज, चार्ल्स पाहन, बबलू नाग, अमित नाग आदि उपस्थित थे।

## पेड़ों की सूखी डाली की कटाई की मांग



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह ने एक विज्ञप्ति जारी कर गुमला जिला प्रशासन और वन विभाग से मांग किया है कि नगर के सभी सड़कों में जो भी बहुत पुराने पेड़ हैं उनमें जो डाली सूख गयी है जो अचानक कभी भी गिर जाती है। जैसे मंगलवार को सिसई रोड में एक डाली अचानक से गिरा दो व्यक्ति को हल्की चोट आयी। लेकिन आजकल स्कूली बच्चों की संख्या सभी रोड में काफी है, कभी भी किसी के साथ अनहोनी हो सकती है इसलिए वैसे सूखे डालियों को छटनी करवाने का आदेश पारित कर दिया जाये ताकि किसी तरह की घटना भविष्य में ना हो।

## संस्कृत दिवस समारोह का आयोजन आज

**सिसई (आजाद सिपाही)।** बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई मे 30 जुलाई बुधवार को संस्कृत दिवस समारोह का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अमिताभ भारती करेंगे। मुख्य अतिथि डॉ धनंजय वासुदेव द्विवेद्वी कुलसचिव श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची, विशिष्ट अतिथि प्रो अर्चना कुमारी दुबे मानविकी संकाय अध्यक्ष रांची विश्वविद्यालय, मुख्य वक्ता डॉ राजा पाठक सहायक प्राध्यापक बीएचयू बनारस, विशिष्ट वक्ता डॉ शैलेश कुमार राजकीय संस्कृत महाविद्यालय रांची सहित कई अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम की तैयारी पुरी कर ली गयी है। यह जानकारी महाविद्यालय के संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ पारंगत खलखो ने दी।

## सिसई के देव कांप्लेक्स में खुला डेंटल क्लिनिक



**सिसई (आजाद सिपाही)।** देव कांप्लेक्स स्टेट बैंक परिसर में मंगलवार को सिसई डेंटल क्लिनिक का शुभारंभ किया गया। डेन्टल क्लिनिक का उद्घाटन जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा व पूर्व प्राधानाध्यापक पिताम्बर झा ने संयुक्त रुप से फीता काट कर की। इसके पूर्व दंत रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज साहु ने पूजा अर्चना की। मौके पर किरण बाड़ा ने कहा कि आज के समय में सिसई में देव मेडिकल सिसई की ओर से आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था दिया जा रहा है। जिसका उदाहरण यह डेन्टल क्लिनिक है। डॉ पंकज साहु और डॉ शुभम मिश्रा जैसे दंत रोग विशेषज्ञ यहां रोगियों का इलाज करेंगे। उसी तरह यहां हड्डी रोग विशेषज्ञ, महिला रोग विशेषज्ञ,जेनरल फिजिशियन के चिकित्सक रोगियों का इलाज कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। डॉ पंकज साहु ने कहा कि यहां के लोगों को डेंटल एक्स-रे सुविधा, पायरिया, दांतों की साफ-सफाई, दांत के नसों का इलाज, कृत्रिम दांत लगाने आड़े तिरछे दांतों का इलाज किया जायेगा। जो आधुनिक चिकित्सा से युक्त होगा। मौके पर डॉ कृष्णा प्रसाद साहु, डॉ आदित्य विक्रम देव, प्रो साहु प्रकाश लाल, सुरेश साहु, धनीराम यादव, जलेश्वर उरांव, सचिदानंद उरांव, किरण देवी, महेश साहु, लिलू साहु, हरख साहु,विपीन बिहारी झा, अंशुमान देव, अमन कुमार,उमेश गोप, बलिराम साहु, बेचन साहु, सचिन साहु, उतम साहु, विजय साहु, हरिश्चंद्र साहु, अशोक साहु सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बीडीओ ने इ केवाइसी को दो दिनों के अंदर पूर करने का दिया निर्देश



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा बीडीओ सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी दिनेश कुमार ने राशन डीलरों के साथ बैठक किया। बैठक में बीडीओ ने दो दिनों में पेंडिंग पड़े इ केवाइसी को 100 प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही राशन कार्ड धारी जिनकी मृत्यु हो चुकी है, या 6 महीने से राशन का उठाव नहीं कर रहे हैं वैसे राशन कार्डों को निरस्त करने हेतु सूचित करने की बात कही। जो कार्डधारी इनकम टैक्स भरते है या वह सक्षम है वैसे कार्डधारी का भी कार्ड निरस्त करने हेतु अग्रसारित करने की बात कही। ताकि योग लाभुकों का चयन किया जा सके और उन्हें सरकार की उक्त राशन योजना का लाभ दिलाया जा सके एनएफसी अंतर्गत अगस्त 2025 का खदान उठाव कर वितरण करने, जुलाई 2025 का ग्रीन कार्ड का राशन का वितरण करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही बीडीओ ने समय पर राशन उठाने और वितरण का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि राशन वितरण में किसी भी तरह की कोताही अनियमितता बर्दाशत नहीं की जायेगी। वही इसके साथ आकस्मिक कोष अंतर्गत प्रस्ताव, वित्तीय वर्ष 2024-25 के द्वितीय छमाही सोना सबरन धोती साड़ी योजना अंतर्गत प्रखंड में उपलब्ध कराए गए वस्त्रों की मात्रा एवं भंडारण की समीक्षा की गयी। मौके पर कई राशन डीलर उपस्थित थे।

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय तक सड़क नहीं होने से विद्यार्थी और शिक्षक परेशान



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड अंतर्गत राज किये उत्क्रमित उच्च विद्यालय सीकरी में बरसात के दिनों में शिक्षक और छात्र-छात्राओं को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बताते चलें कि सरकार के द्वारा स्कूल तो बना दिया गया। लेकिन आज तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं हो चुका है। कीचड़ में सने सड़क पर चलकर रोज विद्यार्थी स्कूल पहुंचते हैं। कई बार तो ऐसा होता है विद्यालय जाने क्रम में स्कूली छात्र-छात्राएं कीचड़ में गिर जाते हैं। जिससे उनका सारा ड्रेस खराब हो जाता है। जिस कारण वापस अपने घर बैरंग लौटना पड़ता है। वही स्कूल के शिक्षक प्रभु दास तिग्गा ने बताया कि बरसात के दिनों में स्कूल आने के लिए बहुत ही परेशानियों के साथ स्कूल आना जाना पड़ता है। यदि सड़क से स्कूल तक पक्की सड़क का निर्माण हो जाती तो हम सबों के लिए राहत रहती है। जिसके साथ अच्छी तरह से स्कूल तक पहुंच पाते हैं। कई बार विभाग के अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया गया। लेकिन अभी तक किसी ने किसी प्रकार कोई पहल नहीं की। वहीं सरकार से निवेदन है की पक्की सड़क का निर्माण जल्द से कर दें।

## गुमटी से आठ हजार के सामानों की चोरी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर के सरना टोली नदी टोली से अज्ञात चोरों ने सोमवार की रात एक गुमटी से करीब 8 हजार रुपए के सामानों की चोरी कर ली है। मंगलवार की अपराह्न 3 बजे सुगन्ती देवी ने बताया सोमवार की शाम 7 बजे दुकान बंद कर घर चले गये। अगले दिन सुबह 10 बजे दुकान खोलने पहुंची तो देखा कि लोहे से बना गुमटी के ऊपर के चदरा को उखाड़ कर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

# घाघरा में घर से एक लाख के जेवर और नगद की चोरी

**पीड़िता ने बताया कि सुबह में चोरी को अंजाम दिया गया है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड के नवडीहा पुल के समीप अज्ञात चोरों ने दिन दहाड़े घर का ताला तोड़कर नगद 20 हजार सहित 80 हजार रुपए से ज्यादा के सोने और चांदी के कई आभूषणों की चोरी कर लिया।

घटना के संबंध में पीड़ित सीमा देवी ने बताया कि वह मंगलवार सुबह 10 बजे घर के दरवाजा में ताला लगाकर अपने खेत में काम करने के लिए गयी थी। वापस जब दिन के 1 बजे घर लौटी। तो देखा कि दरवाजा में लगे ताला टूटा पड़ा है और ताला दूसरे स्थान पर रखा हुआ है। इसके बाद अंदर जाकर देखा तो गोदरेज और बक्सा के ताला लॉक टुटा हुआ और समान बिखरे पड़े है। वही गोदरेज में रखें 20 हजार रुपए नगद, 2 जोड़ा चांदी पायल, दो जोड़ा चांदी बिछिया, एक सोने का मंगलसूत्र, एक चांदी, कान के टॉप सोने का एक जोड़ा, नाक का नथिया सोने का दो पीस गायब है। जिसे अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गयी है।

उक्त चोरी में लगभग 1 लाख रुपए के आभूषण और नगद की चोरी हुई है। इसके बाद इसकी सूचना घाघरा थाना को दी गयी। जहां थाना के एसआइ उपेंद्र पाठक घटनास्थल पहुंच मामले की छानबीन में जुट गये। सबसे खास बात यह है कि दिनदहाड़े चोरी की घटना को अंजाम अज्ञात चोरों द्वारा दी जा रही है। जिससे लोग लोगों में डर व्याप्त है। आखिरकार रात के अंधेरे में तो चोरों द्वारा चोरी की जाती थी अब दिन के उजाले में भी चोरी कर ली जा रही है जो पुलिस के लिए एक चैलेंज साबित हो रही है।



### होटल से बर्तन और राशन की चोरी



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड मुख्यालय स्थित संतोष होटल में अज्ञात चोरों के द्वारा सोमवार रात्रि दुकान के लॉकर में रखें बर्तन और राशन की चोरी हो गयी है। बताते चले की संतोष हर दिन की तरह सोमवार को भी शाम होने पर होटल बंद करने के बाद होटल में उपयोग करने वाले बर्तन व राशन को लॉकर में बंद कर अपने घर चला गया।संतोष मंगलवार सुबह होटल खोलने के लिए ब्लॉक परिसर पहुंचा तो देखा लॉकर का ताला टूटा हुआ है।लॉकर खोलने पर देखा गया कि लॉकर ने किसी प्रकार की कोई बर्तन व राशन नहीं है।

## बिशुनपुर से बॉक्साइट कंपनियों की लूट पर रोक के लिए मुहिम शुरू होगी : विजय सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** एआइपीएफ के नेता सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने अपने समर्थकों के संग राष्ट्रव्यापी रोजगार और सामाजिक अधिकार अभियान के तहत बिशुनपुर प्रखंड का दौरा कर बॉक्साइट माइंस प्रभावित लोगों से मुलाकात की और उनका हाल-चाल जाना। विदित हो कि बॉक्साइट माइंस रैयत मजदूर समिति द्वारा हिंडाल्को व अन्य बॉक्साइट माइन्स कंपनियों के लूटनीति के विरुद्ध तथा बॉक्साइट का अवैध उत्खनन पर कठोर कार्रवाई के लिए पहल शुरू की गयी है, जिसके तहत जंगल पहाड़ में रहने वाले आदिवासी व आदिम जनजाति परिवार की मूलभूत समस्याओं का निराकरण के लिए लगातार सरकार व जिला प्रशासन को पत्राचार की जाते रही है। इस मौके पर एआइपीएफ के प्रभारी सह जेएनडी के संयोजक विजय सिंह ने कहा कि वीर जतरा टाना भगत की धरती बिशुनपुर से बॉक्साइट कंपनियों के लूट पर कार्रवाई के लिए मुहिम 5 अगस्त 2025 से बिशुनपुर में नुक्कड़ सभा आयोजित कर शुरू की जायेगी। श्री सिंह ने यह भी कहा कि जंगल में रहने वाले आज भी शुद्ध पानी, पौष्टिक आहार के लिए तरस रहे हैं। वहीं बेशकीमती बॉक्साइट निकलने वाली क्षेत्र से रोजगार के अभाव में पलायन व मानव तस्करी को स्थानीय लोग मजबूर हैं और यह सब राज्य सरकार तथा स्थानीय सांसद-विधायक की कमजोरी के कारण है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। खनन विभाग से मिली भगत कर अवैध बॉक्साइट का उत्खनन जोरों पर है और इक्का दुक्का कार्रवाई को छोड़ दिया जाए तो खनन टास्क फोर्स मूकदर्शक बनी हुई है। श्री सिंह ने माइंस प्रभावित लोगों से बदहाल स्थिति में बदलाव के लिए गांव-गांव में एकता बनाने की अपील की है। इस मौके पर बॉक्साइट माइन्स रैयत मजदूर समिति के सचिव आदित्य सिंह, रामप्यार तूरी, शिवप्रसाद नायक, शिवप्रसाद साहू, पंचराम भगत, भूटान मुंडा, सुखन असुर, पूरण भगत, रीमिस कुजूर, रामलाल असुर, एतवा भगत, रामचंद्र भगत, मंगरा उरांव, चंदन भगत, मुनेश्वर भगत समेत दर्जनों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## दो दुष्कर्मियों को 20-20 साल की जेल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** एडीजे चार संजीव भाटिया की अदालत में नाबालिग बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले के दो अभियुक्तों कोटारी पुसो निवासी सुनील लोहरा व सुखदेव उरांव को धारा 376 डी के तहत 20-20 साल की सजा सुनायी गयी। वहीं 10-10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर एक साल अतिरिक्त सजा भुगतना पड़ सकता है। इस मामले में सरकारी पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक सुधीर कुमार टोप्पो ने पैरवी किया। घटना 28 जुलाई 2021 का है। घटना के दिन पीड़ता अपनी सहेली के साथ शौच के लिए घर से कुछ दूर गयी हुई थी। इसी बीच उपरोक्त अभियुक्तों ने पीड़ता को पकड़ लिया इस बीच पीड़ता की सहेली किसी प्रकार वहां से भाग गयी। इधर अभियुक्तों ने पीड़ता के साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया जिसके बाद घटना के बारे में किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के दो दिन बाद पीड़िता ने अपने परिजनों को घटना के बारे में बताया जिसके बाद पीड़िता के पिता ने आरोपियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया था।

## जारी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जारी।** जारी प्रखंड के कैंपस में आज मंगलवार को राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों को आयुर्वेद, होम्योपैथिक तथा योग पद्धति से इलाज की सुविधा दी गयी। शिविर में मुफ्त जांच एवं सभी प्रकार की बीमारियों की दवा निःशुल्क वितरण किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में डॉ आली हैदर, डॉ रोशनी तिग्गा, योग शिक्षक सुंदरपाल गिरी, स्वेता, तथा सहिया दीदी निराली, मीना देवी और सुमैया खातून मौजूद थीं। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने इस स्वास्थ्य शिविर में भाग लिया और उपचार सेवाओं का लाभ उठाया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष चिकित्सा पद्धति के प्रति विश्वास बढ़ाना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना है।

## बसिया में फैल रहा नशा का कारोबार स्कूली बच्चे भी बन रहे हैं शिकार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** बसिया प्रखंड में तेजी से फैल रहा है नशे का कारोबार, नशे के सौदागर बसिया प्रखंड में धड़ल्ले से और बेखौफ होकर नशे का कारोबार कर रहे हैं।

मालूम हो कि बसिया में युवा और स्कूल जाने वाले देश के होनहार बच्चे नशे के आगोश में समाते जा रहे हैं। पहले से ही बसिया थाना क्षेत्र में अवैध विदेशी शराब, गांजा, देसी दारू और हड़िया की तो बिक्री हो ही रही थी पर अब यहां के युवाओं तक कोकीन ड्रग्स जैसे नशीला उत्तेजक प्रदार्थ आदि की भी पहुंच हो चुकी है। आलम यह है कि युवा नशे के लत में डूबते जा रहे हैं, आये दिन बसिया प्रखंड में रोड एक्सीडेंट में युवा अपनी जान गवां रहे हैं इसमें अधिकतर मामला ड्रिंक एंड ड्राइव का ही सामने आ रहा है।

**पुलिस प्रशासन की कार्यशैली में उठ रहे हैं सवाल :** बसिया प्रखंड में कानून का डर न होने से नशे का कारोबार धड़ल्ले से और बेखौफ होकर नशे के सौदागरों के द्वारा किया जा रहा है वही दूसरी और किसी प्रकार का कानूनी कार्रवाई नहीं होने के कारण बसिया प्रशासन की कार्यशैली मे बसिया प्रखंड के लोग उठा रहे हैं सवाल। कई बार शांति समिति के बैठक में भी बसिया प्रशासन को बढ़ते नशे के बारे में शांति समिति के सदस्यों के द्वारा जोर शोर से अवगत कराया गया है, कई बार समाचार पत्रों में भी फैलते नशे के कारोबार का खबर प्रकाशित किये जाने के बाद भी बसिया पुलिस प्रशासन की चुप्पी बसिया प्रखंड के लोगों को खटक रही है। लोग चौक चौराहे पर चर्चा कर रहे हैं कि आखिर क्या बात है जो नशे के सौदागर कानून की गिरफ्त से दूर है।

### फैलते नशे का जिम्मेदार आखिर कौन

बसिया थानाक्षेत्र में फैलते नशे के कारोबार का आखिर जिम्मेदार कौन है, अब यह एक बड़ा सवाल बन गया है। जिन्हें जिम्मेदारी मिली है वह भी खामोश है, सवाल यह भी है कि एक सभ्य समाज की जिम्मेदारी सिर्फ प्रशासन की ही नहीं है, वहां के रहने वाले समाज के लोगो, बच्चो के अभिभावकों से लेकर राजनेताओं की भी है, परंतु वे इस प्रकार खामोशी से बसिया और झारखंड के होनहार को बर्बाद होते देख रहे हैं।

## बालक मध्य विद्यालय में बच्चों से करवायी जा रही छत की सफाई



मदन साहू

**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र स्थित बालक मध्य विद्यालय में स्कूली बच्चों से स्कूल की छत की साफ सफाई करवाई जा रही है। जब इस बात की जानकारी स्थानीय लोगों से मिली तो मीडिया बंधु ने विद्यालय पहुंचकर विद्यालय के एएचएम विनय गुप्ता से पूछा गया कि आप बच्चों से काम क्यों करवा रहे हैं तो उन्होंने कहा कि साफ-सफाई के लिए हमारे पास कोई सफाईकर्मी नहीं है इसलिए बच्चों से साफ सफाई करवा रहा हूं। जब उनसे पूछा गया कि आपको सरकार की तरफ से फंड द्वारा मेंटेनेंस खर्च 75 हजार रुपये दिया जाता है तो उस पैसे से आप साफ-सफाई न करवा कर बच्चों से क्यों करवा रहे हैं। उनका कहना था कि मेंटेनेंस का पैसा बाथरूम का साफ-सफाई करने हेतु सर्फ-साबुन और ऑफिस के काम के साथ पठन-पाठन सामग्री खरीदने में खत्म हो जाता है।

## हापामुनि में हाथी ने घर तोड़ा

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के हापामुनि गांव में जंगली हाथी ने महादेव उरांव और बुधनी उरांव का घर तोड़ दिया। घर में रखें धान और चावल भी खा गये। इस संबंध में पीड़ित महादेव उरांव ने बताया कि घर के दीवाल को तोड़कर घर में रखे धान को हाथी द्वारा खा लिया गया। जिसमें लगभग 10हजार रुपए के नुकसान हुई है। वही बुधनी उराइन ने बताया कि हाथी द्वारा उसके घर को पूरा तोड़ दिया। जिससे अल्बेस्टर भी गिर कर टूट गए और घर में रखे चावल को भी खाया। इस घटना में लगभग 25 हजार रुपए के नुकसान हुई है। घटना में किसी भी तरह की जान माल की क्षति नहीं हुई। सभी लोग घर पर ही सोए हुए थे। अचानक देर रात हाथी ने घर को क्षतिग्रस्त किया। वही पीड़ितों ने मुआवजा की मांग वन विभाग से की है। ग्रामीणों ने बताया कि जंगली हाथी बीते शाम को ही हहरी पतरा में आकर था। बिजली नहीं होने के कारण हाथी गांव में पहुंच गया। अगर बिजली होती तो शायद हाथी घर को ध्वस्त ना करता। बिजली विभाग को भी सूचित किया गया था कि बिजली न काटा जाये।


**कार्यालय समेकित जनजाति विकास अभिकरण,(I.T.D.A) लातेहार**
**(अ0ज0जा0,अ0जा0,अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)**

**सूचना**

PR-357645 (Welfare) 25-26.D ज्ञापांक 1533 दिनांक 18.07.2025 के द्वारा डूवेल डेस्क, एल0ई0डी0 टी0भी0, कम्प्युटर डेस्कटॉप, प्रिंटर, फोटोकॉपी मशीन, वेट मशीन, आर0ओ0, एवं सी0सी0टी0वी0 कैमरा इत्यादि का क्रय हेतु निविदा दिनांक 01.08.2025 को 12:30 बजे तक आमंत्रित किया गया था।

उक्त आमंत्रित निविदा अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

जिला कल्याण पदाधिकारी, लातेहार

PR 358516 Welfare(25-26).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग**
**भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची**
**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–50/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 05.08.2025 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 06.08.2025 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 06.08.2025 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि | अग्रधन की राषि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation work of Principal Secretary Residence at Raj Bhawan Ranchi | 4127600 | 82600 | 5000 | Two Months |
| 2 | Renovation of Police Barrack, Staff Room, Back Side Gate, Pathway, Parking Shed, Cupboard and Other Miscellaneous work at F type Staff Quarter No -06/19 (Allotment in Favour of Hon'ble Mr. Justice Arun Kumar Rai, Jharkhand High Court) Near AG More Doranda, Ranchi (High Court Pool) | 3589300 | 71800 | 5000 | Two Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची।

PR 358504 Building(25-26)D



**झारखण्ड सरकार**
**राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग**
**(जिला भू-अर्जन कार्यालय, राँची)**

**अधिघोषणा**

**(अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)**

**"वार्ड सं0–01 अन्तर्गत टिम्बर गली में पी0सी0सी0 पथ निर्माण परियोजना"**

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा–**वार्ड सं0–01 अन्तर्गत टिम्बर गली में पी0सी0सी0 पथ निर्माण परियोजना** हेतु ग्राम–भीठा, थाना–गोन्दा, थाना सं॰–187, अंचल–हेहल, जिला–राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश रकबा–**0.0578** एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खंड है, जो मानक माप से कमोवेश रकबा–**0.0578** एकड़ है, जो ग्राम/मौजा–भीठा, थाना–गोन्दा, थाना सं॰–187, अंचल–हेहल, जिला–राँची में है, जिसकी विवरण निम्नलिखित है :–

**मौजा–भीठा**

| खाता सं॰ | सर्वे प्लॉट सं॰ | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं॰) उ॰ | द॰ | पू॰ | प॰ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 73 | 99/P | रैयती | | 0.0578 | मो॰ बीवी मनीरन, पति–खोदा बक्स खाँ | - | - | - | - |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या–30/ 2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है :–

ग्राम–XXX, थाना संख्या–XXX, अंचल–XXX, जिला–XXX, क्षेत्रफल–XXX एकड़, जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

अमीन जि॰भू॰का॰, राँची। | कानूनगो जि॰भू॰का॰, राँची। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची। | अपर समाहर्त्ता, राँची। | उपायुक्त, राँची।

PR 358468 Land Reforms(25-26).D

## फरार आरोपी सुनील तुरी गिरफ्तार



**झरिया/ जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** जोड़ापोखर थाना प्रभारी उदय गुप्ता ने नाटकीय ढंग से फरार आरोपी सुनील तुरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी। उसको पकड़ने के लिए जाल बिछाकर सुनील तुरी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि सुनील पूर्व में भी जामाडोबा चार घरो में चोरी करने का आरोप में जेल जा चुका है। न्यायालय से वारंट जारी था। पुलिस ने बताया कि जामाडोबा चार नंबर के रहने वाले एहशान आलम के दुकान में सुनील तुरी एक अन्य चोर ने चोरी किया था। घटना 21 जनवरी 2021 का था । एहशान अपनी दुकान बंद करने के बाद घर चला गया था रात्रि में सुनील तुरी ने ताला तोड़कर दुकान से नगदी 3 हजार रुपये और 10 हजार रुपये का सामान चोरी किया था।

## लंगूर की पिटाई के मामले में तीन पर प्राथमिकी



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** हरला थाना क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर 11 में एक उत्पाती लंगूर को पकड़ने के दौरान बेरहमी से पीटने के मामले में बोकारो वन विभाग ने तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज की है। मामला तब प्रकाश में आया जब लंगूर की बेरहमी से पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया । इस बाबत हरला थाना प्रभारी अनिल कश्यप ने बताया कि वनरक्षक शशिकांत महतो की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। जिसमें पहचान के आधार पर तीन लोगों को आरोपी बनाया गया है। आरोपितों में श्रीकांत मास्टर, अरविंद कुमार एवं होमगार्ड जवान मंटू सिंह के नाम शामिल है । गौरतलब है कि विगत दो हफ्तों से इस क्षेत्र में इस लंगूर ने उत्पात मचा रखा था और दर्जनों लोगों पर हमला किया था। जिससे स्थानीय लोग खौफजदा थें। परेशान होकर सुरक्षा की गुहार लगाई गई। जिसपर रांची व बोकारो वन विभाग की संयुक्त टीम ने लंगूर को पकड़ने का अभियान चलाया। इसी दौरान कुछ लोगों ने रेस्क्यू अभियान का वीडियो भी बनाया था जिसमें कुछ लोगों द्वारा लंगूर की बेरहमी से पिटाई का दावा किया गया।

## बच्चों ने डाकघर का किया शैक्षणिक भ्रमण



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** दी पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल में मंगलवार को चतुर्थ वर्ग के विद्यार्थियों को सामाजिक विज्ञान विषय के अंतर्गत ज्ञानवर्धक स्थान, डाकघर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया । इस दौरान बच्चों ने पुस्तकों की दुनिया से बाहर निकलकर वास्तविक जीवन के अनुभवों से सीख प्राप्त की। प्रधान डाकघर में बच्चों का स्वागत वहां के अधिकारियों ने किया। जिसमें सतीश कुमार (पोस्ट मास्टर), सूरज प्रसाद (प्रभारी) व अमर मिश्रा ने विद्यार्थियों को डाकघर की आधुनिक सेवाओं जैसे स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री, मनी ऑर्डर, डाक जीवन बीमा और बचत योजनाओं की विस्तृत जानकारी सरल और सहज भाषा में दी। बच्चों ने चिट्ठियों की छंटाई, उनके सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचने की प्रक्रिया और डाकघर की विश्वसनीयता को बहुत निकट से देखा और समझा। भ्रमण के दौरान बच्चों ने यह भी सीखा कि भले ही आज के युग में मोबाइल और इंटरनेट का बोलबाला है, परंतु डाकघर आज भी देश के सुदूर क्षेत्रों में लोगों को जोड़ने का एक मजबूत माध्यम है। ग्रामीण हो या शहरी, हर वर्ग का व्यक्ति डाकघर से जुड़ा है इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ करुणा प्रसाद उपस्थित थी। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं ।

## बोकारो स्टील सामूहिक दुर्घटना बीमा का नवीनीकरण

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील सामूहिक दुर्घटना बीमा के नवीनीकरण के साथ बोकारो इस्पात संयंत्र सहित बीएसएल के अधीन माइंस एवं कोयलरीज में कार्यरत ऑन रोल अधिशासी एवं अनाधिशासी इस योजना का लाभ ले सकते हैं। नवीनीकरण के पश्चात वार्षिक बीमा प्रीमियम प्रति व्यक्ति प्रति लाख रुपये के लिए सभी कर सहित मात्र 95 रुपये निर्धारित की गयी है। बोकारो स्टील सामूहिक दुर्घटना बीमा के अंतर्गत बीमाकृत राशि रुपये 25,00,000 (पचीस लाख रुपये) तथा एम्बुलेंस एवं अंतिम संस्कार खर्च के लिए 25 हजार रुपये प्रदान किया जायेगा। बीमा कवरेज के लिए कर्मचारी के साथ पति/ पत्नी एवं 05 वर्ष से 25 वर्ष तक के आश्रित बच्चे भी शामिल हैं. बीमा अवधि के बीच कंपनी में नियुक्त नए कर्मचारी तथा अन्य इस्पात संयंत्र से स्थानांतरित कर्मचारी यथानुपात प्रीमियम राशि की कटौती के बाद सामूहिक दुर्घटना बीमा की सदस्यता के पात्र होंगे जिन कर्मचारियों के द्वारा गत वर्षों में इस योजना से ऑप्ट आउट का आवेदन दिया गया था, वह आवेदन इस वर्ष की योजना के लिए मान्य नहीं होगा।

## अधिशासी निदेशक क्वालिटी सर्कल ट्रॉफी का आयोजन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** अधिशासी निदेशक (संकार्य) क्वालिटी सर्कल ट्रॉफी 2025 का आयोजन मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अमरेश सिन्हा महाप्रबंधक (बिजनेस एक्सीलेंस) द्वारा किया गया। अनुपमा तिवारी महाप्रबंधक (बिजनेस एक्सीलेंस) ने प्रतिभागियों को अधिक से अधिक परियोजनाओं के साथ क्वालिटी सर्किल टूल्स के व्यापक उपयोग करने के लिए सभी टीमों को प्रोत्साहित किया। निर्णायक मंडल में शामिल डॉ तृप्ति चंद्रा, (एसीएमओ) बोकारो जनरल अस्पताल ने क्वालिटी सर्कल के बारे में अपने अनुभव को साझा किया तथा बाहरी और आंतरिक प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से कार्यस्थल पर नवीन विचारों को विकसित करनेके बिजनेस एक्सीलेंस विभाग के प्रयासों की सराहना की। इस मेगा आयोजन में बोकारो इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में बीएसएल की कुल 40 क्वालिटी सर्कल टीमों ने अपनी प्रस्तुति दी।

## राष्ट्रपति के आगमन को लेकर आइजी ने की बैठक

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के धनबाद आगमन को लेकर पुलिस की सुरक्षा तैयारियां अपने अंतिम चरण में है। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र (बोकारो जोन) के पुलिस महानिरीक्षक (आइजी) क्रांति कुमार गढ़ीदेशी महोदय समाहरणालय स्थित जिला पुलिस मुख्यालय पहुंचे जहां एसएसपी प्रभात कुमार ने पुष्पगुछ देकर उनका स्वागत किया ।राष्ट्रपति के धनबाद प्रवास के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आईजी महोदय ने जिले के सभी वरीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक द्वारा एयरपोर्ट, कारकेड, कार्यक्रम स्थल आइआइटी आइएसएम, आवासन स्थल में सुरक्षा व्यवस्था सहित रूट की सुरक्षा के संबंध में सूक्ष्मता से विस्तार पूर्वक जानकारी लेते हुए आवश्यक व महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये गये। राष्ट्रपति के धनबाद आगमन को लेकर जिले मे सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम के मद्देनजर एयरपोर्ट और कार्यक्रम स्थल आइएसएम में विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जायेगी।

# लोदना भागा के युवक का अपहरण, फिरौती की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिले के लोदना भागा निवासी एक स्कूटी सवार युवक आकाश सिंह के रहस्यमय ढंग से लापता होने और फिरौती की मांग के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

आकाश सिंह, सोमवार को रांची जाने की बात कहकर घर से निकला था। लेकिन देर शाम तक जब उससे संपर्क नहीं हो सका, तो परिजनों ने चिंता जतायी। परिजनों के अनुसार जब उन्होंने आकाश के मोबाइल पर कॉल किया, तो फोन किसी अज्ञात व्यक्ति ने उठाया। पहले सामान्य बातचीत हुई, लेकिन कुछ देर बाद उसी नंबर से दोबारा कॉल आया और एक लाख रुपये की फिरौती की मांग की गयी। इस घटना से आकाश के परिजन सकते में आ गये। मामले की गंभीरता को देखते हुए आकाश के पिता ने धनसार थाना में अपहरण की शिकायत दर्ज करायी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए जांच शुरू कर दी और जल्द ही आकाश की स्कूटी को बरामद कर लिया। साथ ही प्रमोद सिंह नामक एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि हर पहलू से जांच की जा रही है और आकाश की सुरक्षित बरामदगी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। वहीं आकाश के पिता बेटे की सलामती को लेकर बेहद चिंतित हैं और लगातार थाने में डटे हुए हैं।



सांकेतिक तस्वीर।

पिता ने प्रशासन से मांग की है कि आकाश को जल्द से जल्द सुरक्षित बरामद किया जाए, ताकि किसी अनहोनी की आशंका को टाला जा सके।

पुलिस का कहना है कि यह मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है और जल्द ही पूरी सच्चाई सामने लायी जायेगी।

# एआइआरएफ की पहल पर ट्रैक मेंटेनर्स को मिला दूसरे विभाग में जाने का अधिकार : मो ज्याऊद्दीन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** ऑल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन और उसकी सभी अनुषंगी जोनल यूनियन रेलकर्मियों को उनके बेहतर सेवा के अधिकार की रक्षा के लिए हर स्तर पर सदा ही तत्पर रहता है। इसी भावना के तहत ईसीआरकेयू ने महाप्रबंधक तथा मंडल रेल प्रबंधक के साथ होने वाली स्थायी वार्ता तंत्र की बैठकों में निरंतर यह मांग उठाती रही है कि रेलवे के रीढ़ कहे जाने वाले ट्रैक मेंटेनर्स जो अपने कठिन परिश्रम से संरक्षित रेल परिचालन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं उन्हें अन्य विभाग के कर्मचारियों की तरह ही दूसरे विभाग में जाने का अवसर मिलना चाहिए। अपनी बात रखते हुए इसीआरकेयू के अपर महामंत्री और एआइआरएफ के वर्किंग कमिटी के मेंबर मो ज्याऊद्दीन ने बताया कि फेडरेशन ने इस मांग के तहत रेलवे बोर्ड से नीतियां बनवा कर लेटरल इंडक्शन प्रक्रिया के अधीन दूसरे विभाग की रिक्तियों के 10% प्रतिशत को ट्रैक मेंटेनर्स द्वारा भरा जाना सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि इसीआरकेयू ने महाप्रबंधक हाजीपुर पत्र संख्या इसीआर/ एचआरडी/ इंजीनियरिंग/ ट्रेक मेंटेनर/ पीवे/ 10%, दिनांक-22.08.2019 के अंतर्गत धनबाद मंडल से वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी के 48 ट्रैक मेंटेनर्स को विभिन्न विभागों में समायोजित किए जाने की प्रक्रिया सम्पन्न करवायी थी। उसी प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए मंडल प्रशासन ने परिचालन विभाग के 89 प्वाइंट्समैन पदों के लिए ट्रैक मेंटेनर्स के नाम सूचीबद्ध करते हुए अगस्त माह में साक्षात्कार के लिए तिथियां निर्धारित किया है। मो ज्याऊद्दीन ने सभी ट्रैक मेंटेनर्स को उनके प्रतिनियुक्ति की शुभकामनाएं दीं हैं। ट्रैक मेंटेनर्स के इस प्रतिनियुक्ति प्रक्रिया के लिए एआइआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओपी शर्मा, ईसीआरकेयू के मिडिया प्रभारी एन के खवास, ईसीआरकेयू के केन्द्रीय संगठन मंत्री नेताजी सुभाष ,जितेंद्र कुमार साव, बसंत दूबे, आरके सिंह, बीके साव, आइएम सिंह सहित अन्य रेलकर्मियों ने आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# शास्त्रीय संगीत भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर : डॉ एएस गंगवार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** छात्र-छात्राओं की कलात्मक एवं सांस्कृतिक प्रतिभा निखारने के उद्देश्य से डीपीएस बोकारो की सीनियर इकाई में मंगलवार को चार-दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव - तरंग का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने मंगलदीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम के पहले दिन प्रतिभागियों ने अंतर सदन समूह तबला-वादन में एक ताल के विभिन्न स्वरूपों का जहां मनोरम प्रस्तुतीकरण किया, वहीं भारतीय शास्त्रीय रागों पर आधारित एकल गायन प्रतियोगिता में विभिन्न रागों की पेशकश की। आकर्षक पारंपरिक परिधानों में सजे-धजे बच्चों ने अपने प्रदर्शन से शमां बांधा। बेहतर प्रदर्शन के आधार पर चेनाब हाउस की टीम को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। जमुना की टीम द्वितीय, तो सतलज हाउस टीम तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार, एकल गायन में गंगा सदन से अर्नव राज ने राग जौनपुरी में, जमुना हाउस की गीत पाठक ने राग देश में, झेलम सदन की छात्रा उत्पल वर्ना चारुकेशी ने राग मालकोश में, चेनाब हाउस से शांभवी गोस्वामी ने राग भैरवी में, रावी हाउस के आर्यन सिंह ने राग भैरव में तथा सतलज हाउस के पीयूष ने राग यमन में सुरीली बंदिशें सुनाकर शास्त्रीय गायन पर अपनी बेजोड़ पकड़ का परिचय दिया। विभिन्न मानकों पर बेहतर प्रदर्शन के आधार पर झेलम हाउस की उत्पल वर्ना चारुकेशी प्रथम स्थान पर रही। जबकि, गंगा हाउस के अर्नव राज तथा सतलज के पीयूष क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। बाल कलाकारों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए प्राचार्य डॉ. गंगवार ने जीवन में संगीत की महत्ता रेखांकित की। उन्होंने कहा कि शास्त्रीय संगीत हमारी भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। यह केवल मनोरंजन का ही नहीं, बल्कि आत्मिक सुख एवं तनाव-मुक्ति का भी सशक्त माध्यम है। उन्होंने बच्चों को सदैव सकारात्मक बने रहने की भी प्रेरणा दी।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह का संगठन सृजन के लिए दो दिवसीय दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत निरसा प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डीएन यादव की नेतृत्व में निरसा विधानसभा के दो दिवसीय दौरा के दौरान मंगलवार को रागांमाटी डांगासाल, रांगामाटी, धरमपुर, उपचुरिया, भुरकुंडा, आमडांगा सहित विभिन्न पंचायत एवं गांवों में पहुंच कर पंचायत एवं मंडल कमेटी का गठन किया एवं सभी घरों में संगठन का झंडा लगाया गया। कार्यक्रम के बाद रात्रि में निरसा के माडमा पंचायत के माडमा गांव के पंचायत भवन में विश्राम किया। तत्पश्चात आज भी विभिन्न पंचायत में भ्रमण कर पंचायत कमेटी एवं मंडल कमेटी का गठन किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह वतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि संगठन सृजन कार्यक्रम के माध्यम से संगठन सशक्तिकरण अभियान चलाकर जिला के सभी प्रखंडों में नगरों में संगठन को मजबूत धारदार व सशक्त बनाने के साथ-साथ पार्टी के विचारधारा को जन जन तक पहुंचाना लक्ष्य होगी। आगे उन्होंने कहा कि संगठन सृजन कार्यक्रम के माध्यम से प्रखंड के पंचायत एवं गांवो में भ्रमण के दौरान पार्टी के विचारधारा में विश्वास रखते हुए लोग संगठन में जूट रहे हैं।

# जिले के चार पीवीजीटी गांव को जिला प्रशासन लेगा गोद, आदर्श गांव के रूप में होगा विकसित

**आदिवासियों का विकास प्रशासन के एजेंडे में सबसे उपर : उपायुक्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** प्रशासन की सफलता तभी मानी जाएगी जब समाज के सबसे अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुँचे। आदिवासियों का विकास प्रशासन के एजेंडे में सबसे ऊपर है, यह प्रशासन का संकल्प है। ये बातें उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहीं। वे मंगलवार को गोमिया प्रखंड अंतर्गत तुलबुल पंचायत के बिरहोरटांडा में आयोजित विशेष शिविर को संबोधित कर रहे थे। अपने संबोधन में उपायुक्त ने कहा कि जिले में 04 पीवीजीटी गांव हैं । जिन्हें जिला प्रशासन स्वयं गोद लेगा और उन्हें आदर्श ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा। इस पहल से ना केवल बुनियादी ढांचा मजबूत होगा, बल्कि इससे समाज के लोगों का सामाजिक और आर्थिक मुख्यधारा में भागीदारी भी सुनिश्चित होगी। इन गांवों में प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, खेलकूद मैदान, स्वास्थ्य उपकेंद्र, रोजगार केंद्र तथा सांस्कृतिक मंच जैसी बुनियादी सुविधाएं सुदृढ़ रूप से स्थापित की जाएंगी। इससे ग्रामीण युवाओं को शिक्षा और प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर मिलेगा, साथ ही सांस्कृतिक पहचान को भी बल मिलेगा। इस पर अगले 02 माह में विकास कार्य शुरू होगा। शिविर के दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगले 15 दिनों के भीतर पीवीजीटी परिवार के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक सर्वेक्षण पूर्ण करें। ताकि, जमीन की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप योजनाएं तैयार हो, जिससे सबों का विकास हो सके।

## प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 23 हजार से ज्यादा राशनकार्ड रद्द

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद में खाद्य सुरक्षा योजना का दुरुपयोग अब बीते दिनों की बात होने जा रही है। बाघमारा से लेकर टुंडी तक, राशन कार्डधारकों की सच्चाई अब सरकार के डिजिटल चश्मे से साफ दिखने लगी है। 23271 राशन कार्ड रद्द किये गये। ई-केवाईसी और आधार सीडिंग ने पोल खोल दी जिनके पास चार पहिया गाड़ी है, जिनके पास दो एकड़ से ज्यादा जमीन, फ्रिज, एसी, लाइसेंसी हथियार या परिवार में कोई सरकारी नौकरी कर रहा है। ऐसे लोगों का हकदार बनकर राशन उठाना अब भारी पड़ेगा। राज्य सरकार ने साफ संकेत दे दिया है अब सिर्फ कार्ड रद्द नहीं, अगस्त के बाद जुमार्ना भी लगेगा। जिन्होंने महीनों से राशन नहीं उठाया, या जिनकी वार्षिक आय शहरी क्षेत्रों में 3 लाख और ग्रामीण में 2 लाख से ज्यादा है, उन्हें योजना से बाहर कर दिया गया है। नई सॉफ्टवेयर प्रणाली से खातों, जमीन और खर्च की जानकारी जोड़ दी गयी है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची**

**आवश्यक सूचना**

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि गोन्दा डैम का जलस्तर वर्त्तमान में बढ़ गया है। यह स्तर 2128.00 फीट तक पहुँचने पर गोन्दा डैम का गेट कभी भी किसी समय खोला जा सकता है। डैम का गेट खोलने के **पूर्व तीन बार सायरन बजाया जाएगा।** डैम के किनारे अवस्थित आम नागरिक सचेत रहेंगे जिससे कोई खतरा न हो।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
गोन्दा, राँची।

PR.NO.358454 Drinking Water and Sanitation(25-26):D



**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची**
**कार्यालय- भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी, हजारीबाग**
**E-Mail ID–scsohazaribag@gmail.com**

**आम सूचना**

राज्य योजनान्तर्गत् वित्तीय वर्ष 2025–26 में विभागीय राज्यादेश सं० 35 दिनांक 23.07.2025 द्वारा **हजारीबाग एवं रामगढ़** जिले के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्प्स/पैक्स को योजना लागत कुल रूपये 6.25 लाख का 80% (अधिकतम रू० 5.00 लाख) अनुदान पर छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु **मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, सहायक कृषि यंत्र, राईस ट्रांसप्लांटर एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्रों** को उपलब्ध कराने हेतु महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्प्स/पैक्स द्वारा आवेदन आमंत्रित किया जाता है तथा व्यक्तिगत कृषकों के लिए योजना लागत रू० 2.00 लाख का 80% (अधिकतम रू० 1.60 लाख) अनुदान पर कृषि उपकरण उपलब्ध कराने हेतु कृषकों द्वारा आवेदन आमंत्रित किया जाता है। कृषि उपकरणों का विवरण, लागत, लक्ष्य तथा देय अनुदान निम्नवत् है –

| S.N. | Detail of Agri. Machine | Total Package cost for group (Rs. in lakhs) | Maximum Subsidy for groups (80%) (Rs. in lakhs) | Target |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Mini Tractor (12.0-22.50 PS max PTO) Approved model tested by FMTTI as in GoI Letter with standard Tool Kit, Seat, Hitch, Hood, Drawbar Attachment, Insurance, Registration, GPS Attachment etc. | | | |
| 2 | Power Tiller (8.5-15.5 Max horse power-ps) Approved model tested by FMTTI as in GoI Letter with standard Tool Kit, Rotary, Seat Attachment, Battery in case of Self Start, Universal mounting Frame. | | | कृषक समूह पैकेज का भौतिक लक्ष्य<br>हजारीबाग ओ०एस०पी० – 05<br>हजारीबाग एस०सी०एस०पी०–03<br>रामगढ़ ओ०एस०पी० – 03 |
| 3 | Power Weeder/Rotary Tiller | | | |
| 4 | Self Propelled Rice Transplanter | | | |
| 5 | Self Propelled Reaper | | | |
| 6 | Rice Huller with Polisher | | | |
| 7 | Mini Rice Mill | | | |
| 8 | Mini Tractor Compatible – Rotavator (2.5-4.0 ft) | | | |
| 9 | Mini Tractor Compatible Cultivator (5-7 tynes) | 6.25 | 5.00 | |
| 10 | Mini Tractor Compatible Disc Harrow (8-10) | | | |
| 11 | Mini Tractor Compatible Seed cum Fertilizer Drill | | | |
| 12 | Mini Tractor Compatible Cage Wheel | | | |
| 13 | Mini Tractor Compatible Universal Mounting Frame | | | कृषक पैकेज का भौतिक लक्ष्य<br>हजारीबाग ओ०एस०पी० – 10<br>हजारीबाग एस०सी०एस०पी०–06<br>रामगढ़ ओ०एस०पी० – 04 |
| 14 | Paddy Thresher | | | |
| 15 | Wheat Thresher | | | |
| 16 | Paddy Harvester | | | |
| 17 | Post Harvest Equipments – Flour Mill, Mini Dal Mill, Oil Expeller | | | |
| 18 | Alternator 10-15 Kw | | | |
| 19 | Centrifugal Pumps with Suction Pipe 5-8 Kw Compatible Power Source | | | |
| 20 | 63mm/75mm HDPE Pipe Maximum upto 500 Feet (BIS Certification) | | | |

**लाभुक का चयन की पात्रताः–**

1. झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी, जिला–हजारीबाग/रामगढ़ द्वारा गठित महिला स्वंय सहायता समूह/महिला सखी मंडल/कृषक समूह जिनमें कम–से–कम 10 से 12 सदस्य होना अनिवार्य है।
2. छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना में वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिनके सदस्यों में से कम–से–कम एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाइसेंस होगा एवं समूह के सदस्यों के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक भूमि होगी तथा वैसे व्यक्तिगत प्रगतिशील कृषकों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिस कृषक परिवार के पास खेती योग्य 2 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
3. महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स के द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना एवं व्यक्तिगत कृषकों द्वारा कृषि उपकरणों के क्रय हेतु कुल वास्तविक लागत का 20 प्रतिशत अंशदान की राशि समूह/कृषक द्वारा बैंक खाते में जमा होने का साक्ष्य आवेदन के साथ देंगे। चयन उपरांत समूह को कृषि यंत्र के क्रय हेतु यंत्रों का पैकेज उपलब्ध कराना होगा।
4. इस योजनान्तर्गत कुल वित्तीय लक्ष्य का न्यूनतम 50 प्रतिशत महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल क्षेत्र के माननीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता देते हुए जिला स्तरीय समिति द्वारा स्वीकृत किया जायेगा।
5. जिन महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स को पूर्व में कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी योजना (केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्य योजना) के माध्यम से उपर्युक्त वर्णित कृषि यंत्रों में से जो कृषि यंत्र पूर्व में प्राप्त किया गया होगा, उन यंत्रों को छोड़कर ही अन्य कृषि यंत्रों के लिए पात्रता होगी।
6. समूहों का पूर्ण रूपेण भरे हुए आवेदन पत्र एवं सभी अनुलग्नक सहित जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, हजारीबाग/रामगढ़ के माध्यम से कार्यालय को उपलब्ध कराया जा सकता है एवं व्यक्तिगत कृषकों का पूर्ण रूपेण भरे हुए आवेदन पत्र कार्यालय को दिनांक 14.08.2025 तक उपलब्ध कराना अनिवार्य है। इसके पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। जिला चयन समिति द्वारा सुयोग्य समूह/कृषकों का भौतिक लक्ष्य के विरूद्ध चयन किया जायेगा।
7. देय अनुदान की राशि का हस्तांतरण RTGS/NEFT के माध्यम से नियमानुसार समूह/कृषक के बैंक खाते में किया जायेगा या बैंक ऋण के माध्यम से कृषि यंत्र क्रय करने पर संबंधित बैंक को अनुदान की राशि का हस्तांतरण किया जायेगा या लाभुक समूह के लिखित अनुरोध पर निर्माता/निर्माता के अधिकृत विक्रेता के बैंक खाते में अनुदान राशि का हस्तांतरण किया जायेगा। कुल औसत लागत का 80 प्रतिशत् अधिकतम 5.00 लाख रूपये अनुदान एवं व्यक्तिगत कृषक को कुल औसत लागत का 80 प्रतिशत् अधिकतम 1.60 लाख रूपये अनुदान देय है। अनुदान उपरांत अवशेष राशि समूह/कृषक अंशदान के रूप में देय होगा।
8. आवेदन पत्र भूमि संरक्षण सर्वे कार्यालय (कनहरी हील रोड़), दीपूगढ़ा, हजारीबाग एवं जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी (JSLPS) कार्यालय हजारीबाग/रामगढ़ के माध्यम से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

ह०/–
भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी,हजारीबाग

PR 358430 Animal Husbandry(25-26).D

# न्यायमूर्ति राजेश बिंदल ने 'एआइ' से उत्पन्न फर्जी निर्णयों पर जतायी चिंता

## वरिष्ठ वकीलों से युवा वकीलों को मार्गदर्शन देने का आह्वान

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल ने कानूनी शोध में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) उपकरणों के बढ़ते दुरुपयोग पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने चेतावनी दी कि युवा वकील अदालतों में अक द्वारा उत्पन्न फर्जी निर्णयों का हवाला दे रहे हैं, जिससे न्यायिक प्रक्रिया की पवित्रता खतरे में पड़ सकती है। ऑल इंडिया सीनियर लॉयर्स एसोसिएशन द्वारा नयी दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में बोलते हुए जिसमें हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय में नियुक्त किये गये चार न्यायाधीशों-न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची, न्यायमूर्ति निलय वी अंजारिया, न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई और न्यायमूर्ति अतुल एस. चंदुरकर का सम्मान किया गया, न्यायमूर्ति बिंदल ने कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ताओं की यह जिम्मेदारी है कि वे युवा वकीलों को मार्गदर्शन दें और उन्हें प्रशिक्षित करें। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका दोनों में, युवा वकीलों द्वारा एआइ सर्च मॉडल के उपयोग से फर्जी निर्णय अदालतों में प्रस्तुत किये गये हैं। कभी-कभी वकील सिर्फ एक या दो कीवर्ड डालते हैं और जो निर्णय सामने आता है, वह या तो गलत होता है, या अल्पमत राय होती है या पूरी तरह से एआइ द्वारा गढ़ा गया होता है, उसे बिना जांच के अदालत में पेश कर दिया जाता है। इस प्रवृत्ति को खतरे की घंटी बताते हुए उन्होंने कहा कि एआइ पर बिना सोचे-समझे निर्भरता न्यायिक व्यवस्था की विश्वसनीयता को खतरे में डाल सकती है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि वरिष्ठ वकीलों को आगे आकर युवा अधिवक्ताओं को इन खतरों के प्रति जागरूक करना चाहिए।

न्यायमूर्ति बिंदल ने यह भी कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में जूनियर और सीनियर वकीलों दोनों का योगदान अमूल्य है।



दीप जला कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल, न्यायमूर्ति पीबी वराले, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची, न्यायमूर्ति निलय वी अंजारिया, न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई, न्यायमूर्ति अतुल एस चंदुरकर, इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ जुरिस्ट्स के अध्यक्ष डॉ आदीश सी अग्रवाला, राज्यसभा सांसद पी विल्सन और ओड़िशा के महाधिवक्ता पितांबर आचार्य।

इस अवसर पर उपस्थित न्यायमूर्ति पीबी वराले ने नवनियुक्त न्यायाधीशों के उच्च न्यायालयों में दिये गये योगदान की सराहना की और उनके साथ अपने पुराने संबंधों को याद किया। न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची ने वरिष्ठ अधिवक्ताओं की तुलना बरगद के वृक्ष से की, जिसकी छाया में न्यायालय और विधि का शासन फलता-फूलता है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का क्षेत्राधिकार और शक्ति कॉमनवेल्थ के किसी भी न्यायालय से अधिक व्यापक है। न्यायमूर्ति निलय वी अंजारिया ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश होना एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। यह उत्तरदायित्व केवल स्वयं के प्रति नहीं, बल्कि संस्था और समाज के प्रति भी है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह मुझे इस जिम्मेदारी को निभाने की शक्ति दे।

न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई ने न्यायपालिका की गरिमा बनाये रखने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि बार और बेंच न्यायपालिका के दो स्तंभ हैं। कुछ भी स्थायी नहीं होता, न ही कोई व्यक्ति अपरिहार्य होता है, केवल संस्था ही शाश्वत होती है। न्यायमूर्ति अतुल एस चंदुरकर ने वरिष्ठ वकीलों को मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक बताया और कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि न्याय केवल संवैधानिक वादा न रह जाए, बल्कि व्यवहारिक रूप से साकार हो।

इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ जुरिस्ट्स (लंदन) के अध्यक्ष और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ आदीश सी अग्रवाला ने भारतीय न्यायपालिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत का सर्वोच्च न्यायालय विश्व के श्रेष्ठतम न्यायालयों में से एक है। उन्होंने कहा कि इसका न्याय प्रदान करने का कार्यक्षमता, निष्पक्षता और संवेदनशीलता से परिपूर्ण है और यह वैश्विक स्तर पर आशा की किरण बना हुआ है। उन्होंने इसके दुनिया के सर्वाधिक मामलों का निपटारा करने वाले न्यायालयों में से एक होने की भी सराहना की।

राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ अधिवक्ता पी विल्सन ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि उन्होंने न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने हेतु संसद में एक निजी विधेयक पेश किया है, जो न्यायिक सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ओड़िशा के महाधिवक्ता पितांबर आचार्य ने नव नियुक्त न्यायाधीशों को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके अनुभव और ज्ञान से सर्वोच्च न्यायालय की गरिमा और परंपराएं और अधिक सुदृढ़ होंगी, जिसने पिछले पचहत्तर वर्षों से विधि की महत्ता को बनाये रखा है। न्यायमूर्ति बिंदल की यह टिप्पणी उस समय आयी है, जब एआइ के न्यायिक प्रक्रियाओं में उपयोग को लेकर चिंताएं तेज हो रही हैं।

# लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने बिहार सवर्ण आयोग के अध्यक्ष महाचंद्र प्रसाद सिंह से मुलाकात की

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने देवघर में बिहार सवर्ण आयोग के अध्यक्ष सह पूर्व केंद्रीय मंत्री महाचंद्र प्रसाद सिंह से मुलाकात की। उनसे आयोग के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि महाचंदर प्रसाद से उनका पिछले 30 सालों से गहरा आत्मीय और भावनात्मक संबंध रहा है।



**बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की :** इससे पूर्व लक्ष्मण प्रसाद सिंह सिंह ने सावन की तीसरी सोमवारी के मौके पर देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर राजधनवार के साथ-साथ देश की जनता की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने बताया कि सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित होता है। इस दौरान पूजा करने से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

**कांवड़ियों की मौत पर दुख जताया :** उधर लक्ष्मण प्रसाद सिंह सिंह सिंह ने देवघर में बस और ट्रक के बीच टक्कर में कांवड़ियों की मौत पर दुख जताया है। कहा कि श्रद्धालुओं की मृत्यु के समाचार से मर्माहत हूं। मैं बाबा बैद्यनाथ से सभी घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

# चीन में 21% आबादी बुजुर्ग, बच्चा पैदा करने पर 1.30 लाख देगी सरकार

- वन चाइल्ड पॉलिसी की वजह से 7 साल में जन्मदर आधी हुई

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन में बच्चा पैदा करने पर सरकार ने माता-पिता को 1.30 लाख रुपये देने का फैसला किया है। सरकार ने यह कदम जन्मदर में लगातार हो रही कमी को लेकर उठाया है। चाइना डेली की रिपोर्ट के मुताबिक बच्चे के जन्म के बाद सरकार लगातार 3 साल तक माता-पिता को सालाना 3600 युआन (करीब 44,000 रुपये) देगी। चीन की 21% आबादी की उम्र 60 साल से ज्यादा है। चीन ने करीब एक दशक पहले अपनी विवादास्पद वन चाइल्ड पॉलिसी खत्म कर दी थी, लेकिन इसके बावजूद जन्म दर कम होती जा रही है।

दुनिया के बड़े देशों में चीन की जन्म दर सबसे कम है और यह लगातार घटती जा रही है। 2016 में चीन में 1.8 करोड़ बच्चे पैदा हुए थे। 2023 में यह संख्या 90 लाख पर आ गई। सिर्फ 7 साल में चीन में बच्चे पैदा होने की रफ्तार में 50% फीसदी कमी आयी।

# अमेरिका में ड्रीमलाइनर प्लेन से मिला मेडे कॉल

**वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)।** अमेरिका में यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान 'बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर' के लेफ्ट इंजन में उड़ान के दौरान खराबी आ गयी। हादसे के वक्त प्लेन 5000 फीट की ऊंचाई पर था, जिसके बाद पायलटों ने मेडे कॉल (इमरजेंसी का मैसेज) भेजा। यह हादसा 25 जुलाई को हुआ था, जिसकी खबर अब सामने आयी है। पायलटों ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (अळउ) के साथ मिलकर हालात को संभाला। फ्लाइटअवेयर के मुताबिक प्लेन 2 घंटे 38 मिनट तक हवा में रहा। इसने राजधानी वॉशिंगटन के उत्तर-पश्चिम में चक्कर लगाते हुए ईंधन खाली किया, ताकि लैंडिंग के लिए वजन कम हो सके। बोइंग दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी कॉमर्शियल एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरर कंपनी है।







































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**